www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

12 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 293

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


सरकार बदलने के संवाहक बनें विस्तारक कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी





FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## जन-मुहिम में बदली मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

# 22 लाख से अधिक बहनों ने भरा फॉर्म : हेमंत सोरेन

- इसी महीने पहली किस्त बैंक खाते में भेजने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को मिले राज्य की बहनों के प्यार पर खुशी जतायी है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल कर कहा है कि मेरी शक्ति मेरे राज्यवासियों, यह अत्यंत उत्साहजनक समाचार है कि जेएमएमएसवाइ योजना में रविवार सुबह 11 बजे तक 22 लाख से अधिक बहनों ने सफलतापूर्वक फॉर्म भरा है। यह संख्या 26 लाख पार करने की संभावना है। पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर के हर कर्मी की मेहनत सराहनीय है, उनके कारण ही यह योजना एक जन-मुहिम में बदल गयी है। साथ ही मैं इंडिया समेत सभी दलों के सभी कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के प्रति तहे दिल से धन्यवाद व्यक्त करता हूं कि वे पूरे दिल से बहनों तक इस योजना



को पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आप सबको पुनः जोहार। मंईयां सम्मान योजना को लेकर रविवार को भी प्रज्ञा केंद्रों और शिविरों में महिलाओं की भीड़ देखी गयी।

### क्या है झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान

झारखंड सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 50 लाख महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये सम्मान राशि देने का फैसला लिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि अगले कुछ दिनों के दौरान इस योजना के तहत 50 लाख महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कर लिया जायेगा। मंईयां सम्मान योजना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद काफी गंभीर नजर आ रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से यह कोशिश की जा रही है कि इसी महीने से रजिस्ट्रेशन कराने वाली महिलाओं के बैंक खाते में एक हजार रुपये की राशि का ट्रांसफर शुरू हो जाये। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को सहायता राशि का लाभ मिलेगा, लेकिन इसके लिए झारखंड का निवासी होना आवश्यक है।

# पीएम मोदी ने फसलों की 109 किस्में जारी कीं



- जलवायु का असर होगा कम, किसानों को मिलेगा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में फसलों की 109 उच्च उपज वाली, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ किस्में जारी कीं। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है। इन किस्मों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) ने विकसित किया है और ये कुल 61 फसलों से संबंधित हैं। इनमें 34 खेतों में लगायी जाने वाली और 27 बागवानी की फसलें हैं। मोदी ने दिल्ली के पूसा परिसर में तीन प्रायोगिक कृषि भूखंडों पर बीजों को पेश किया। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किये गये। वहीं, बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2014 से ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिकाऊ खेती के तरीकों और जलवायु अनुकूल तरीकों की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने लगातार जैव-सुदृढ़ किस्मों को बढ़ावा देने पर जोर दिया है और कुपोषण से निपटने के लिए उन्हें मध्याह्न भोजन योजना और आंगनवाड़ी सेवाओं जैसी सरकारी पहलों से जोड़ा है।

### बजट में पीएम-प्रणाम योजना की घोषणा

बता दें कि भारत सरकार पहले से ही पर्यावरण की चिंता के साथ हरित और टिकाऊ कृषि और अच्छी कृषि प्रथाओं के माध्यम से हरित कृषि को बढ़ावा दे रही है। यह राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए) को लागू कर रहा है, जो जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) के तहत राष्ट्रीय मिशनों में से एक है। एनएमएसए का उद्देश्य भारतीय कृषि को बदलती जलवायु के प्रति अधिक लचीला बनाने के लिए रणनीतियों को विकसित और लागू करना है। इसके अलावा सरकार ने बजट 2023-24 में धरती माता के पुनरुद्धार, जागरूकता, पोषण और सुधार के लिए प्रधानमंत्री कार्यक्रम (पीएम-प्रणाम) योजना की भी घोषणा की है, जिसका उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग और रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## न्यूज रील्स

### आज डॉक्टरों की देशव्यापी हड़ताल

नयी दिल्ली। कोलकाता में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में सोमवार 12 अगस्त को पूरे देश में डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। सभी अस्पतालों में वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थगित रहेंगी। इससे सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ सकता है। हड़ताल से आपातकालीन सेवाओं को बाहर रखा गया है। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन इंडिया (फोर्डा) ने रविवार को देश के स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक पत्र जारी कर कहा कि रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ इतिहास में पहली बार इतनी जघन्य वारदात हुई है। इसे किसी भी तरह स्वीकार नहीं किया जा सकता। संगठन के अनुसार यह मामला केवल कोलकाता के डॉक्टरों तक सीमित नहीं है। पूरे देश के डॉक्टर उनके साथ खड़े हैं। संगठन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने के साथ दोषी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

### यूपी उपचुनाव में सपा और कांग्रेस की सीटों को लेकर फंसा पेंच

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश में होने वाले 10 सीटों के उपचुनाव को लेकर एक बार फिर से गठबंधन में पेंच फंसने लगा है। दरअसल यह पेंच फंसा है सीटों के उस बंटवारे को लेकर, जिस पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस भी अपना-अपना दावा ठोक रही हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हाल में ही इस उपचुनाव को लेकर हुई बैठक में उन पांच सीटों पर दावेदारी करने पर चर्चा की थी, जहां एनडीए के प्रत्याशी थे। जबकि चर्चा इस बात की है कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस को दो से लेकर चार सीटें ही देने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस ने प्रदेश के पदाधिकारियों समेत उन जिला अध्यक्षों को भी बुलाया था, जिसमें यह विधानसभा सीटें आती हैं। चर्चा इस बात पर हुई कि जब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है, तो इस विधानसभा के उपचुनाव में भी उसको मौका मिलना चाहिए, ताकि आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस की अपनी ताकत का भी अंदाजा हो सके।

# हिंडनबर्ग की नयी रिपोर्ट पर सियासत गरमायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ताजा रिपोर्ट आने के बाद सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गयी है। पक्ष-विपक्ष आमने सामने आ गया है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और केंद्र सरकार पर जम कर निशाना साधा। इस पर भाजपा ने भी पलटवार किया है।

### क्या है नयी रिपोर्ट में

नयी रिपोर्ट में चौंकाने वाले दावे किये गये हैं। रिपोर्ट में भारतीय शेयर बाजार नियामक सेबी की प्रमुख माधवी बुच और उनके पति धवल बुच के नाम कथित अडाणी घोटाले से जुड़ रहे है। शनिवार देर रात आयी रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कथित घोटाले में इस्तेमाल किये गये अस्पष्ट ऑफशोर फंड में दंपति की हिस्सेदारी थी। हिंडनबर्ग ने दावा किया है कि सेबी प्रमुख और उनके पति धवल बुच की मॉरीशस की ऑफशोर कंपनी ग्लोबल डायनामिक ऑपर्चुनिटी फंड में हिस्सेदारी है।

### सेबी प्रमुख और अडाणी समूह ने कहा : नये आरोप दुर्भावनापूर्ण हैं

आरोपों को सेबी प्रमुख और उनके पति पहले ही बेबुनियाद बता चुके हैं। अडाणी समूह का कहना है कि हिंडनबर्ग द्वारा लगाये गये नये आरोप दुर्भावनापूर्ण, शरारती और बहकाने के मकसद से लगाये गये हैं। अडाणी समूह ने कहा कि ताजा आरोप दुर्भावनापूर्ण हैं। इसके लिए फर्म गलत इरादों से सार्वजनिक तौर पर मौजूद जानकारी के बहकाने वाले तरीके से चुनकर, तथ्यों और कानूनों की उपेक्षा कर निजी लाभ हासिल करने के लिए पूर्व निर्धारित निष्कर्षों पर पहुंची है।

### जेपीसी करे घोटाले की जांच: खड़गे



रिपोर्ट सामने आने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सेबी पर लगे आरोपों की जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अडाणी समूह और सेबी की मिलीभगत से हुए घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से करायी जाये। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है, नहीं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करके अपने सहयोगियों को बचाते रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को अडाणी समूह के घोटालों की जांच करा कर सेबी पर लगे आरोपों पर स्थिति स्पष्ट करनी होगी। साथ ही तुरंत कार्रवाई करनी होगी। एक्स पर किये गये एक पोस्ट में खड़गे ने कहा कि जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद सेबी ने सुप्रीम कोर्ट में अडाणी समूह पर लगे आरोपों को खारिज कर दिया था। अब सेबी प्रमुख पर आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के निवेशक अपनी मेहनत की कमाई शेयर बाजार में निवेश करते हैं। ऐसे घोटालों और आरोपों के बाद निवेशक चिंतित हैं।

### भाजपा का सवाल, विदेशी संस्थानों से विपक्ष का यह कौन सा याराना



भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार किया है। उसका कहना है कि कांग्रेस ने पिछले 10 वर्षों में झूठ की राजनीति की रणनीति अपनायी है। उसने साथ ही कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और विदेशी संस्थाओं के बीच के याराना के बारे में भी सवाल खड़ा किया। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पिछले कुछ सालों से जब भी संसद सत्र शुरू होता है, तब विदेश में कोई न कोई रिपोर्ट जारी हो जाती है। पीएम मोदी पर डॉक्यूमेंट्री संसद सत्र से ठीक पहले जारी की गयी थी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट संसद सत्र से ठीक पहले जनवरी में आयी थी। ये सभी घटनाक्रम संसद सत्र के दौरान होते हैं। विपक्ष के विदेशों के साथ ऐसे तार जुड़े हैं, जो भारत के हर संसद सत्र के दौरान अस्थिरता और अराजकता पैदा करते हैं। वे भ्रम के माध्यम से भारत में आर्थिक अराजकता पैदा करना चाहते हैं। अब वे सेबी पर हमला कर रहे हैं। कांग्रेस पिछले 30-40 सालों से विदेशी कंपनियों के साथ क्यों खड़ी है? वह यूनियन कार्बाइड के साथ क्यों खड़ी हुई? मैं पूछना चाहता हूं कि विदेशी संस्थानों से यह कौन सा याराना है कि भारत की आर्थिक संस्था के हर विषय के ऊपर आपका निशाना है।

# बांग्लादेश में तख्तापलट के पीछे अमेरिका का हाथ!

- आखिरी संदेश में हसीना इसका खुलासा करना चाहती थीं
- उन्हें ऐसा करने से सेना ने रोका, फिर उन्होंने देश छोड़ दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में तख्तापलट के पीछे अमेरिका का हाथ है। यह बात वहां की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना राष्ट्र के नाम अपने आखिरी संबोधन में बताना चाहती थीं, लेकिन सेना ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। शेख हसीना देश छोड़ने से पहले जनता को संबोधित करना चाहतीं थीं। खासतौर पर वे उन प्रदर्शनकारियों के नाम संदेश देना चाहतीं थीं, जिनके वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने शेख हसीना के आवास में तोड़फोड़ कर दी और इस वजह से उच्च सुरक्षा अधिकारियों ने पूर्व पीएम को तत्काल देश छोड़ने की सलाह दी।

**शेख हसीना और अमेरिका के रिश्तों में तनातनी :** शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहने के दौरान अमेरिका और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनातनी देखने को मिली थी। अमेरिका ने यहां तक कह दिया था कि बांग्लादेश में जनवरी में हुए चुनाव निष्पक्ष नहीं थे। उस चुनाव में आवामी लीग सत्ता में लौटी थी। बांग्लादेश छोड़ने से कुछ महीने पहले ही शेख हसीना ने बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार गिराने के लिए साजिशें रची जा रही हैं।

### शेख हसीना की खास बातें

अब भारत में 76 वर्षीय शेख हसीना में भारत में अपने करीबी सहयोगियों से ये खास बातें साझा की हैं। अपने पत्र में शेख हसीना ने अमेरिका पर बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की योजना बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो अपने संबोधन में ये बातें कहेंगी। शेख हसीना ने कहा कि उन्होंने इसलिए इस्तीफा देने का फैसला लिया, क्योंकि वह और लोगों को मरते हुए नहीं देखना चाहती थीं। वे छात्रों की लाश पर चढ़कर सत्ता हासिल करना चाहते थे, लेकिन उन्होंने इसकी इजाजत नहीं दी। इस वजह से उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

### अमेरिका पर लगाये गंभीर आरोप

शेख हसीना ने इसके बाद अमेरिका पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अगर मैं अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप को सौंपकर बंगाल की खाड़ी पर राज करने की अनुमति देती, तो मैं सत्ता में बनी रह सकती थी। मैं अपने देश के लोगों से प्रार्थना करती हूं कि ऐसे अतिवादियों के झांसे में ना आयें। बता दें कि सेंट मार्टिन द्वीप तीन वर्ग किलोमीर का क्षेत्र है और बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पूर्व और बांग्लादेश के सुदूर दक्षिण में स्थित है।

### अगर मैं देश में रहती तो और लोगों की मौत हो सकती थी

शेख हसीना ने आगे कहा, अगर मैं देश में रहती तो और भी लोगों की मौत हो सकती थी। इस वजह में मैंने देश छोड़ा। आप लोग मेरी ताकत हैं। आप लोग मुझे नहीं चाहते थे। इस वजह से मुझे देश छोड़ना पड़ा। शेख हसीना ने अपनी पार्टी के सहयोगियों से आगे कहा कि आवामी लीग ने हमेशा वापसी की है। उन्होंने कहा, उम्मीद मत छोड़िये। मैं जल्द वापस लौटूंगी। मैं हार गयी, लेकिन बांग्लादेश की जनता जीत गयी।






## स्वतंत्रता दिवस समारोह की विशेष अतिथि होंगी आंगनबाड़ी सेविकाएं

# कोडरमा की सावित्री देवी को भी मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इस बार 15 अगस्त को दिल्ली में लाल किले पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की विशेष अतिथि आंगनबाड़ी सेविकाएं होंगी। चयनित सेविकाओं को समारोह में शामिल होने के लिए संबंधित जिला प्रशासनों की तरफ से आमंत्रण दिया गया है। यह सम्मान पानेवालों में कोडरमा की सावित्री देवी भी शामिल हैं।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से सभी राज्यों के निदेशकों को पोषण अभियान में उल्लेखनीय काम करनेवाली पांच आंगनवाड़ी सेविकाओं का नाम भेजने को कहा गया था। दिल्ली में मुख्य समारोह के बाद उन सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हाथों सम्मानित किया जायेगा। कोडरमा की सावित्री देवी इनमें से एक हैं। उनका चयन अपने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के पोषण के लिए उल्लेखनीय काम करने के लिए किया गया है।

### आमंत्रण मिलने के बाद बेहद खुश हैं सावित्री देवी



दिल्ली में लाल किले पर होने वाले आयोजन में शामिल होने का आमंत्रण मिलने से कोडरमा की आंगनवाड़ी सेविका साबित्री देवी काफी खुश हैं। उनके लिए यह सपना सच होने जैसा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आमंत्रण मिलने से दिल में इतनी खुशी हो रही है कि बताया नहीं जा सकता है। मुझे अनलिमिटेड खुशी महसूस हो रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,900 रु./10 ग्राम
चांदी 84,000 रु./प्रति किलो



# अत्याचार के बाद बांग्लादेश में अब गूंजने लगी हिंदुओं की आवाज

## ■ जागो रे जागो, हिंदू जागो, आमार माटी, आमार मां, देश छोड़बो ना

## ■ तेल, लहसुन, प्याज करने से काम नहीं चलेगा, अब एकजुट होने का समय है

आजाद सिपाही विशेष

भारत में हिंदुओं के पास कई सारे मुद्दे हैं। जैसे तेल, लहसुन, प्याज, टमाटर, दूध। तेल एक रुपये बढ़ गया, अरे सरकार बदलो, टमाटर, प्याज, मिर्चा, आलू का भाव बढ़ गया, अरे सरकार बदलो। फिलहाल तो हिंदुओं के लिए भारत में ये प्रमुख मुद्दे हैं। हिंदुओं की संस्कृति और सभ्यता बची रहे, उनकी ऐतिहासिक धरोहर बची रहे, मंदिर बचे रहें, उनका वजूद बचा रहे यह मुद्दा नहीं रह गया है। दूसरी ओर अभी के दृष्टिकोण से देखा जाये तो बहुतायत में कुछ अपवाद को छोड़ कर आम मुसलामान का मुद्दा आटा, दाल, नून तेल की चिंता नहीं है। यह उनके लिए कभी मुद्दा रहा ही नहीं। यह सब तो हर सरकार में उन्हें मिलता ही रहा है। सरकारी आवास या अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में उनसे ज्यादा जागरूक और कोई नहीं है। यह अच्छी बात है, लेकिन जब धर्म की बात आती है, वोट देने की बारी आती है, तो वे पूरी तरह एकजुट हो जाते हैं। इसका उदाहरण भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिला, जब रामपुर के एक बूथ पर 100% मुस्लिम मतदाताओं ने 2322 मतदान किये, वे सभी के सभी मतदान एक पार्टी विशेष के लिए किये गये। जबकि इस गांव की सच्चाई यह है कि इस गांव में 532 लोगों को पीएम आवास मिले हैं, रोजगार शुरू करने के लिए किफायती लोन दिये गये, लेकिन उनमें से एक भी वोट दूसरे दल के उम्मीदवार को नहीं मिला। सच है कि यह उनका निजी मामला है, वोट देना उनका अपना अधिकार है। इसे गलत नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन सच यही है कि मुसलामानों के लिए धर्म सर्वोपरि है। वह धर्म के नाम पर कोई समझौता नहीं कर सकते। धर्म का विस्तार उनका लक्ष्य है। वे अपने हिसाब से हिमायती का भी चुनाव करते हैं। और उसके प्रति वे लॉयल भी रहते हैं। भले उनका विकास हो या न हो। वहीं हाल के दिनों में यह देखा गया है कि हिंदू, धर्म के प्रति लचीले हैं। उनका ज्यादातर फोकस रोटी, कपड़ा और मकान पर ही सिमट कर रह गया है। धर्म, संस्कृति सभ्यता धरोहर उनके लिए किताबी शब्द हैं। जाति के नाम पर खुद का विभाजन मुख्य एजेंडा बन गया है। बांग्लादेश में भी हिंदू, तेल-टमाटर, रोटी कपड़ा और मकान के लिए ही संघर्ष करते रह गये। वहां कभी उनके एजेंडे में धर्म की स्थापना, सभ्यता और धरोहर की रक्षा रहा ही नहीं। नतीजा रहा कि वे वहां धीरे-धीरे घटते चले गये। घटने का कारण एक दूसरे पर हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज नहीं उठाना। मूकदर्शक बन कर अन्याय को नजरअंदाज करना। यही करते-करते बांग्लादेश में हिंदू 22 प्रतिशत से आठ प्रतिशत पर खिसक गये। बांग्लादेश में, जो कभी पूर्वी पाकिस्तान था, वहां 1951 के बाद से कट्टरपंथियों द्वारा जो यातनाएं शुरू की गयीं, वह निरंतर चलती ही रहीं। लेकिन हिंदू कभी अपने अधिकारों के लिए एकजुट नहीं हुआ, ना ही आवाज बुलंद की। आज बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन के बाद जो परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं, जिस प्रकार से हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं, हिंदू महिलाओं और बच्चियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, उनके घरों, मंदिरों और कार्यालयों को जलाया जा रहा है, उसे देख किसी की भी रूह कांप जायेगी। सोशल मीडिया पर लगातार वीडियो आ रहे हैं कि कैसे हिंदुओं की सामूहिक हत्याएं की जा रही हैं। उन्हें जिंदा पेड़ों और बिजली के खंभों पर उल्टा लटकाया जा रहा है और पीट-पीट कर मार दिया जा रहा है। सामूहिक रूप से भीड़ अकेले व्यक्ति को लातों और डंडों से मार रही है, उस व्यक्ति का शरीर हिल भी नहीं रहा है, बस आंखें बंद खुल रही हैं, मुंह से खून निकला जा रहा है, लेकिन बांग्लादेशी कट्टरपंथी रुक नहीं रहे हैं। वहां के जो ताजा हालात हैं, घर के घर, गांव के गांव को जलाया जा रहा है। इंसानियत मानो बची ही नहीं। लेकिन कहते हैं न इंसान को उतना ही डराओ, जितना वह सह सके, एक बार अगर उसमें प्रतिकार करने की शक्ति आ गयी, तब क्रांति आती है। पिछले चार दिनों से वही अब बांग्लादेश में भी देखने को मिल रहा है। हिंदुओं ने अपने ऊपर हो रहे जुल्म के खिलाफ आवाज उठानी शुरू कर दी है। क्या महिलाएं, क्या पुरुष, क्या बच्चे, लाखों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर चुके हैं। उन्होंने एकजुटता की एक सुकून देनेवाली तस्वीर पेश की है। उन्हें समझ में आ गया है कि एकजुटता में ही ताकत है। वह अब चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं जागो रे जागो, हिंदू जागो, आमार माटी, आमार मां, बांग्लादेश छोड़बो ना। यानी हिंदुओं तुम जाग जाओ, बांग्लादेश मेरी माटी मेरी मां है, उसको नहीं छोड़ेंगे। आज बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं ने अपने घर परिवार की रक्षा करने के लिए हाथ में गंड़ासा उठा लिया है। यह तस्वीर पहले नहीं देखी गयी। यानी बांग्लादेशी हिंदू अब जाग चुका है। वह अब अपने ऊपर और अत्याचार बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। वैसे धर्म के मामले में हिंदुओं को नींद की गोली नहीं खानी पड़ती, वह निरंतर सोया ही रहता है। जब तक उसके अस्तित्व पर हमला न हो, उसके परिवार पर हमला न हो, वह अपनी जगह से हिलता नहीं और जब आंखें खोलता है, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। वही हाल हिंदुओं का बांग्लादेश में हो रहा है और हुआ है। लेकिन कहावत है जब जागे तभी सवेरा। बांग्लादेश में हिंदुओं की यह एकजुटता ही उन्हें कट्टरपंथियों की यातना से बचायेगी। जो काम शुरू में ही हो जाना चाहिए था, उसमें दशकों लग गये। बांग्लादेश के मामले में एक बात और गौर करनेवाली है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ मोहब्बत की दुकान खोलने वालों के मुंह बंद हैं, जबकि गाजा पट्टी में हुई हिंसा के खिलाफ भारत में मोहब्बत की दुकान खोलनेवाले सड़कों पर उतर आये थे। उन्हें फिलीस्तीन पर हमला तो दिखायी दिया, लेकिन उन बच्चों की चीखें उन्हें नहीं सुनाई दीं, जिन्हें कट्टरपंथियों ने गोलियों से भून दिया था। इन सबका क्या असर पड़ेगा भारत पर यह बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

### आंदोलन तो बहाना है, असली निशाना तो हिंदू हैं

बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन तो बहाना था। जिस तरह आरक्षण के खत्म होने के बाद भी लगातार बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं, उससे लगता है कि यह पूरा आंदोलन एक सोची समझी साजिश के तहत हिंदुओं के खिलाफ ही शुरू हुआ हो। हिंदुओं के घरों को जलाया जा रहा है, हिंदू महिलाओं को उनके घरों से उठा लिया जा रहा है, हिंदुओं के व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लूट हो रही है, मंदिरों को जलाया जा रहा है। जाहिर है कि भारत इन सब घटनाओं को लेकर चिंतित है। दक्षिण एशिया की राजनीति को समझने वाले जानते हैं कि किस तरह बांग्लादेश, म्यांमार और भारत के पूर्वी इसाई बहुल हिस्सों को मिला कर एक देश बनाने की तैयारी चल रही है। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना ने भी एक बार कहा था कि पश्चिमी देशों की योजना है कि इस्ट तिमोर जैसा एक इसाई देश बनाया जा सके, जो सीधे उनकी उंगली पर नाच सके। हसीना ने यह भी कहा था कि एक ह्वाइट मैन बांग्लादेश के एक द्वीप पर सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति मांग रहा था। शेख हसीना ने यह भी कहा कि अगर वह अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप को सौंप कर बंगाल की खाड़ी पर राज करने की अनुमति देतीं, तो वह सत्ता में बनी रह सकती थीं। समझा जा सकता है कि बांग्लादेश में हसीना सरकार के तख्ता पलट में अमेरिकी एजेंसियों की क्या भूमिका है। सिर्फ यही नहीं, अमेरिकी एजेंसियों के साथ मिल कर भारत विरोधी ओर हिंदू विरोधी संगठन भी काम कर रहे थे। बांग्लादेश में जो कुछ भी चल रहा है, उसके पीछे बहुत बड़ी साजिश काम कर रही है, जो भारत के लिए भी खतरनाक है।

### जागो रे जागो, हिंदू जागो, आमार माटी, आमार मां, बांग्लादेश छोड़बो ना

बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर 4 अगस्त से शुरू हुए हिंसक आंदोलन में हिंदुओं पर लगातार हमले हुए हैं। 4, 5 और 6 अगस्त को बांग्लादेश के 64 में से 52 जिलों में रहनेवाले हिंदुओं पर हमले हुए। इन हमलों में 205 स्थानों पर हिंदुओं की संपत्तियों और मंदिरों को निशाना बनाया गया। जैसे ही हसीना सरकार का पतन हुआ, हिंदुओं पर हमले बढ़ गये। हत्याओं का दौर शुरू हुआ। क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गयीं। लेकिन अब बांग्लादेशी हिंदू अपने ऊपर हो रहे हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना शुरू कर चुके हैं। हिंदुओं पर हमलों के विरोध में शुक्रवार और शनिवार को बांग्लादेश में जोर की आवाज उठी। सात लाख से ज्यादा हिंदुओं ने चटगांव के चेरगी पहाड़ इलाके में एकत्रित होकर अपने ऊपर हुए अत्याचारों पर विरोध जताया। उन्होंने अपनी सुरक्षा और देश में बराबरी का अधिकार दिये जाने की मांग की। बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं का कहना है कि हम यहीं पैदा हुए हैं, यही मरेंगे। हम अपना देश छोड़ कर नहीं जायेंगे और अपने पर हो रहे जुल्मों का प्रतिकार करेंगे। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने जम कर नारेबाजी भी की। लोगों ने कहा कि यह देश किसी के बाप का नहीं है, इसके लिए हमने खून दिया है, जरूरत पड़ी तो फिर से खून देंगे, लेकिन बांग्लादेश नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने हिंदुओं पर हो रही हिंसा के दौरान मूकदर्शक बने रहने को लेकर सिविल सोसाइटी के सदस्यों पर नाराजगी जतायी। शुक्रवार और शनिवार को हुए इस प्रदर्शन में लाखों हिंदुओं ने हिस्सा लिया।




प्रदर्शन के दौरान दिनाजपुर में चार हिंदू गांवों को जलाने की कड़ी आलोचना की गयी। हिंदुओं ने नयी अंतरिम सरकार के सामने चार मांगें रखीं, जैसे अल्पसंख्यक मंत्रालय की स्थापना, अल्पसंख्यक संरक्षण आयोग का गठन, अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों को रोकने के लिए सख्त कानून और अल्पसंख्यकों के लिए 10 प्रतिशत संसदीय सीटों का आवंटन। द डेली स्टार अखबार के अनुसार, 9 अगस्त को ठाकुरगांव में हिंदुओं ने रैली निकाल कर जुल्म का विरोध किया। इस रैली में चार हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर लिखा था कि हिंदुओं को जीने का अधिकार है। हजारों हिंदुओं ने एक स्वर में कहा कि जागो रे जागो, हिंदू जागो, आमार माटी, आमार मां, बांग्लादेश छोड़बो ना। आंदोलन के दौरान हरे राम, हरे राम, राम-राम हरे-हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा हरे-हरे का भी उच्चारण हजारों लोग एक साथ कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश हिंदू बौद्ध इसाई एक्य परिषद ने शुक्रवार को कहा था कि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश के 64 जिलों में से 52 जिलों में अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार हुए हैं। अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादती की 205 घटनाएं हुई हैं। संगठन ने अंतरिम सरकार के नेता मोहम्मद यूनुस को खुला पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि अल्पसंख्यकों में गहरी चिंता और अनिश्चितता है। सरकार को तत्काल इसका संज्ञान लेना चाहिए।

### मोदी ने बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा की अपील की

उधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के कार्यालय ने कहा है कि बांग्लादेश में हिंसा को रोका जाये। बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र हर तरह की नस्लभेदी हिंसा के खिलाफ है, उसकी रोकथाम के तत्काल उपाय किये जायें। हिंसा के शिकार और भयभीत हजारों बांग्लादेशी हिंदू पड़ोसी देश भारत में प्रवेश के लिए सीमा पर पहुंचे हुए हैं। उन्हें समझा-बुझा कर वापस किया जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की अपील की है। वहीं शपथ लेने के बाद बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने देश में लोकतंत्र, न्याय, मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कायम करने का वादा किया है। यूनुस ने हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों पर हमलों को घृणित बताया और उन्हें रोके जाने की अपील की। कहा कि अल्पसंख्यक भी इसी देश के नागरिक हैं। यूनुस ने छात्रों से हिंदुओं, इसाइयों और बौद्धों की सुरक्षा करने को कहा। गुरुवार को कार्यभार संभालने के बाद यूनुस पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध इसाई एकता परिषद और बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित 84 वर्षीय मोहम्मद यूनुस को खुला पत्र लिखा है, जिसमें अल्पसंख्यकों पर हमलों के आंकड़े पेश किये गये हैं और सुरक्षा की मांग की गयी है। पत्र में कहा गया है कि हम सुरक्षा चाहते हैं, क्योंकि हमारा जीवन बहुत खराब स्थिति में है। हम रात-भर जाग कर अपने घरों और मंदिरों की रखवाली कर रहे हैं। हमने अपने जीवन में ऐसा कभी नहीं देखा। हम मांग करते हैं कि सरकार देश में सांप्रदायिक सद्भाव बहाल करे। संस्था के पदधारियों ने कहा कि स्थिति और बिगड़ रही है। उन्होंने यूनुस से आग्रह किया कि वे इस संकट को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर हल करें और हिंसा समाप्त करें।

### जब हिंदुओं की हत्याएं हो रही थीं, तब भारत में कुछ लोगों को फिलिस्तीन की चिंता सता रही थी

बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहे हैं, उन्हें लेकर विश्व के लगभग हर कोने में प्रदर्शन हो रहे हैं। यूएन मुख्यालय से लेकर कनाडा, अमेरिका, लंदन आदि स्थानों पर लोग प्रदर्शन करके हिंदुओं के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, और ऐसा भी नहीं कि केवल अवामी लीग के समर्थक हिंदू मारे जा रहे हैं। बांग्लादेश की कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य भी इस कथित क्रांति में मारे गये हैं, जिसे देख कर भारत के कम्युनिस्ट लहालोट हो रहे हैं। परंतु यह और भी खेदजनक और दुर्ग्यभापूर्ण है कि भारत के कम्युनिस्टों की ओर से बांग्लादेश में मारे जा रह हिंदुओं के प्रति एक भी शब्द नहीं कहा गया और इससे भी अधिक दुर्ग्यभापूर्ण यह है कि जब बांग्लादेश में हिंदुओं को मारा जा रहा था, भयानक हिंसा हर ओर थी, उस समय भारत में जंतर-मंतर पर कम्युनिस्ट एनी राजा और अर्थशास्त्री एक्टिविस्ट ज्यां द्रेज सहित कुछ लोग फिलिस्तीन के लिए नारे लगा रहे थे। बांग्लादेश में हिंसा रोकने के लिए जिन हाथों में बोर्ड होने चाहिए थे, उन हाथों में गाजा में सीजफायर के बोर्ड थे। इस विरोध प्रदर्शन में एनी राजा के साथ कई युवा और कथित रूप से सामाजिक वैज्ञानिक भी शामिल थे। अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की कांग्रेस और राहुल गांधी से नजदीकियां पूरी तरह से स्पष्ट हैं। ज्यां द्रेज ने एक दिन पहले ही संसद में जाकर राहुल गांधी से भेंट की थी और उससे पहले भी 4 अगस्त को ज्यां द्रेज ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में अरुंधती रॉय, प्रशांत भूषण, बृंदा करात, सिद्धार्थ वरदराजन, विजयन एम जे, अशोक शर्मा के साथ मिल कर प्रेस कांफ्रेन्स की थी कि वे फिलिस्तीन के साथ हैं। मगर यही लोग जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले हुए, तो उनके जीने के अधिकार पर प्रश्न उठाने को लेकर मौन साध गये और झंडा उठा कर फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लगाने के लिए पहुंच गये।

### बांग्लादेशी हिंदुओं का अस्तित्व खतरे में

आजादी के बाद बांग्लादेश सबसे बड़े संकट से जूझ रहा है। तख्तापलट के बाद कट्टरपंथियों के वर्चस्व से अस्थिर अराजक माहौल वहां के हिंदू समुदाय के लिए बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। बांग्लादेश में निहित संपत्ति अधिनियम (जिसे पहले पाकिस्तानी शासन के दौरान शत्रु संपत्ति अधिनियम के रूप में जाना जाता था) के कारण 1965 और 2006 के बीच हिंदुओं की करीब 26 लाख एकड़ भूमि का अधिग्रहण हुआ था। इससे 12 लाख हिंदू परिवार प्रभावित हुए। बांग्लादेश के प्रमुख अधिकार संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 2016 में जनवरी और जून के बीच बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बना कर की गयी हिंसा में 66 घर जला दिये गये थे, 24 लोग घायल हो गये और कम से कम 49 मंदिरों को नष्ट कर दिया गया था। हिंदुओं के खिलाफ कट्टरपंथी आंदोलन 1980 से 1990 के बीच और अधिक बढ़ा। 1990 में अयोध्या में विवादित ढांचा ध्वंस के बाद चटगांव और ढाका में कई हिंदू मंदिरों में आग लगा दी गयी थी। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान हिंदुओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया, क्योंकि कई पाकिस्तानी उन्हें अलगाव के लिए दोषी मानते थे। इससे हिंदू आबादी बुरी तरह प्रभावित हुई। 1951 की आधिकारिक जनगणना के अनुसार बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) की कुल आबादी में हिंदू 22 प्रतिशत थे। यह संख्या 1991 तक घट कर 15 प्रतिशत रह गयी। 2011 की जनगणना में यह संख्या केवल 8.5 प्रतिशत रह गयी। 2022 में यह आठ प्रतिशत से भी कम हो गयी है। वहीं मुसलमानों की आबादी 1951 में 76 प्रतिशत से 2022 में 91 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार 1964 और 2013 के बीच 1.1 करोड़ से अधिक हिंदू धार्मिक उत्पीड़न के कारण बांग्लादेश से भाग गये। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश में हर साल 2.3 लाख हिंदू देश छोड़ कर चले जाते हैं। 2011 की जनगणना से पता चला कि 2000 से 2010 के बीच देश की आबादी से दस लाख हिंदू गायब हो गये।

## हिंसा के खिलाफ बंगाली समुदाय ने निकाला मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में रविवार को बंगाली समुदाय के हजारों लोगों ने अल्बर्ट एक्का चौक के सामने विरोध किया।

कहा कि बांग्लादेश में रहने वाले हिदुंओं को राजनीति कर वहां से भगाने का साजिश रची जा रही है। हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है, ताकि बांग्लादेश को छोड़कर भारत चले जायें। बंगाली समुदाय के डॉ शिवालिक मित्रा ने कहा कि बांग्लादेश के अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ गलत कार्य किया जा रहा है।



देश के पीएम बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं पर हो रहे हमला पर हस्तक्षेप करें, ताकि उन्हें सुरक्षा मुहैया करायी जा सके। चंदन रॉय ने कहा कि बांग्लादेश के हिंदुओं का जमीन को लूटा जा रहा है। बंगाली समुदाय रांची के सर्जना चौक के सामने एकजुट हुए। वहां से पैदल मार्च करते हुए शहीद चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे, जहां विरोध मार्च सभा में तब्दील हो गयी। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं को सुरक्षा मुहैया करायी जाये। मौके पर अमित कुमार दास, अरूक चतुर्वेदी, एके चद्रा, सौरभ चक्रवर्ती, संदीप बोस, पीके चौधरी, उतम कुमार, शंकर रक्षित समेत अन्य उपस्थित थे।

## बांग्लादेश के खिलाफ फूटा गुस्सा, पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बांग्लादेश में सनातनियों के प्रति अन्याय के खिलाफ बूटी मोड़ में बांग्लादेश के सेना प्रशासक का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम एकम सनातन भारत दल के द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें एकम सनातन भारत दल के प्रदेश अध्यक्ष शिवाजी सिंह, प्रदेश महासचिव देव रंजन सिंह, प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह, युवा प्रदेश महासचिव जीतेंद्र सिंह, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सिंह, प्रदेश इकाई के मनोज सिंह, सुप्रिया सिंह, विनोद चौधरी, केके सिंह, अशोक कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।






**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.9 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.23 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## कार्यक्रम : संजीव विजयवर्गीय की राजनीतिक जीवन पर आधारित पुस्तक 'सफर' का विमोचन

# तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान का प्रतीक है, हर घर में लहराना चाहिए: संजय सेठ





### आगाज तृतीय संस्करण का भव्य आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के कोकर स्थित ग्रैंड ओकेजन बैंक्वेट हाल में रविवार को आगाज के तृतीय संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पद्मश्री मुकुंद नायक, रांची विधानसभा के विधायक सीपी सिंह, भाजपा की महिला प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस अवसर पर निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय के राजनीतिक सफर को संजोते हुए उनकी पुस्तक सफर का विमोचन किया गया। साथ ही संजीव विजयवर्गीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों के बीच तिरंगे का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर और गणेश वंदना से हुआ। आगाज का यह आयोजन, जो तीन साल पहले संजीव विजयवर्गीय द्वारा प्रारंभ किया गया था, अब रांची के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस वर्ष के संस्करण में बच्चों और महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और देश के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि ऐसे आयोजन शहर में होते रहने चाहिए, क्योंकि ये बच्चों और युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान का प्रतीक है। कितनी कुर्बानियां दी गयीं इस तिरंगे की रक्षा के लिए। इसलिए हम लोगों का भी फर्ज बनता है इसे सम्मान देने का। यही संदेश देने हम लोगों के बीच आये हैं। उन्होंने कहा कि रांची विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में उन्होंने लगभग बीस हजार तिरंगा बंटवाया है। उन्होंने कहा कि हर देशवासी को तिरंगा लगाना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

### आगाज में महिलाओं और बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया

आगाज कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, रंग-बिरंगे परिधानों में रैंप वॉक, और बॉलीवुड, नागपुरी, खोरठा गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त, डांस (ग्रुप और सोलो), पेंटिंग प्रतियोगिता और महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन ने रांची के सांस्कृतिक जीवन में नयी ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं. – 20 ऑफ 2024–25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

(i) निविदा सं.–04–डीडीयू–व.मं.इंजी.–।।।–24–25, कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर ।।।/डी.डी.यू के अधिकार क्षेत्र के तहत जपला में टावर वैगन शेड और ओ.एच.ई. डिपो का उन्नयन। (ii) कार्य का अनुमानित लागत : ₹86,20,675.66, (iii) धरोहर राशि : ₹1,72,400/–, (iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 04.09.2024 को 12:00 बजे तक। (v) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00882/डीडीयू/अभि./टी/24–25/32

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** नौकरी में नये पद-अधिकार प्राप्त होने की संभावना,व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी।

**वृष** बुद्धि-चतुरता से रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार होने की संभावना, कामकाज अच्छा चलेगा।

**मिथुन** बुद्धि-चतुरता से रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार होने की संभावना, कामकाज अच्छा चलेगा।

**कर्क** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी,आर्थिक-मानसिक परेशानी दूर होगी।

**सिंह** नौकरी में स्थानातंरण अथवा अधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावना।

**कन्या** आपको धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा,आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** सामाजिक स्तर पर आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी, लेखन-पठन-पाठन में रूचि,घर में बड़े लोगों का समागम होगा।

**धनु** रोजी-रोजगार में सफलता,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप संबंध बनाने की चेष्टा करें।

**कुंभ** आवश्यक कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

**मीन** आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा।

## विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

# सरकार बदलने के संवाहक बनें विस्तारक कार्यकर्ता : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन रविवार को भाजपा कार्यालय में किया गया। आठ सत्रों में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की सैद्धांतिक विचारधारा, इतिहास विकास, चुनाव प्रबंधन सहित सोशल मीडिया जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा विचारधारा और कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक पार्टी है, जिसका उद्देश्य भारत को परम वैभव को शिखर पर पहुंचना है। पार्टी कार्यकर्ता इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लगातार कार्य करते हैं। अंत्योदय, एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिधि में भाजपा के लिए सत्ता साध्य नहीं, बल्कि मां भारती को विश्व गुरु बनाने का साधन है।

उन्होंने कहा कि भाजपा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नीतियों और कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतार रही है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर जनता ने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को सराहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी चुनाव सिर पर है। राज्य में ठगबंधन सरकार के खिलाफ आक्रोश है। जनता भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनाने के संकल्पित हैं। लोकसभा चुनाव परिणाम इसका स्पष्ट संकेत देता है। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार ने अलग झारखंड राज्य का निर्माण कराया। हमें विकसित झारखंड के संकल्प को पूरा करना है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आगामी चुनाव में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए चुनाव प्रबंधन भी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि विस्तारक की भूमिका नींव के पत्थर की तरह है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती में बूथ ही केंद्र बिंदु है। सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने भाजपा के इतिहास विकास, केंद्रीय टोली सदस्य मनोज सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां, राहुल अवस्थी, विवेक विकास ने सोशल मीडिया और आइटी विषय पर अपने विचार रखे।




### परीक्षाओं के नाम पर किया जा रहा है भंडारे का आयोजन: बाबूलाल

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। ट्वीट कर कहा है कि हेमंत सरकार में साप्ताहिक परीक्षा के नाम पर मजाक चल रहा है। ऐसा लगता है कि परीक्षाओं के नाम पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कहीं एक ही बेंच पर छह-छह विद्यार्थी बैठकर परीक्षा दे रहे हैं, तो कहीं बरामदे में बिछायी गयी दरी में छात्र-छात्राओं का एक झुंड परीक्षा दे रहा है। मूल्यांकन के उद्देश्य से ली जाने वाली इन साप्ताहिक परीक्षाओं से मूल्यांकन छात्रों का तो नहीं, परंतु हेमंत सरकार का जरूर किया जा सकता है कि कैसे सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खेल रही है। स्कूलों में न तो बैठने की व्यवस्था है, न तो कक्षाओं को संचालित करने के लिए भवन हैं। न तो पठन-पाठन का वातावरण है और न ही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार के पास कोई प्लान। ऐसे में झारखंड का भविष्य किधर जायेगा। जेएमएम-कांग्रेस ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को अपना राजनीतिक प्रयोगशाला बनाकर रख दिया है। सरकारी स्कूलों में ना तो पर्याप्त शिक्षक हैं। ना ही बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त बेंच डेस्क। हेमंत सोरेन जी सरकारी स्कूल के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के प्रति थोड़ा गंभीर बनिये और राज्य के सभी विद्यालयों को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराइये।

# महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से उनके आवास में मुलाकात की। इस अवसर पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थीं। मुलाकात के दौरान अलका लांबा ने मुख्यमंत्री से राज्य की महिलाओं के अधिकार और महिलाओं के आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय को लेकर विस्तार पूर्वक बातचीत की। महिला आयोग का गठन करने, महिला थानों का गठन, सरकारी और निजी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला को आरक्षण देने, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने, मनरेगा महिला खेती मजदूर को लाभ कार्ड देने सहित अन्य मांग रखी।

## झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# 25 आइएएस का तबादला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। शनिवार देर रात राज्य सरकार ने 25 आइएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। कई को अतिरिक्त प्रभार दिये गये हैं। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी अब कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव बनाये गये हैं। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग की सचिव विप्रा भाल अब राज्यपाल की प्रधान सचिव होंगी। योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा अपने कार्यों के साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। भवन निर्माण विभाग के सचिव मनीष रंजन को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान का निदेशक नियुक्त किया गया है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव डॉ अमिताभ कौशल अब सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई गवर्नेंस विभाग के सचिव का काम देखेंगे। इसके साथ ही वे वाणिज्य कर विभाग के सचिव के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार अपने कार्यों के साथ नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इसके साथ वे जुडको और ग्रेटर रांची विकास एजेंसी के प्रबंध निदेशक प्रभार भी रहेंगे। खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह अब अपने कार्यों के साथ उद्योग विभाग के सचिव अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा को आपदा प्रबंधन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का सचिव बनाया गया है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार अपने कार्यों के साथ उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। मुख्यमंत्री के सचिव के पद पर कार्यरत अरवा राजकमल को भवन निर्माण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। अपने कार्यों के साथ वे भवन निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और झारखंड भवन नयी दिल्ली के स्थानिक आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। स्वर्णरेखा परियोजना के प्रशासक के पद पर कार्यरत भंजू नाथ भजंत्री अब झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाए गए हैं। इसके साथ वे मनरेगा आयुक्त के अतिरिक्त प्रधान में भी रहेंगे। रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार को वाणिज्य कर आयुक्त, रांची नियुक्त किया गया है। अपने कार्यों के साथ में वित्त विभाग के विशेष सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह अपने कार्यों के साथ खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रभारी सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। हजारीबाग नगर निगम के नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल अब झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के निदेशक नियुक्त किये गये हैं। उत्पाद आयुक्त सुनील कुमार सिंह को श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण कौशल विभाग में अपर सचिव नियुक्त किया गया है। जमशेदपुर के उपायुक्त अनन्य मित्तल अब अपने कार्यों के साथ स्वर्णरेखा परियोजना के प्रशासक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी संदीप सिंह अब रांची नगर निगम के नगर आयुक्त नियुक्त किये गये हैं। इसके साथ ही वे रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के उपाध्यक्ष के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण कौशल विभाग में विशेष सचिव रहे अमित प्रकाश को उत्पाद आयुक्त नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत रवि आनंद को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। गिरिडीह के उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दुबे को नगर विकास एवं आवास विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत सौरभ कुमार भुवानिया को वित्त विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत समीरा एस को झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था के निदेशक सह सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत आलोक कुमार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। प्रतीक्षारत शताब्दी मजूमदार को वित्त विभाग में अवर सचिव नियुक्त किया गया है।

### नितिन मदन कुलकर्णी की जगह विप्रा भाल बनी राज्यपाल की प्रधान सचिव

## पुलिसकर्मियों को आवंटित हथियार की करें जांच

**रांची।** झारखंड पुलिस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। इसी क्रम में झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी और सभी वाहिनी के कमांडेंट को आवंटित हथियार के रखरखाव और जांच को लेकर आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को आवंटित किये जाने वाले हथियार के रखरखाव और जांच अति आवश्यक हैए इसलिए अपने-अपने जिला और इकाई से चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किये जाने वाले पुलिस पदाधिकारी और बलों को आवंटित हथियार की जांच करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह प्रमाण पत्र भी दें कि सभी हथियार कारगर हैं और अच्छे हालात में हैं। सभी जवानों और पदाधिकारी को लक्ष्य का अभ्यास कराना सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया गया है।

## महेश कुमार संथालिया बने डीडीसी पाकुड़

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। संयुक्त सचिव स्वास्थ्य विभाग महेश कुमार संथालिया को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त पाकुड़ के पद पर स्थापित किया गया है। अपर उपायुक्त सरायकेला खरसावां संजय कुमार दास को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपने वेतनमान में परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण साहिबगंज के पद पर स्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# पाकुड़ में इस बार जरूर होगा बदलाव: सुदेश

### अजहर इस्लाम ने थामा आजसू का दामन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** आजसू का पाकुड़ में आयोजित मिलन समारोह में रविवार को पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो की मौजूदगी में रविवार को समाजसेवी अजहर इस्लाम आजसू में शामिल हुए। मुखिया, जिला परिषद सदस्य और हजारों की संख्या में समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने पर अध्यक्ष सुदेश महतो ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अजहर जैसे युवा और पढ़ा-लिखा युवा नेता पार्टी को मिला है, निश्चित रूप से पाकुड़ में आने वाले समय में बदलाव होगा।

राज्य की वर्तमान सरकार जनता को ठगने का काम कर रही है। मंईयां योजना सिर्फ लोगों को चुनावी खर्च देने की योजना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो अपेक्षित विकास होना चाहिए था, वह 5 साल में नहीं हुआ। पाकुड़ जैसे जगह पर यहां के लोगों ने बड़े-बड़े नेता दिये, लेकिन सिर्फ यहां के लोगों को ठगने का काम किया गया। आज यहां की जनता सब जान रही है कि यहां के नेता मंत्री बने, लेकिन पाकुड़ का जो विकास होना चाहिए था, वह विकास नहीं हो पाया।

आज लोग यहां से ठगा महसूस कर रहे हैं। सरकार बनी तो निश्चित रूप से पाकुड़ में बदलाव आयेगा। कार्यक्रम को अजहर इस्लाम ने कहा कि पाकुड़ की जनता का प्यार और साथ मिला तो इस बार की विधानसभा चुनाव में जीत निश्चित है और आने वाले पांच साल में पाकुड़ की तस्वीर बदल कर रख दूंगा।

पाकुड़ के लोग अब तक ठगे गये हैं और अब महसूस कर रहे हैं। पाकुड़ में जो विकास होना चाहिए था, आज भी लोग यहां सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए दूसरे राज्य पर आश्रित हैं। सभा को मोहम्मद खालिद मोहम्मद एहाशमी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने किया। कार्यक्रम में देवशरण भगत, दीपक महतो, अली अकबर, मजहर इस्लाम सहित प्रमंडल के सभी जिलाध्यक्ष मौजूद थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### सर्वेश्वरी समूह ने कांके के पारचुट्टू गांव में 240 पौधे लगाये



रांची (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा ने कांके के पारचुट्टू गांव में सर्वेश्वरी पौधरोपण अभियान चलाया। अभियान के चौथे चरण में समूह ने आम, अमरूद, मोहगनी, सागवान, अर्जुन, दालचीनी के 240 पौधे रोपे और बांटे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्थानीय ग्रामीण बंधु रोनित रंजन लकड़ा की बाड़ी में 15 पौधे लगाये गये। वहीं प्रदीप उरांव की बाड़ी में 25 पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद लघु गोष्ठी का आयोजन कर ग्रामीणों को श्री सर्वेश्वरी समूह के बारे में संक्षिप्त में बताया गया। साथ लोगों को समूह के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के संचालन में पाराचुट्टू से रोनित रंजन लकड़ा, प्रदीप उरांव, प्रकाश उरांव और अनिल उरांव ने सराहनीय सहयोग दिया। वहीं श्री सर्वेश्वरी समूह की ओर से नवल किशोर सिंह, सुनील सिंह, समरेंद्र सिंह, अंजनी कुमार सिंह, प्रताप आदित्य नाथ शाहदेव, आशुतोष नाथ शाहदेव, सौरभ राज, उदित सिंह, विक्की साहू, अमन साहू, गुलशन गोप, अतुल साहू, नीतीश कुमार सिंह, अनिकेत नाथ शाहदेव, अनिमेष नाथ शाहदेव, बद्रीनाथ शाहदेव समेत अन्य मौजूद थे।

### कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद 1100 भक्तों ने ग्रहण किया



रांची (आजाद सिपाही)। रामचरित मानस के रचयिता महाकवि तुलसीदास जयंती पर आज रविवार को अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में भंडारे के संयोजक विशाल जालान, सह-संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख में संस्था के सदस्य पुर्णमल सर्राफ के द्वारा भंडारे का उद्घाटन किया गया। भंडारे की सेवा के कार्य में अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, विशाल जालान, कमल खेतावत, चिरंजीलाल खंडेलवाल, ओमप्रकाश सरावगी, सुरेश चौधरी, शिवभगवान अग्रवाल, सुरेश भगत, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी, चंद्रदीप साहू, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा, बसंत वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

### आजा मां तुझे झूला हम झुलायेंगे...




रांची (आजाद सिपाही)। श्री जीण माता परिवार के की ओर से अग्रसेन भवन में मंगल पाठ सह सिंधारा महोत्सव मनाया गया। अध्यक्ष दिलिप पटवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे मुख्य यजमान प्रदीप सिंघानिया के द्वारा महाभिषेक के साथ की गयी। कोलकाता से पधारे मंगल पाठ वाचक बाल किशन शर्मा, विनोद शर्मा के सानिध्य में 351 महिलाओं के द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में मंगल पाठ किया गया। साथ ही इनके द्वारा बहायी गयी भजन गंगा में भक्तजन गोते लगाते रहे। भक्तों का उल्लास देखते ही बन रहा था। मंगल पाठ के दौरान माता का जन्मोत्सव, मेहंदी महोत्सव, चुनरी महोत्सव, गजरा महोत्सव मनाया गया। साथ ही माता को छप्पन भोग लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष अग्रवाल, विक्रम खेतावत, प्रदीप पटवारी, विकास शिवरामका, मनीष पालड़ीवाल, पवन सिंघानिया, संजय मोदी, विजय केडिया, मुकेश भारतीया, संजय मारोदिया, अर्चना अग्रवाल, मिथिलेश सिंघानिया, सुशील चौधरी, सोनू मोदी मौजूद थे।

### कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स में मना स्वतंत्रता पर्व



रांची (आजाद सिपाही)। कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स डोरंडा, हटिया केंद्र और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वतंत्रता पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जला कर किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक इंद्रजीत महथा उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी में 300 से अधिक पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रजनी कुमारी, हर्षिता ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, फैंसी ड्रेस और इंस्ट्रूमेंट प्ले की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में हर्षिता हरीश, मुकुंथन, अयुश्मिता ने देशभक्ति गीत पर नृत्य पेश किया। विवान शोर्य ने भगत सिंह के रोल प्ले में भगत सिंह को जीवंत कर दिया। मुख्य अतिथि इंद्रजीत महथा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में चरित्र निर्माण होता है। निदेशक धनंजय कुमार ने छात्रों को एकता और शांति के साथ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की उपनिदेशक रजनी कुमारी, अजय आरती, कोमल, शिखा, हर्षिता, तन्वी, सुमन, जया, निजात, अनिया, मनस्वी, अमीषा, सूरज का योगदान रहा।

### केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर झारखंड कैडर के आइपीएस अधिकारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के कई आइपीएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा सकते हैं। इनमें के विजय शंकर, विनित कुमार, शुभांशू जैन जैसे आइपीएस अधिकारी शामिल हैं। झारखंड में वर्तमान में आइपीएस की संख्या बढ़कर 144 हो गयी है। इनमें 17 आइपीएस अंडर ट्रेनिंग हैं, जबकि 25 आइपीएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये हैं।

# भाजपा को उम्मीद के अनुसार सीट मिलती, तो आरक्षण खत्म हो जाता : अहमद मीर

**कांग्रेस विशाल और खुले विचारों वाली पार्टी है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया था, लेकिन जिस प्रकार से देश ने भाजपा को 240 सीट पर समेट दिया है, उसके बाद यह स्पष्ट है कि बैसाखियों पर चलती केंद्र सरकार अगले पांच साल तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग को उसके हक और अधिकारों से वंचित नहीं कर सकती। कहा कि यदि किसी भी गलती से भाजपा को अपने सपने के अनुसार लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सीट मिल जाती, तो आरक्षण समाप्त हो जाता। राजधानी के बनहोरा जतरा मैदान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री मीर ने कहा कि सरकार ने गरीबों के लिए बहुत अच्छे काम किये हैं और बड़ी संख्या में लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। कहा कि झारखंड को मध्य प्रदेश और असम जैसे प्रदेशों से आये हुए लोगों की जरूरत नहीं है और वे खुद अपनी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हैं। कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस विशाल और खुले विचारों वाली पार्टी है और सभी लोग अपने विचार और राय रखने को स्वतंत्र हैं। कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति पुरानी है और इसी के कारण प्रकृति का स्वरूप कायम है। उन्होंने कहा कि आदिवासी जल, जंगल और जमीन से जुड़े हैं और इसे बचाने के साथ और इसे बचाने के साथ सबसे ज्यादा जरूरत देश के संविधान की रक्षा करने की है, क्योंकि वहीं आदिवासियों के अधिकार और उनके आरक्षण को हर हाल में बचाने की ताकत रखती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी भाजपा और उसके नेताओं की साजिशों से बचकर रहने की जरूरत है। मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति के संरक्षण के लिए हमेशा बढ़-चढ़कर आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की चर्चा की और उससे लाभान्वित होने की सभी से अपील की।

## रेलवे इ-टिकट के अवैध कारोबारी किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे इ टिकट के अवैध कारोबारी को गिरफ्तार किया।

आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने रविवार को बताया कि रांची मंडल के आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे इ टिकट के अवैध कारोबारियों के खिलाफ ऑपरेशन उपलब्ध के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सुखदेव नगर की सहायता से चंद्रमौली मिश्रा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विद्यानगर स्थित आवास में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान 16 रेलवे इ टिकट बरामद किया गया। बरामद टिकट का मूल्य 49 हजार 200 पाया गया।

## मिथिला मंच ने किया महारुद्राभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अशोक नगर स्थित देवालय में रविवार को झारखंड मिथिला मंच की ओर से महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान यजमान के तौर पर मंच के अध्यक्ष डॉ आनंद शेखर झा शामिल हुए। रूद्राभिषेक के बाद डॉ आनंद ने बताया कि जगत कल्याणार्थ की भावना लिए यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। मौके पर वन विभाग की ओर से भक्तों के बीच 500 पौधे भी बांटे गये। इनमें से 100 पौधे रूद्राक्ष के थे। मौके पर विधायक सीपी सिंह, मिथिलेश मिश्र, सुनील झा, श्रीपाल झा, मनोज मिश्र, निशा झा, सर्वजीत झा, सुजीत झा, गगन मिश्र, संजीत झा, कमलदेव झा, निशिकांत पाठक, राजीव रंजन और मंच के सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी।

## झारखंड बनना मूलवासी सदानों के लिए अभिशाप: राजेंद्र प्रसाद

**कहा- विधानसभा चुनाव में ओबीसी आरक्षण, स्थानीय नीति बड़ा मुद्दा होगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदानों से आने वाले ओबीसी, एससी में राजनीतिक चेतना की कमी के कारण राजनीतिक दल मूलवासी सदानों की घोर उपेक्षा कर रहे हैं। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक में झारखंड आंदोलनकारी सह मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने चुटिया में कहीं। कहा कि सबसे पहले पिछड़ी जातियों के आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 कर दिया गया।

सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया। मूलवासी सदान समुदाय से आने वाले ओबीसी की आबादी 55 प्रतिशत है। सवर्ण को इडब्ल्यूएस के तहत 10 प्रतिशत मिलने वाले आरक्षण में झारखंड के सदानों को प्राथमिकता नहीं दी गयी। संवैधानिक प्रक्रिया के तहत एससी के लिए महापौर की सीट को आरक्षित किया गया था, लेकिन गलत तरीके से बदलाव किया गया। कहा कि झारखंड राज्य बनना मूलवासी सदानों के लिए अभिशाप बन गया है।

झारखंड में मूलवासी सदान मोर्चा ने स्थानीय नीति और नियोजन नीति बनाने को लेकर इमानदारी पूर्वक सड़क पर उतरकर आंदोलन करते रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में ओबीसी आरक्षण, स्थानीय नीति, नियोजन नीति और भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाने की बात कही है। क्षीतिश कुमार राय ने कहा कि झारखंड में सारा काम एक पक्षिये हो रहा है। तुष्टीकरण की राजनीति की जा रही है। डॉ राम प्रसाद, डॉ सुदेश कुमार, प्रो अरविंद कुमार, विशाल कुमार सिंह, विशाल साहू ने भी बैठक संबोधित किया। बैठक में अतुल कुमार, अर्जुन साहू, विकास गोप, फुलचंद गोप, राजेश साहू, अमित साहू, आदित्य चौधरी, रंजीत प्रसाद, मनीष देव, मुकेश सिंह, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## आधुनिक बीज परीक्षण प्रयोगशाला की होगी स्थापना

**रांची (आजाद सिपाही)।** कृषि निदेशक डॉ कुमार ताराचंद ने कहा है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय एक आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त बीज परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना के लिए शीघ्र प्रस्ताव लाये, राज्य सरकार इसके लिए पर्याप्त राशि मुहैया करायेगी। बीज क्रय, वितरण, बोआई के पूर्व इस प्रयोगशाला में बीज गुणवत्ता की जांच होने से फसल नुकसान की संभावना न्यूनतम रहेगी। कृषि महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में बीएयू की बीज परिषद की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की 80 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। राज्य की दो तिहाई आबादी कृषि कार्यों पर निर्भर है, इसलिए राज्य के लिए कृषि से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। उन्होंने बीएयू में देश के अग्रणी बीज कंपनियों का एक सम्मेलन आयोजित करने पर बल दिया, ताकि राज्य और केंद्र की विभिन्न योजनाओं के तहत निःशुल्क और सब्सिडी पर वितरित किये जाने के लिए गुणवत्तायुक्त बीज की यथासमय उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। बीएयू को आसपास के राज्यों के लिए अनुशंसित फसल प्रभेदों की उपयुक्तता का परीक्षण कर हर छह-आठ महीने पर राज्य सरकार को अनुशंसा उपलब्ध करानी चाहिए।

## रूमा सावन क्वीन और प्रवीण बने सावन किंग




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोटरी क्लब रांची ने रांची में सावन महोत्सव सिंधारा का आयोजन किया। महोत्सव का उद्घाटन क्लब के भंडारी लाल ने किया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण रैंप वॉक रहा। अनिल सिंह और उनकी पत्नी रेखा सिंह, अजय साबू, सुषमा साबू जब रैंप वॉक पर उतरे, तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। लोग सावन की गीतों पर जमकर थिरके। विभिन्न प्रकार के रोचक गेम्स में हिस्सा लेकर महोत्सव को यादगार बनाया। महोत्सव में रुमा चटर्जी को सावन क्वीन और प्रवीण राजगढ़िया को सावन किंग चुना गया। बतौर निर्णायक मिसेज झारखंड क्वीन खुशी ने दोनों के नाम की घोषणा की। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि इस तरह के आयोजन का लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उनके अंदर आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है। सावन का पर्व महिलाओं के लिए बेहद खास माना जाता है। सचिव ख्याति मुंजाल ने कहा कि सावन महोत्सव प्राकृतिक सौंदर्य और हरियाली का उत्सव है। कार्यक्रम में योगेश गंभीर, राजीव मोदी, सुमित अग्रवाल, संजय वाधवा, मनोज तिवारी, मुकेश तनेजा, अमित अग्रवाल, लोकेश साहू, भावना तनेजा, अजय जैन, अमित अग्रवाल, अश्विनी राजगढ़िया का विशेष योगदान रहा।

## कराटे ग्रेडिंग में 351 खिलाड़ी हुए सफल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया मार्शल आर्ट एकेडमी के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। बिशप स्कूल के सभागार में आयोजित कराटे ग्रेडिंग में राज्य के विभिन्न स्कूलों, क्लबों से लगभग 380 खिलाड़ी शामिल हुए। कराटे ग्रेडिंग को दो चरण में संपन्न किया गया, जिसमें 351 खिलाड़ी सफल घोषित हुए। सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि खिलाड़ियों के तकनीक को एडवांस करने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चेरिल जीबी हेंब्रम, आदित्य राज, सुनिधि एंजेल एक्वा, मारिया लवलीन खेस, अन्वी तिवारी, परी कुमारी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गयी। इस अवसर पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, उमाशंकर महतो, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार समेत अन्य उपस्थित थे।

## मरकजी मस्जिद में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप लगा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को कांके के मिल्लत कॉलोनी, मरकजी मस्जिद परिसर में एक मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का सफल आयोजन किया गया। ये कैंप सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया। जिसमें मुख्य रूप से ब्लड बैंक के इंचार्ज मोहसिन खान और उनके सहयोगी शामिल रहे। ब्लड डोनेशन कैंप सुबह 10:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक आयोजित किया गया था। जिसमें 10 यूनिट ब्लड का कलेक्शन हुआ। ये कैंप स्वर्गीय मजहरुल हक की याद में आयोजित किया गया। ब्लड डोनेशन करने वालों में अनवर उल हक, इंतजह उल हक, मोहम्मद मकबूल अहमद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अली, मोहम्मद हसन, तारिक वाजी और उजैर अहमद शामिल थे। डोनर्स को सेवा सदन ब्लड बैंक की तरफ से सर्टिफिकेट और मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तोहिद आलम और एहसान उल हक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### शैक्षणिक गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है

# झारखंड के सरकारी स्कूलों में स्कोर कार्ड लागू होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राज्य के स्कूली शिक्षा-साक्षरता विभाग ने इस दिशा में एक और बड़ी परिवर्तनात्मक पहल शुरू की है। राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक स्तर में वृद्धि और विद्यालयों की व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग ने स्कूलों के रिपोर्ट कार्ड को जारी करने का निर्णय लिया है।

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा विद्यालयों के लिए रिपोर्ट कार्ड का फाइनल ड्राफ्ट बनकर तैयार है। प्रोजेक्ट इंपैक्ट के अंतर्गत अब राज्य के सभी विद्यालय स्वतः मूल्यांकन कर अपना रिपोर्ट कार्ड भरेंगे। स्कूलों में बच्चों के रिपोर्ट कार्ड की तर्ज पर अब विद्यालय का रिपोर्ट कार्ड भी बनेगा। प्रत्येक विद्यालय को विभिन्न मानकों के आधार पर स्वयं को 2000 अंकों में मूल्यांकित करना होगा।



प्रथम चरण में राज्य के सभी 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों का स्कोर कार्ड जारी होगा। अगस्त के आखिरी सप्ताह में इन विद्यालयों के स्कोर कार्ड को जारी करने की योजना है। इसके लिए विभाग ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली है। सभी विद्यालयों के लिए क्लस्टर बनाकर नोडल पदाधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं। इन पदाधिकारियों को संबंधित विद्यालयों के स्कोर कार्ड और मूल्यांकन का जमीनी अनुश्रवण करना है।

अगस्त से प्रत्येक माह विद्यालयों का स्कोर कार्ड जारी होगा। विद्यालयों का स्कोर कार्ड सार्वजानिक होगा। इससे अभिभावकों और समुदाय को विद्यालयों के प्रदर्शन की स्पष्ट जानकारी मिलेगी। स्कोर कार्ड से विद्यालयों के बीच स्वस्थ और पारदर्शी प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे वे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे। स्कोर कार्ड में अधिक अंक पाने के लिए शिक्षकों और प्रशासनिक कर्मचारियों की जिम्मेदारी बढ़ेगी।

### पुरस्कृत होंगे सर्टिफाइड विद्यालय

स्कूल स्कोर कार्ड प्रमाणित होने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले सरकारी विद्यालयों को न केवल सर्टिफाइड किया जायेगा, बल्कि उन्हें राज्य के स्कूली शिक्षा-साक्षरता विभाग द्वारा प्रोत्साहित भी किया जायेगा। विद्यालयों को अनुदान राशि के अलावा तमाम सुविधाओं में प्राथमिकता दी जायेगी, जिससे वे और बेहतर प्रदर्शन करें और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को उत्कृष्ट बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




## प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न इलाकों से लोगों ने विवि परिसर आकर प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ उठाया। कार्यक्रम में विभिन्न पैक और शिरोधारा में लोगों को सहयोग करने के लिए अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, पंकज केसरी, अंजना कुमारी सिंह, गीता दास, रूपा कुमारी, संतोष कुमार, शिव कुमार, अभिजीत कुमार ने सहयोग किया। लोगों को फेस पैक, आंखों की मिट्टी पट्टी, शिरोधारा, कटी बस्ती और जानू बस्ती का लाभ दिया गया। कार्यशाला का समापन विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना मौर्य की देखरेख में हुआ। इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, डॉ प्रदीप वर्मा, प्रो गोपाल पाठक और प्रो एसबी डांडिन ने अपनी शुभकामना प्रेषित की।

## नागानल मंदिर में भंडारा, उमड़ी भीड़



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाकुलिया।** चाकुलिया के नागानल मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे का उद्घाटन संपूर्ण मानवता कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ संजय गिरि ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। भंडारा में श्री श्री नागानल मंदिर को आकर्षक तरीके से फूल-मालाओं से सजाया गया था। खिचड़ी का भोग लगाया गया। इसे ग्रहण करने के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हवन यज्ञ के बाद भजन मंडली द्वारा भजन गायन किया गया। भंडारा शाम पांच बजे से शुरू होकर लोगों के आने तक निरंतर जारी रहा।

## वीवीपीएस में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वीवीपीएस में 11 अगस्त को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक के लगभग 400 बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृपानंद झा, मनू झा थीं। प्राचार्या जया प्रसाद ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में पर प्रकाश डाला।

## सेंटेविटा अस्पताल में हेल्दी बेबी शो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंटेविटा अस्पताल में शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए 11 अगस्त को हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 6 माह से 2 वर्ष तक के बच्चों की शारीरिक और मानसिक जांच की भी गयी। साथ ही साफ-सफाई का मूल्यांकन भी किया गया। इस दौरान कुल 60 बच्चों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आयोजन में रेशमा साहू ने बच्चों के माता- पिता के साथ व्यवहारिक बातचीत की। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उपहार भी दिया गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की बात कही।

## राज्य संग्रहालय में आजादी का उत्सव कार्यक्रम

रांची। झारखंड सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की ओर से हर घर तिरंगा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य संग्रहालय होटवार के प्रेक्षागृह में आजादी का उत्सव कार्यक्रम हुआ। 14 अगस्त तक आयोजित चार दिवसीय आजादी का उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नाट्य, लोकगीत नृत्य, शास्त्रीय गीत नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी। निदेशालय द्वारा आयोजित नाट्य प्रतियोगिता में रविवार को पांच प्रतिभागी नाट्य कला दलों के द्वारा प्रस्तुतियां की गयीं। सभी ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के अंतर्गत झारखंड कला मंदिर होटवार में प्रशिक्षणरत शास्त्रीय गीत संगीत, नागपुरी लोकगीत, मांदर वादन और मुंडारी लोकगीत नृत्य के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गयीं। कार्यक्रम में अनिल ठाकुर, सुशील अंकन, राकेश रमन, डॉ शाकिर तसनीम समेत अन्य उपस्थित थे।

# मनन विद्या मंदिर स्कूल का छात्र जुमार नदी में डूबा

**पांच स्टूडेंट्स ने छोड़ा हॉस्टल, देर रात मदद की लगायी गुहार, फिर नहीं बचा पाये लोग**

**एनडीआरएफ की टीम भी तलाशती रही पर नहीं मिला**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के बूटी मोड़ इलाके में स्थित मनन विद्या मंदिर स्कूल का एक छात्र पास के जुमार नदी में डूब गया। वह हॉस्टल के ही कुछ लड़कों के साथ स्कूल कैंपस के ठीक बगल में बहने वाली जुमार नदी की ओर गया था। घटना शनिवार देर रात की है। डूबने वाले स्टूडेंट का नाम पीयूष कुमार है। वह बिहार के गया जिले का रहने वाला है। यहां वह 10वीं की पढ़ाई कर रहा था। एनडीआरएफ की टीम डूबने वाले छात्र की तलाश कर रही है।

### क्या है पूरी कहानी

स्कूल प्रबंधन की ओर से शिक्षिका जया मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात 12 बजे के बाद पांच बच्चे हॉस्टल छोड़ कर जुमार नदी की ओर से गये थे। उसमें से पीयूष कुमार गायब है, जबकि अन्य चार छात्र वापस हॉस्टल आ चुके हैं। बच्चों से डूबने की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन को इसकी जानकारी दे दी गयी है।

वहीं नदी के दूसरी ओर बसे मुहल्ले के अरुण कुमार ने बताया कि हमारे घर के कुछ बच्चों का स्कूल के बच्चों के साथ जान परिचय है। देर रात उसके मोबाइल पर फोन आया और बताया कि नदी में एक बच्चा डूब रहा है, उसको बचा लीजिए। इसके बाद हमलोग रात करीब दो बजे नदी की ओर से गये। हमलोग नदी के इस पार थे और कुछ लोग नदी के दूसरी ओर थे। उन्होंने बताया कि जो बच्चे नदी की ओर से आये थे, उन्होंने संभवतः अपने हॉस्टल भी फोन किया था। स्कूल के गार्ड आदि आये थे और पानी में उतर कर तलाशने की कोशिश की।

### 12 घंटे बाद एनडीआरएफ ने शुरू की तलाशी

छात्र के डूबने की घटना शनिवार देर रात की है। स्कूल प्रबंधन की ओर से छात्र के परिजन को जानकारी दी गयी। रविवार 10 बजे के करीब परिजन स्कूल पहुंचे। उन्हें कैंपस के भीतर ले जाया गया। इस तमाम प्रक्रिया के बाद दोपहर दो बजे के करीब एनडीआरएफ की टीम घटना स्थल पहुंची। छह से अधिक लोगों की टीम नदी पर बने पुल के दोनों ओर तलाशी शुरू की। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली तलाशी के बाद भी छात्र का शव बरामद नहीं हो सका है।

### सवालों के घेरे में स्कूल प्रबंधन

इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन सवालों के घेरे में है। स्कूल कैंपस में पहुंचे परिजनों की किसी से बात नहीं हो सकी। पुलिस भी आधिकारिक रूप से कुछ नहीं बता सकी है। नदी में एनडीआरएफ की तलाश जारी है। वहीं देर रात तमाम सुरक्षा के बाद भी बच्चे हॉस्टल से बाहर निकल गए, इस सवाल पर प्रबंधन की ओर से कुछ भी कहने बचा जा रहा है।

## शहीद जीतराम बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** जोहार लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन कोकर की ओर से शहीद जीतराम बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन अनगड़ा प्रखंड के खक्सी टोली गांव में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बीआइटी मेसरा के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के डीन डॉ संदीप सिंह सोलंकी और एसबीआइ के ब्रांच मैनेजर सौरव कुमार ने किया। मुख्य अतिथि डॉ संदीप सिंह सोलंकी ने कहा कि ऐसी जगहों पर संस्कार केंद्र की बहुत आवश्यकता है। संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को सही दिशा दिखा सकते हैं। सौरभ कुमार ने कहा कि खासकर गांव के कुछ बच्चे दिशाहीन होने के कारण गलत आदतों का शिकार हो जाते हैं। संस्कार केंद्र की सहायता से बच्चों को भारतीय संस्कार सिखाया जायेगा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूरी है। फाउंडेशन के संस्थापक भारत भूषण ने कहा कि परिवार, समाज और देश के प्रति जागरूक करने का संस्कार केंद्र एक अच्छा माध्यम है। इस दौरान 25 बच्चों को पठन-पाठन सामग्री दी गयी। कार्यक्रम का संचालन जुगल बेदिया ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सावित्री, अंजलि, अनिता, चारवा भगत, प्रदीप, दीपेंद्र, श्रवण, वीरेंद्र बेदिया का रहा।

## तिरंगा की शान के लिए देश का हर युवा सदैव तैयार है: भाजयुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर रविवार को भारतीय भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में रांची विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इसकी शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर, भारत माता की जय, वंदे मातरम, भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के जोरदार नारों से की गयी। यह यात्रा समाधि स्थल से शुरू होकर देश के वीर सपूत सहित अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा तक गयी। फिर वहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीर शहीद अल्बर्ट एक्का अमर रहे, के नारों के साथ इस यात्रा का समापन हुआ। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि हर भारतीय को अपने देश, अपनी माटी से बहुत प्रेम है और इसके लिए मर मिटने को वह हमेशा तैयार रहता है। हमारा तिरंगा हमारे लिए सब कुछ है आज इसी को लेकर यह तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा रांची महानगर के द्वारा निकाली गयी है। मैं सभी कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से बधाई देता हूं। भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि हम सभी को बहुत बलिदान और शहादत के बाद स्वतंत्रता मिली है और हर भारतीय स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने देश के वीर सपूतों का इस देश पर मर मिटने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और इसकी रक्षा में अपना बलिदान देने वाले वीर सपूतों को नमन कर गौरवान्वित महसूस करता है। पूरे देश में नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। आज इसी के निमित्त यह तिरंगा यात्रा भी निकाली गयी है। मैं युवा मोर्चा रांची के कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं। मौके पर भाजयुमो के अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर किया जा रहा है, क्योंकि हर देशवासी अपने तिरंगे को देख कर रोमांचित होता है और उसे गर्व की अनुभूति होती है। तिरंगा हमारी आन बान और शान है। कार्यक्रम को रांची महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। हम इसकी हिफाजत और इसके सम्मान में अपना सर्वस्व न्योछावर कर देंगे। उन्होंने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए युवाओं का आभार जताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा रांची महानगर महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, विनय सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, श्रीनिवास, संजय महतो, बब्बन बैठा शिवम सोनी, देवराज सिंह, अमिताभ धीरज सहित सैकड़ों की संख्या में युवा साथी शामिल हुए।

## श्री श्याम मंडल रांची का 57वां चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव पांच सितंबर से

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** श्री श्याम मंडल रांची की आमसभा रविवार को श्री श्याम मंदिर के सभागार में आयोजित की गयी। इसमें झारखंड राज्य की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल रांची का 57वां चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम महोत्सव आगामी 5 से 8 सितंबर तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित करने का निर्णय किया गया। महोत्सव के आयोजन श्री श्याम मंडल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा। आमसभा में विभिन्न उप - समातियों कर उनके माध्यम से महोत्सव की तैयारियों में समर्पण भाव से कार्य पर विचार विमर्श कर मंदिर परिसर की साफ सफाई एवं रंगरोगन का कार्य पर चर्चा की गयी। बता दें कि प्रति वर्ष महोत्सव में श्री श्याम दरबार का श्रृंगार एक विशिष्ठ स्थान रखता है - श्री श्याम प्रभु एवं मंदिर में विराजमान बजरंगबली व कामना शिव परिवार के मनमोहक श्रृंगार के लिए कोलकाता से ही कुशल मालाकार से करने का निर्णय किया गया। महोत्सव में आने वाले भक्तों को पूर्ण सुविधा मिले, इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक चैतन्य दाधीच जयपुर एवं कनिका ग्रोवर मनासा से विशेष तौर पर पधार रहे हैं। सभा में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, जितेश अग्रवाल, नितेश लखोटिया, बालकिशन परसरामपुरिया, राजेश सारस्वत, मनोज सिंघानिया, विकास पाडिया आदि उपस्थित थे।

### विस्तृत कार्यक्रम

5 सितंबर को नर - सेवा नारायण सेवा
6 सितंबर को भव्य एवं विराट शोभायात्रा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर से
7 सितंबर को नयनाभिराम श्रृंगार, भजन संकीर्तन, अखंड ज्योत, छप्पन भोग, 57 वें प्रेम पुष्प (भजन पुस्तिका) का विमोचन
8 सितंबर को प्रातः 7:30 बजे से सुंदरकांड पाठ, सवामणि भोग, संपूर्ण दिवस भजन संकीर्तन।

## भैरव सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री सुरेश्वर महादेव मंदिर से रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह, कैलाश केसरी, सुरेश साहू और विक्रम साहू के नेतृत्व में तिरंगा पदयात्रा निकाली गयी। यह यात्रा श्री राम मंदिर चुटिया में आरती के बाद ऑक्सफोर्ड स्कूल से होते हुए शास्त्री मैदान में हनुमान चालीसा पाठ के साथ समाप्त हुई। पिछले तीन वर्षों से तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष तिरंगा यात्रा का मुख्य आकर्षण बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार विरोध में किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से कैलाश केसरी, विक्रम साहू, भैरव सिंह, सुरेश साहू, शिवम सिंह, मदन सिंह, पवन साहू, लकी नायक, राजा, नीरज, रेहान, दीपक, अंकित, अंश, रौनक, शिवलाल, विकी, अमीश सहित अन्य शामिल थे।

## बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया फेडरेशन की व्यापारिक सभा संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित होटल रेनडियू में रविवार को बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया फेडरेशन की एक व्यापारिक सभा हुई। जिसमें व्यापार में आ रही कठिनाइयों पर चर्चा की गयी। रविवार से स्वतंत्रता दिवस सप्ताह शुरू हुआ है। जिसमें कुछ चीजों पर डिस्काउंट देने की बात भी सदस्यों ने कही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अर्जुन प्रसाद जालान और किशोर मंत्री शामिल हुए। अर्जुन प्रसाद जालान ने कहा कि व्यापार सम्मान की बात है पूरे देश की अर्थव्यवस्था व्यापार पर ही टिकी रहती है। किसी भी सरकार में इतना रोजगार का सृजन नहीं होता है। जितना व्यापार में रोजगार का सृजन होता है। इस मौके पर अध्यक्ष रमेश कुमार, निर्देशक अजय कुमार, शिवकुमार, प्रबंध निदेशक धीरज ग्रोवर सहित कई अन्य शामिल थे।

## झारखंड : नौसेना एनसीसी में 1064 उम्मीदवार हुए परीक्षा में शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड नेवी यूनिट एनसीसी रांची झारखंड राज्य की एकमात्र नेवी एनसीसी यूनिट है। प्रशिक्षण वर्ष 2024-2027 के लिए वरिष्ठ कैडेटों के नये नामांकन के लिए भर्ती रैली रविवार को आयोजित हुई। इसमें कुल 1064 उम्मीदवार 11 अगस्त 24 की सुबह सेंट जॉन हाई स्कूल, रांची में परीक्षा के विभिन्न चरणों को पास करने के लिए रिपोर्ट किये। कैडेटों ने 1.5 घंटे की लिखित परीक्षा दी, जिसके बाद लिखित परिणाम के बाद सभी चयनितों के लिए बुनियादी शारीरिक परीक्षण हुआ। कुल 300 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है, जो 135 सीटों पर चयनित होने के लिए साक्षात्कार की एक श्रृंखला से गुजरेंगे। नामांकन परीक्षा में वरिष्ठ नियुक्ति कैडेट, एएनओ अमन समद, एएनओ जितेंद्र साव, सीटीओ सुभाष कौशल, चीफ पेटी ऑफिसर अमरेंद्र कुमार और पूरी यूनिट मौजूद थी।

## प्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों से मांगे आवेदन

रांची ( सिपाही संवाददाता)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे इच्छुक नेताओं से आवेदन, विस्तृत जानकारी और बायोडाटा प्राप्त करें और उसकी सूची प्रदेश कांग्रेस को 15 दिनों के भीतर जमा करें। सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक तैयारी में जुटी हुई है। जिला और प्रखंड अध्यक्षों को पहले ही निर्देशित किया जा चुका है कि वे जनता को कांग्रेस के दृष्टिकोण और महागठबंधन सरकार द्वारा झारखंड में किये गये जनहितकारी कार्यों से पूरी तरह अवगत करायें। इससे भाजपा द्वारा फैलाये जा रहे झूठे प्रचार को जवाब देने में मदद मिलेगी और आम लोगों को भ्रमित होने से रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य है कि लोगों के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाये और उन्हें भाजपा के झूठे प्रचार से सावधान किया जाये।

# चीन में उपभोक्ता खर्च में गिरावट

चीन में ड्रिंक्स और आइसक्रीम बनाने वाली चेन मिक्सयू के लेमोनेड पर छपा यह स्लोगन 'यहां तक कि जो लोग गरीब हैं, वे भी गर्मी से डरते हैं' देश के उपभोक्ता खर्च के बारे में बहुत कुछ कहता है। भीषण गर्मी के बीच इस सस्ते पेय की बिक्री में भारी वृद्धि हुई है, जबकि इसका मूल्य चाय के मुकाबले काफी कम है। ब्लॉगर्स का मानना है कि लेमोनेड की बढ़ती मांग उपभोक्ताओं द्वारा अपनायी जा रही किफायत की प्रवृत्ति को दर्शाती है। चीन में उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं के बीच सस्ते उत्पादों की मांग बढ़ रही है। चीन में उपभोक्ता खर्च में भारी कमी आयी है। शंघाई जैसे बड़े शहरों में 2024 के पहले छह महीनों में उपभोक्ता खर्च पिछले साल की तुलना में 2.3% कम हो गया है। लोगों ने महंगे उत्पादों से दूरी बना ली है और अब वे सस्ते और किफायती विकल्पों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इससे लग्जरी उत्पादों और ब्रांडेड वस्तुओं की बिक्री में गिरावट आयी है। चीन में प्रॉपर्टी मार्केट, जो पहले परिवारों के निवेश का सबसे बड़ा स्रोत था, अब ठंडा पड़ गया है। इससे न केवल घरों की बिक्री प्रभावित हुई है, बल्कि इससे जुड़े अन्य उद्योगों पर भी बुरा असर पड़ा है। उपभोक्ता खर्च में कमी के चलते चीन की मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी समस्याएं उभर रही हैं। उदाहरण के लिए, प्रॉपर्टी फर्म एवखांडे की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी हॅगची ने बताया कि उसकी दो सहायक यूनिट्स दिवालिया हो चुकी हैं। जून 2023 के अंत तक लगभग 30% इंडस्ट्रियल कंपनियां घाटे में चल रही थीं। चीन में छोटे और मध्यम उद्योगों की स्थिति भी खराब हो रही है। साल की पहली छमाही में घाटा उठाने वाली इंडस्ट्रियल कंपनियों की संख्या 44% तक पहुंच गयी थी। इसके अलावा 2023 की शुरुआत में ही इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली आठ बड़ी कंपनियां बंद हो गयीं या उन्होंने प्रोडक्शन रोक दिया। इवी के सहायक उद्योग भी इस संकट से अछूते नहीं रहे हैं और पिछले साल लगभग 52,000 इवी से संबंधित कंपनियां बंद हो चुकी हैं। चीन की सरकार ने इस स्थिति को संभालने के लिए कई कदम उठाये हैं। 3 अगस्त को सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की स्टेट काउंसिल ने बीस सूत्री योजना पेश की, जिसका उद्देश्य बच्चों, बुजुर्गों की देखभाल, शिक्षा, स्पोर्ट्स और टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देना है। सरकार के ये प्रयास इस बात को दर्शाते हैं कि वे आर्थिक गतिविधियों में आयी इस गिरावट से निपटने के लिए तैयार हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति से निपटना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। चीन में उपभोक्ता खर्च और आर्थिक विकास को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार को लंबी अवधि के प्रभावी उपायों की जरूरत होगी।

**3 अगस्त को सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की स्टेट काउंसिल ने बीस सूत्री योजना पेश की, जिसका उद्देश्य बच्चों, बुजुर्गों की देखभाल, शिक्षा, स्पोर्ट्स और टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देना है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**यह कानून गैरकानूनी धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए बनाया गया है। हालांकि इसकी परिभाषा इतनी व्यापक है कि किसी भी तरह के धर्मांतरण को अपराध घोषित कर देती है। यहां तक कि संविधान के आर्टिकल 25 के तहत अंतरात्मा की स्वतंत्रता और धर्म के स्वतंत्र प्रचार, आचरण और प्रसार का अधिकार भी इसके तहत शामिल है। एक्ट के मुताबिक, अगर किसी कन्वर्जन में गलतबयानी, बल, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती या प्रलोभन का तत्व शामिल है, तो उसे गैरकानूनी घोषित किया जा सकता है।**

# यूपी के नये धर्मांतरण कानून से चिंता क्यों

**नावेद महमूद अहमद और आयुषि शर्मा**



**भारत सरकार कानून को नागरिकों के हित में और भरोसेमंद बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में इस तरह के अधिनियम का विपरीत असर पड़ेगा। जबरन धर्मांतरण रोकना जरूरी है, लेकिन धार्मिक स्वतंत्रता को दबाने के लिए आपराधिक कानूनों के उपयोग से संविधान की तरफ से मिले अधिकारों पर चोट पहुंचती है। मौलिक अधिकारों की सुरक्षा और वास्तविक मुद्दों को हल करने के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है।**

उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण विरोधी कानून का पारित होना बड़ी बात है। सरकार ने इसे नाम दिया है यूपी विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक 2024। इस कानून के जरिये धर्म परिवर्तन रोकने के लिए पहले से मौजूद एक्ट में संशोधन किया गया है। पुराना कानून विवादास्पद था।

**मनमानी बढ़ेगी :** सरकार मान सकती है कि नया संशोधित कानून ज्यादा सख्त और गैरकानूनी धर्मांतरण को रोकने में अधिक प्रभावी साबित होगा। हालांकि यह और भी अधिक मनमाना और संवैधानिक रूप से संदिग्ध प्रतीत होता है। इससे भारत में आपराधिक कानून बनाने के तरीके में मौजूद बड़ी खामियां जाहिर होती हैं। ऐसे कानूनों का उपयोग अक्सर दिन-प्रतिदिन के शासन में किया जाता है। संवैधानिक मूल्यों द्वारा निर्देशित होने के बजाय ये कानून बाहरी विचारों के अधीन रहते हैं।

**व्यापक परिभाषा :** यह कानून गैरकानूनी धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए बनाया गया है। हालांकि इसकी परिभाषा इतनी व्यापक है कि किसी भी तरह के धर्मांतरण को अपराध घोषित कर देती है। यहां तक कि संविधान के आर्टिकल 25 के तहत अंतरात्मा की स्वतंत्रता और धर्म के स्वतंत्र प्रचार, आचरण और प्रसार का अधिकार भी इसके तहत शामिल है। एक्ट के मुताबिक, अगर किसी कन्वर्जन में गलतबयानी, बल, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती या प्रलोभन का तत्व शामिल है, तो उसे गैरकानूनी घोषित किया जा सकता है।

**इस एक्ट के हिसाब से आरोपी को साबित करना होगा कि उसने गैरकानूनी ढंग से धर्मांतरण नहीं किया।**

**दुरुपयोग का डर :** कानून में बताये गये आधार इतने व्यापक हैं कि इनकी गलत व्याख्या और दुरुपयोग की आशंका है। साथ ही, आरोपों को गलत साबित करना भी कठिन हो जाता है। अब जैसे प्रलोभन में दैवीय नाराजगी को शामिल किया जा सकता है, जबरदस्ती में मनोवैज्ञानिक दबाव शामिल है, जबकि कपटपूर्ण साधन में झूठे नाम या धार्मिक प्रतीक का इस्तेमाल करना शामिल है। इस कानून में धर्म और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग को अपराध घोषित करने या कम से कम रोकने की क्षमता है।

**आरोपी पर जिम्मेदारी :** इस एक्ट के हिसाब से आरोपी को साबित करना होगा कि उसने गैरकानूनी ढंग से धर्मांतरण नहीं किया। यह उन सामान्य कानूनों से अलग है, जहां स्टेट को सबूत पेश करने पड़ते हैं। यूपी का नया एक्ट यह मान कर चलता है कि सारे धर्मांतरण कानून के खिलाफ हैं, जब तक कि साबित नहीं हो जाता कि वे कानूनी रूप से सही हैं। इसके अलावा अनिवार्य न्यूनतम जेल की सजा, सख्त जमानत शर्तें और गैरकानूनी धर्मांतरण का आरोप लगाने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए पुलिस शिकायत दर्ज कराने की छूट से इस कानून के दुरुपयोग की आशंका और बढ़ जाती है।

**बेतुके केस की भरमार :** एक्ट के सेक्शन 4 में मूल रूप से केवल पीड़ित व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्यों को गैरकानूनी धर्मांतरण की एफआइआर दर्ज कराने की अनुमति दी गयी थी। इसके बावजूद धार्मिक संगठन और दूसरे पक्ष के लोगों ने कानून का दुरुपयोग करते हुए बेतुके मामले दर्ज कराये। आर्टिकल 14 को लेकर एक स्टडी हुई थी। इसमें 101 एफआइआर की जांच की गयी और पता चला कि 62.3% मामले थर्ड पार्टी द्वारा दर्ज कराये गये थे। इनमें धार्मिक संगठन और पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

**उत्पीड़न का खतरा :** ऐसे मामलों में परिवार के सदस्यों को एफआइआर दर्ज कराने की अनुमति देने से उन लोगों के उत्पीड़न की काफी आशंका होती है, जो अपना धर्म बदलना चाहते हैं। संशोधित कानून ने इस मुद्दे को और बढ़ा दिया है। एक्ट अब किसी को भी गैरकानूनी धर्मांतरण की शिकायत दर्ज करने की अनुमति देता है, भले ही उसका कथित पीड़ित से कोई संबंध न हो।

**सजाएं कठोर हुई :** मूल अधिनियम में अवैध धर्मांतरण के लिए एक से लेकर पांच वर्ष तक की सजा का प्रावधान था। इसे बढ़ा कर न्यूनतम तीन साल और अधिकतम 10 साल की अनिवार्य सजा कर दिया गया है। पुराने कानून के मुताबिक, अगर समाज में हाशिये पर पड़ा कोई समूह पीड़ित होता, तो दो से 10 साल तक की सजा थी। अब इसे भी बढ़ा कर न्यूनतम पांच वर्ष से 14 वर्ष तक कर दिया गया है। इसी तरह, धमकी देने, हमला करने, धर्मांतरण के लिए विवाह का वादा करने जैसे मामलों में न्यूनतम 20 साल की सजा से लेकर आजीवन कारावास तक हो सकती है।

**प्रभाव पर सवाल :** संशोधित कानून में इस तरह की कठोर सजा को यह कह कर सही ठहराया जा रहा कि गैरकानूनी धर्मांतरण संवेदनशील और गंभीर मुद्दा है। इसमें विदेशी और राष्ट्र विरोधी तत्वों की कथित संलिप्तता का भी हवाला दिया जा रहा। हालांकि यह देखे बिना कि मूल कानून कितना प्रभावी है, सजाओं को बढ़ाने का औचित्य साफ नहीं होता।

**बेल मिलना मुश्किल :** जमानत देने की शर्तों को तय करने के मामले में संशोधित अधिनियम कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम, 1999 और एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करता है। अधिनियम के तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती हैं। संशोधित धारा 7 के अनुसार आरोपी को जमानत पर तभी रिहा किया जा सकता है, जब सरकारी वकील को जमानत याचिका का विरोध करने का मौका दिया गया हो। साथ ही, अदालत संतुष्ट हो कि आरोपी दोषी नहीं है और जमानत पर निकलने के बाद उसके अपराध करने की संभावना नहीं है। जमानत देने के लिए ये मानक अनुचित हैं।

**विपरीत असर :** भारत सरकार कानून को नागरिकों के हित में और भरोसेमंद बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में इस तरह के अधिनियम का विपरीत असर पड़ेगा। जबरन धर्मांतरण रोकना जरूरी है, लेकिन धार्मिक स्वतंत्रता को दबाने के लिए आपराधिक कानूनों के उपयोग से संविधान की तरफ से मिले अधिकारों पर चोट पहुंचती है। मौलिक अधिकारों की सुरक्षा और वास्तविक मुद्दों को हल करने के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है।

**(अहमद विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी में टीम लीडर और आयुषि शर्मा सीनियर रेजिडेंट फेलो हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### पंजाब मेल में आग लगने की अफवाह, भगदड़ मची

# शाहजहांपुर में 50 की स्पीड पर चल रही ट्रेन से 30 लोग कूदे, 20 घायल

**आग बुझानेवाले इक्विपमेंट से झाग निकलता देख, लोगों को लगा कि ट्रेन की बोगी में आग लग गयी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में पंजाब मेल एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद भगदड़ मच गयी। जनरल कोच में यात्री एक-दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे। 30 यात्री 50 किमी/घंटे की स्पीड से चल रही ट्रेन से कूद गये। घटना में 20 यात्री घायल हैं। 6 की हालत गंभीर है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना रविवार सुबह 8.30 बजे बरेली और कटरा स्टेशन के बीच की है। पंजाब मेल (ट्रेन नंबर-13006) अमृतसर से हावड़ा जा रही थी। बरेली में रुकने के बाद ट्रेन शाहजहांपुर के लिए रवाना हुई। करीब 60 किमी चलने के बाद ट्रेन बहगुल नदी के पुल के करीब पहुंची, तभी किसी यात्री का हाथ आग बुझाने वाले इक्विपमेंट पर लग गया। इक्विपमेंट गैलरी में गिर गया, जिससे उसकी नॉब निकल गयी और आग बुझाने वाला केमिकल निकलने लगा। ये देख कर यात्रियों को लगा कि ट्रेन में आग लग गयी है। पलक झपकते ही कोच में भगदड़ मच गयी। यात्री एक-दूसरे को रौंदते हुए दूसरे गेट की तरफ भागने लगे। जिस वक्त कोच में यह सब हो रहा था, आधी ट्रेन बहगुल नदी के पुल पर पहुंच गयी थी। गेट पर खड़े यात्री चलती ट्रेन से कूद गये और 30 फीट नीचे आकर गिरे।

#### चालक और गार्ड ने कोच की जांच की

कोच में भगदड़ मचने के बाद किसी यात्री ने चेन पूलिंग कर दी। ट्रेन रुकते ही चालक और गार्ड ने कोच की जांच की। सब कुछ ठीक निकला। करीब 45 मिनट तक ट्रेन कटरा स्टेशन के पास बहगुल नदी के पुल पर खड़ी रही। इसके बाद ट्रेन को शाहजहांपुर के लिए रवाना किया गया। घायलों को भी इसी ट्रेन से शाहजहांपुर लाया गया। ट्रेन सुबह 10.10 बजे शाहजहांपुर स्टेशन पहुंची। रेलवे अफसरों ने 6 घायलों को अस्पताल भेजा। बाकी का प्राथमिक उपचार किया गया।

# कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर केस में सुपरिटेंडेंट हटाये गये

**आरोपी संजय रॉय के फोन में पोर्न वीडियो मिला**

**घटनास्थल पर ईयरफोन छोड़ा था, इसी से पकड़ाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर का आरोपी संजय रॉय 14 दिन की पुलिस कस्टडी में है। उसे 9 अगस्त को ही गिरफ्तार कर लिया गया था। संजय हॉस्पिटल में पुलिस की मदद के लिए सिविक वॉलंटियर के तौर पर काम करता था। उसका हॉस्पिटल के ज्यादातर डिपार्टमेंट में आना-जाना था। उसके फोन की जांच की तो उसमें पोर्न वीडियो भी मिले।

पुलिस ने बताया कि ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी 9 अगस्त को सुबह हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में मिली थी। क्राइम सीन पर एक ब्लूटूथ ईयरफोन भी मिला था। उउळश फुटेज में आरोपी संजय सुबह 4 बजे सेमिनार हॉल में अंदर जाते दिखायी दिया। इस दौरान उसने कानों में ईयरफोन लगाया हुआ था। कुछ देर बाद जब वह हॉल से बाहर आया तो उसके पास ईयरफोन नहीं था। इसके बाद संजय समेत कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए बुलाया गया। पुलिस ने क्राइम सीन पर मिले ईयरफोन को सभी संदिग्धों के फोन से कनेक्ट करने की कोशिश की। ईयरफोन संजय के फोन से कनेक्ट हो गया। पूछताछ के दौरान संजय ने रेप और मर्डर की बात कबूली।

ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के खिलाफ राज्य भर में डॉक्टरों और मेडिकल स्टूडेंट्स के विरोध-प्रदर्शन के बीच पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने रविवार (11 अगस्त) को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सुपरिटेंडेंट को उनके पद से हटा दिया। रेजिडेंट डॉक्टरों का आरोप है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पूरी सुरक्षा एजेंसी में खामी है। डॉक्टरों ने कहा कि उन्होंने अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और 24 घंटे कड़ी निगरानी की मांग की थी। हालांकि, प्रबंधन की तरफ से इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

# गुना में एविएशन एकेडमी का टू सीटर एयरक्राफ्ट क्रैश, दोनों पायलट घायल



**गुना (आजाद सिपाही)।** गुना एयर स्ट्रिप पर टू सीटर एयरक्राफ्ट 152 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह रविवार 11 अगस्त को दोपहर करीब 1 बजे टेस्ट फ्लाइट के लिए उड़ा था। करीब 40 मिनट उड़ने के बाद एयरक्राफ्ट परिसर में ही क्रैश हो गया। आशंका है कि हादसा इंजन फेल होने से हुआ। कैप्टन वी चंद्र ठाकुर और पायलट नागेश कुमार घायल हैं। मौके पर कैंट पुलिस सहित एकेडमी के अधिकारी मौजूद हैं। दुर्घटनाग्रस्त एयरक्राफ्ट कर्नाटक के बेलगावी एविएशन ट्रेनिंग इंटीट्यूट का है। दोनों पायलट हैदराबाद के रहने वाले हैं। ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ने दोनों पायलट हायर किये थे। एयरक्राफ्ट टेस्टिंग और मेंटेनेंस के लिए गुना की शा-शिब एकेडमी में लाया गया था। पायलट 10 अगस्त को गुना आये थे। कैंट थाने के टीआइ दिलीप राजोरिया ने बताया कि एक पायलट ठीक है। दूसरे को सिर में चोट लगी है। उसे निजी अस्पताल में शिफ्ट किया है।

## किश्तवाड़ में आतंकी मुठभेड़, फायरिंग जारी

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग के बाद किश्तवाड़ में रविवार को सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को सुबह किश्तवाड़ जिले के जंगल में आतंकियों के होने की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान दोनों तरफ से कुछ देर के लिए फायरिंग हुई। सेना, पैरामिलिट्री फोर्सेज और पुलिस नौनट्टा, नागेनी पेयास और आसपास के इलाकों में ऑपरेशन चला रही है। इलाके में और सुरक्षा बल भेज दिया गया है। आतंकियों की तलाश जारी है। एक दिन पहले 10 अगस्त को अनंतनाग के कोकरनाग में आतंकियों की फायरिंग से हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा शहीद हो गये थे। 3 जवान और 2 नागरिक घायल हुए थे। इनमें से एक नागरिक की आज अस्पताल में मौत हो गयी। यहां भी सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है।

## बेंगलुरु में कॉफी शॉप के वॉशरूम में हिडन कैमरा मिला, स्टाफ गिरफ्तार

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक कॉफी शॉप के वॉशरूम में हिडन कैमरा मिला है। इसे टॉयलेट शीट के ठीक सामने डस्टबिन में छिपाकर रखा गया था। इसमें दो घंटे से रिकॉर्डिंग हो रही थी। इसे एक महिला ने पकड़ा। घटना शनिवार (10 अगस्त) की बेंगलुरु के बीईएल रोड स्थित थर्ड वेव कॉफी आउटलेट की है। कैफे में मौजूद एक शख्स ने सोशल मीडिया पर घटना की जानकारी शेयर की। उन्होंने बताया कि फोन को डस्टबिन बैग के अंदर सावधानी से छिपाया गया था, जिसमें केवल कैमरा ही दिखाई दे रहा था। फोन फ्लाइट मोड पर था, जिससे कॉल या मैसेज आने पर किसी तरह की आवाज न आये।

# नटवर सिंह का निधन, शोक की लहर

**पीएम मोदी-खड़गे समेत कई नेताओं ने जताया दुख**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे नटवर सिंह अब नहीं रहे। उनका शनिवार रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 93 साल के थे।

नटवर सिंह के निधन की खबर से सियासी गलियारे में शोक की लहर दौड़ गयी है। पक्ष और विपक्ष से जुड़े तमाम नेता दुख व्यक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई अन्य नेताओं ने भी उनके योगदान को याद किया और संवेदना जतायी।



#### निधन से दुखी हूं: मोदी

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पूर्व विदेश मंत्री के साथ एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने लिखा, 'नटवर सिंह के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया। वह अपनी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ बेहतरीन लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं।'

**राष्ट्रपति ने जताया दुख :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री के. नटवर सिंह के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने लंबे करियर में, उन्होंने एक प्रतिष्ठित राजनयिक से लेकर एक उत्कृष्ट सांसद तक कई उपलब्धियां हासिल कीं। पद्म भूषण से सम्मानित सिंह लिखने के लिए जाने जाते थे। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। इसके अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राजद सांसद मनोज झा समेत कई लोगों ने भी शोक प्रकट किया है।

### मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हुआ बम ब्लास्ट

# पूर्व विधायक की पत्नी की मौत

**टेंग्नौपाल में गोलीबारी में एक उग्रवादी और 3 वॉलंटियर्स मारे गये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार (10 अगस्त) को हुए बम ब्लास्ट में एक पूर्व विधायक की पत्नी की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया घटना सैखुल के पूर्व विधायक यमथोंग हाओकिप के घर के पास हुई। हादसे में घायल पूर्व विधायक की पत्नी सापम चारूबाला की अस्पताल में मौत हो गयी। बम किसने लगाया, इस बात का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं, 9 अगस्त को टेंग्नौपाल जिले के मोलनोम इलाके में फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि फायरिंग गांव के वॉलंटियर्स और उग्रवादी संगठन यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट (यूकेएलएफ) के सदस्यों के बीच हुई थी। इसमें एक उग्रवादी और 3 वॉलंटियर्स मारे गये। घटना से गुस्साए लोगों ने यूकेएलएफ के अध्यक्ष एसएस हाओकिप के घर में आग लगा दी। हालांकि अब स्थिति नियंत्रण में है। मामले में अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।



#### जिरिबाम में शांति समझौते के 24 घंटे बाद ही हिंसा

मणिपुर के जिरिबाम के लालपानी गांव में 2 अगस्त की रात हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। यह घटना जिरिबाम में शांति बहाल करने के लिए हुए समझौते के 24 घंटे के भीतर हुई। हमलावरों ने एक घर में आग लगा दी। हालांकि, वहां कोई नहीं रहता था। अधिकारियों ने बताया कि लालपानी में मैतेई लोगों के घर हैं। यहां के अधिकांश लोगों ने जिले में हिंसा भड़कने के बाद घर छोड़ दिया था। उपद्रवियों ने यहां सुरक्षा-व्यवस्था में ढील का फायदा उठा कर हमला किया। हमलावरों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया। मैतेई और कुकी समुदायों ने गुरुवार (1 अगस्त) को असम के कछार से सटे सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में एक बैठक के बाद शांति समझौते पर साइन किये थे। दोनों समुदायों ने जिले में स्थिति सामान्य करने, आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं को रोकने की बात कही थी। दोनों पक्षों ने सुरक्षाबलों को भी पूरा साथ देने का आश्वासन दिया था।

# अकेलवा दामर जंगल में मिला महिला का कंकाल, क्षेत्र में सनसनी

**महिला पिछले सात दिनों से अपने घर से लापता थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनसानी पंचायत के भुइयां भंवरिया टोला स्थित अकेलवा दामर जंगल में एक महिला का कंकाल मिलने से क्षेत्र में क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। उक्त महिला पिछले सात दिनों से अपने घर से लापता थी। मृत महिला की पहचान भुइया भंवरिया टोला निवासी सकेंद्र भुइया की 40 वर्षीया पत्नी सुमीत्री देवी के रूप में हुई। इसकी पुष्टि मृतका की बेटी मीरा देवी ने अपनी मां की साड़ी और पैर की गोदना से की। उधर घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई प्रदीप उरांव, एएसआई नारायण प्रसाद दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा शव का


मृतक महिला भुइया भंवरिया की फाइल फोटो

पंचनामा करने के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेजवाया। जंगल में महिला की कंकाल होने की जानकारी उस समय लगी जब शनिवार की शाम कुछ बच्चे अकेलवा दामर के जंगल की तरफ खुखड़ी खोजने गये, तो झाड़ी से बदबू उठने पर बच्चों ने आकर इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। रविवार की सुबह जब ग्रामीण अकेलवा दामर के जंगल के उस जगह पर पहुंचे, तो एक महिला का क्षत विक्षत कंकाल मिला। तत्काल इसकी सूचना पंचायत के मुखिया पति राजेश्वर पासवान तथा भवनाथपुर पुलिस को दी। ग्रामीणों ने महिला का बीते 5 अगस्त के रात में ही गला घोटकर हत्या कर दिये जाने की आशंका जताते हुए कहा कि पिछले सात दिनों से शव सुनसान जंगल में पड़े होने से जंगली जानवर या कुत्ते शव को नोंचकर खा गये होंगे।

## मृतका की बेटी ने लगाया हत्या का आरोप

मृतका की बेटी मीरा देवी ने पुलिस को बताया कि श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के राजापहाड़ी स्थित विशुनपुर के रहने वाला लेदू खां और मेरी मां सुमीत्री के बीच अच्छा तालमेल था, इसलिए उसका मेरे घर आना जाना लगा रहता था। बीते 5 अगस्त की शाम जब मेरी मां घर पर थी, तो लेदू खां अपनी लूना से आया तथा मेरी मां को शराब पिलाने के लिए घर से कुछ दूरी पर स्थित संतु राम के घर ले गया था, देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंची, तो मेरे द्वारा अपने स्तर से काफी खोजबीन करने के बाद भी मेरी मां नहीं मिली। उसने आरोप लगाया कि लेदू खां ने ही मेरी मां को जंगल में ले गया और हत्या करने के बाद शव को फेंक कर फरार हो गया है। उसने पुलिस को बताया कि जब मैं लेदू खां के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की तो बीते सोमवार की रात से ही उसका मोबाईल स्वीच ऑफ बता रहा है।

इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रथम द्दष्टया हत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस हत्या के मामले की जांच में जुट गयी है। जल्द ही हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# फोरलेन की जद में पड़े रैयतों को प्रशासन का अल्टीमेटम, दो दिन में खाली करें मकान

**आप लोग अपनी समस्या को लेकर मुझसे कार्यालय में संपर्क कर सकते है :अंचल पदाधिकारी**

आजाद सिपाह संवाददाता

**बंशीधर नगर।** फोरलेन की जद में पड़े रैयतों को प्रशासन का अल्टीमेटम दो दिन में खाली करें मकान। इसे लेकर रविवार को श्री बंसीधर नगर के अंचल पदाधिकारी विकास कुमार दल बल के साथ बिलासपुर बाजार में बुलडोजर के साथ पहुंचते ही अपने ध्वनि विस्तारक यंत्र से घोषणा करते हुये कहा कि एनएचआई के द्वारा तीव्र गति से खजुरी से लेकर बिलासपुर तक फोरलेन निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इस संबंध में सड़क निर्माण के लिए मकान जमीन अधिगृहित किया जा चुका है।



इसमें जिन भूमि धारकों को मुआवजा मिल चुका है, वैसे लोगों को सूचित किया जाता है कि दो दिन के अंदर मकान और दुकान का इंफ्रास्ट्रक्चर खाली कर दें, वरना इसके बाद प्रशासन के द्वारा बुलडोजर लगाकर कभी भी खाली कराया जा सकता है, जिसकी जिमेवारी भवन मालिक का होगा। इसे अति आवश्यक समझते हुए खाली कर सड़क निर्माण में सहयोग दें।

इसे सुनते ही आसपास के भवन मालिक इकट्ठा होकर अंचल पदाधिकारी से अपनी-अपनी समस्यायों से अवगत कराया। जिसमें लोगों का कहना था कि भू अर्जन कार्यालय के द्वारा बार-बार दौड़ाया जा रहा है। साथ ही कितने लोगों का अंचल कार्यालय से एलपीसी निर्गत नहीं किया गया है। जिस कारण वे कई माह से अंचल कार्यालय से लेकर भू-अर्जन कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसे सुनने के बाद अंचल पदाधिकारी ने दो टूक कहा कि भू अर्जन के विषय में ज्यादा कुछ नहीं कह सकते, जहां तक अंचल कार्यालय का विषय है आप लोग अपनी समस्या को लेकर मुझसे कार्यालय में संपर्क कर सकते है। इसका त्वरित गति से समस्या का समाधान किया जायेगा।

इस मौके पर श्री बंसीधर नगर के थाना प्रभारी आदित्य नायक पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। जबकि अन्य लोगों में दर्जनों भूमिधारक उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रूप से मुन्ना जयसवाल जगरनाथ मुनीब, अजय जयसवाल, मुकेश कुशवाहा, संजय गुप्ता, अशोक जयसवाल, दीपक कुमार, कंचन विश्वकर्मा, अकाश जयसवाल, डॉक्टर बिनोद कुमार, उदय मेहता, अरविंद गुप्ता उपस्थित थे।

# राज्य में पुनः बनेगी महागठबंधन की सरकार : मंत्री


माला पहनकर पार्टी में शामिल करते मंत्री ।

**बाना के सौ से अधिक लोग झामुमो में शामिल**

आजाद सिपाह संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत बाना पंचायत के एक सौ से अधिक लोग दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। रविवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने माला व पार्टी का पट्टा पहना कर सभी को झामुमो में शामिल किया। बना मुखिया गौरी देवी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य दिनेश चौधरी, नागेंद्र उरांव, कमला देवी, प्रतिमा देवी, कुसुम देवी, तबैसुन बीबी, संगीता देवी, रजकलिया देवी, विश्वनाथ राम सहित सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिस तरह से झामुमो की ओर जनता का रुझान बढ़ा है आने वाले समय में पुनः राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। मंत्री ने शामिल होने वाले लोगों से कहा कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में जा कर राज्य सरकार के कार्यों व पार्टी के नीति सिद्धांतो को जन जन तक पहुंचाएं। साथ ही सरकार की चलायी जा रही योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने में मदद करें। मंत्री ने कहा कि पट्टी के नीति और सिद्धांतों तथा गढ़वा में किये जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर प्रत्येक गांव से काफी संख्या में लोग प्रतिदिन झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रहे हैं।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, शरीफ अंसारी, सलीम जफर, प्रवक्ता हुसैन अली, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, संजय कांस्यकार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंत्री ने किया बेलचंपा और उड़सुगी पंचायत में जनसंवाद



**गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा प्रखंड के बेलचंपा और उड़सुगी पंचायत के विभिन्न गांवों जनसंवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने बेलचंपा पंचायत के ग्राम नावाडीह में देवीमंडप के समीप, बेलचंपा बस्ती में पीपल पेड़ के समीप, ग्राम मेढ़ना में, उड़सुगी में स्कूल टोला चबूतरा के समीप, ग्राम चेतना में मस्जिद के समीप, उड़सुगी कुशमाहा टोला पंचायत भवन में तथा ग्राम गुरदी में अंसारी टोला स्कूल के समीप आयोजित जन संवाद में ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मंत्री ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया। साथ ही अन्य सभी समस्याओं का त्वरित निदान करने की बात कही। मंत्री ने झारखंड मुख्यमंत्री माइयां सम्मान योजना के भरे जा रहे आवेदन की स्थिति की भी जानकारी लिया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, जिला परिषद सदस्य मिथिलेश पसवान, मुखिया सफीक खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।**

# स्कूल की पूर्व प्रधानाध्यापिका विद्यानी को साजिश कर मामले में फंसाया गया है: शिक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** स्थानीय जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के सभी शिक्षकों ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कहा है कि स्कूल की पूर्व प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला को षड्यंत्र पूर्ण मामले में फंसाया गया है। उन्होंने उक्त दलित आदिवासी महिला को तथ्यों पर विचार करते हुए दोष मुक्त किये जाने का आग्रह किया है। शिक्षकों ने कहा है कि राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय कांडी के बच्चों को व्यावहारिक शैक्षणिक भ्रमण पर जाने के लिए प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला के द्वारा राशि दी गयी थी। विद्यालय प्रबंधन समिति की सहमति से 56000 रुपये की निकासी के लिए शिक्षक धर्मेंद्र


स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी के शिक्षक गुहार लगाते हुये।

कुमार को वेंडर बनाया गया था। एसएमसी के अध्यक्ष और सचिव के हस्ताक्षर से बिल बीआरसी को भेजा गया था। बिल की छाया प्रति संलग्न की गयी है। दिनांक 31 मार्च 2024 को वेंडर शिक्षक धर्मेंद्र कुमार बैठा के खाता संख्या 41429871603 में यह राशि बीआरसी के द्वारा 56000 रुपये जमा किया गया है। बैंक स्टेटमेंट संलग्न है। इसी राशि को मैडम द्वारा मांगे जाने पर शिक्षक धर्मेंद्र कुमार द्वारा बराबर टाल मटोल किया जाता रहा है। इनके द्वारा षड्यंत्र रचते हुए दिनांक 6 अगस्त 2024 को 10000 रुपये स्टाफ के सामने दिया गया है। शेष राशि बाद में देने की बात कही गयी है। 7 अगस्त 2024 को षडयंत्र पूर्वक इनके द्वारा प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला को 20000 रुपये देकर एसीबी से गिरफ्तार कराया गया है। यह राशि भरे हुए स्टाफ रूम में दी गयी है। यह राशि रिश्वत की नहीं, बल्कि 56 हजार रुपये में से बची हुई शेष राशि थी। शिक्षकों ने कहा है कि हाजिरी बनाने के लिए यह रिश्वत की राशि नहीं थी। बल्कि मैडम द्वारा दी गयी 56000 में से बची हुई राशि थी। यह किसी प्रकार रिश्वत की राशि नहीं थी, बल्कि इसके एवज में षडयंत्र पूर्वक उन्हें फंसाया गया। प्राचार्य रूम में सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है जहां सारी गतिविधि कैद होती है। एसीबी को लिखे आवेदन पर प्रधानाध्यापक निरंजन शाह, अमित कुमार विश्वकर्मा सहित तमाम शिक्षकों के हस्ताक्षर हैं।

## 145 कामगारों की हुई स्वास्थ्य जांच और 60 लोगों ने किया रक्तदान



**मेराल (आजाद सिपाही)।** भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत एनएच 75 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य करा रही एमजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के अकलवानी स्थित कैंप में रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 145 कामगारों का स्वास्थ्य जांच किया गया तथा 60 लोगों ने एक एक यूनिट रक्तदान किया। स्वास्थ्य कैंप में बड़ी संख्या में उपस्थित कामगारों तथा स्थानीय लोगों को चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कई सुझाव दिये। स्वास्थ्य शिविर में सीएचसी मेराल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार, रूपदेव सिंह, प्रदीप पासवान, निरुपमा चौधरी, सोनी कुमारी, तनीप राज, नूतन, रेखा कुमारी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौके पर एमजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के अमित कुमार गौरव, प्रवेश पचौरी, रविकांत, योगेश दलाल, उमेश पांडे, विनोद चौहान सहित कई लोग थे।

## युवक का फांसी के फंदे से झूलता मिला शव

**गढवा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के ओबरा गांव में सुखदेव सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अमरेश सिंह की संदेहास्पद मौत हो गयी। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। खोजी कुत्ते को बुलाकर पुलिस ने जब जांच शुरू किया तो, खोजी कुत्ता मृतक के घर में ही प्रवेश कर गया। इसके बाद मुखिया के समझाने पर ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## वर्तमान सरकार में अल्पसंख्यकों के अधिकारों का हो रहा हनन : गिरिनाथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों का दौरा करते हुए परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा रंका प्रखंड पहुंची। इसी क्रम मे रविवार को रंका के खपरो और सिरोई पंचायत में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रंका को अनुमंडल बनाने के लिए जो प्रयास उन्होंने किया था, उसके बाद में आये जनप्रतिनिधियों ने इसे चरागाह बनाने का काम किया।

पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि श्री तिवारी ने 10 वर्षों तक जनता को फर्जी चेक स्लीप देकर गुमराह किया। जबकि वर्तमान विधायक और पेयजल मंत्री भी भ्रष्टाचार में किसी से कम नहीं हैं। श्री सिंह ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में अल्पसंख्यक भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता परिवर्तन के मूड में है और आने वाले समय में सभी सवालों का जवाब देगी। उन्होंने जनता से वादा किया कि वे सत्ता में आने पर भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करेंगे। इस कार्यक्रम में डॉ. गौरी शंकर प्रसाद, सुनील माली, सुलपानी सिंह, फजलु रहमान, अनीस अंसारी, कामेश्वर राम, रसीद अंसारी, और हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

## संत तुलसीदास के अवतरण के अवसर पर श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ



**रंका(आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास के सप्तमी तिथि को पवित्र ग्रंथ श्रीराम चरित मानस के रचयिता संत तुलसी दास के अवतरण दिवस के अवतरण पर रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित ठाकुर बाड़ी मंदिर में रविवार को आचार्य भोला पांडेय के द्वारा विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पुजारी बालेश्वर दूबे, मनोज तिवारी, आलोक पाण्डेय, राजकुमार प्रसाद, सनातन कुमार, समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार, मनोज प्रसाद, नितीश कुमार, रोहित कुमार, यशराज, अविनाश, सत्यम कुमार सहित काफी संख्या में सज्जन पाठ में शामिल थे।**

# गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह संपन्न

आजाद सिपाह संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती के शुभारंभ क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख वह गुमला जिले के रायडीह में संचालित प्रकल्प के प्रमुख वह घोष प्रशिक्षक राजेश कुमार द्वारा भारत माता, ओम और मां शारदे एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया।

तुलसीदास के जीवन वृत्त और कृतित्व पर कक्षा नवम के भैया संजीत कुमार, विवेक कुमार राय वह कक्षा छह के भैया अर्णव राज पांडेय ने रोचक वर्णन किया। कक्षा चतुर्थ से दशम तक की बहनों ने मानस पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया।

मानस पाठ का विषय 'गुरु विश्वामित्र की सेवा' का प्रतिभागी बहनों ने सस्वर मनोहारी गायन की। मानस पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में तंवी जोशी, नेहा कुमारी, सलोनी कुमारी रहीं। गोस्वामी तुलसीदास के रूप सजा में कक्षा सप्तम ब के भैया शिवम कुमार गुप्ता मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने गोस्वामी गोस्वामी तुलसीदास के जीवन आधारित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया है श्री प्रसाद ने कहा कि तुलसीदास रचित राम चरित्र मानस हम सभो के लिए धरोहर हैं।




आचार्य कृष्ण कुमार पांडे द्वारा रामचरित्र मानस ग्रंथ मुख्य अतिथि को सादर भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कौशलेंद्र झा, नंदलाल पांडे, सत्येंद्र प्रजापति, नीरज कुमार सिंह, सुजीत कुमार, अशोक कुमार, प्रसून कुमार, दिनेश कुमार कृष्ण मुरारी, उमेश कुमार प्रदीप कुमार, नीति कुमारी प्रियंवदा, आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, तन्वी जोशी, नेहा, सलोनी, रेनू पाठक का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

# टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार वितरित

**टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए इस अभियान में हम सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए : डॉ कमलेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला० नंदलाल प्रसाद के नेतृत्व में गोद लिये हुए दस टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण क्लब कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के पदाधिकारी सह झारखंड प्रदेश यक्ष्मा के डायरेक्टर डॉ कमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार




के साथ उनकी बिमारी से जुड़ी उन्हें कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। जिससे मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ हो और नियमित दवा का सेवन करें। दवा को बीच में बंद ना करें और समय-समय पर अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में इलाज डॉक्टरों से परामर्श लें। साथ ही खुद को सुरक्षित रखते हुए अपने लोगों को भी जागरूक कर सुरक्षित करें। डॉ कमलेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार का लक्ष्य है टीबी मुक्त भारत बनाने का इस अभियान में हम सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

वहीं दूसरे सेवा कार्य में क्लब अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद ने डॉ यासीन अंसारी मिल्लत कॉलेज जोबरइया में जाकर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया और अध्यक्ष ने कहा कि पौधा लगाने के लिए अभी मौसम अनुकूल है, लोग ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें और उससे भी जरूरी है लगाये हुए पेड़ पौधों की देखरेख करते हुए उसे बचायें, तभी हम सब कि मेहनत सफल होगी और हम अपने आने वाली पिढ़ियों को शुद्ध वातावरण दे पायेंगे, वरना हमारी आनेवाली पीढ़ी हम सब से जवाब तलब करेगी। इस सेवा कार्य में रघुवीर प्रसाद कश्यप, डॉ एसके विश्वकर्मा समेत बहुत सारे लायंस विशाल के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन, विजेता पुरस्कृत

**मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा आयोजन समिति को 21 हजार रुपये दिया गया सहयोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रविवार को संगबरिया हॉस्पिटल चौक पर लक्ष्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 3.5 किलोमीटर के लक्ष्य दौड़ प्रतियोगिता में 90 युवाओं ने भाग लिया। सफल प्रतिभागियों को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रतिनिधि और गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के जिला सचिव गुड्डू सिंह, खेल प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ अनिल साह, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, मुखिया संजय राम, मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोरखनाथ साह, डॉ लालबहादुर साह आयोजन समिति के अध्यक्ष रूपेश कुमार



विश्वकर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता कांडी थाना क्षेत्र के अख्तर अंसारी को 5100 रुपये नकद के साथ मेडल और शिल्ड देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं द्वितीय विजेता गढ़वा के अमित कुमार को 2100 रुपये नकद के साथ शिल्ड और मेडल तथा तीसरा विजेता अमहर विशुनपुरा के नेपाल कुमार को 1100 रुपये नकद के साथ शिल्ड और मेडल प्रदान किया गया। वहीं अन्य प्रतिभागियों को संतावना पुरस्कार के रूप में मेडल प्रदान कर हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुड्डू सिंह ने कहा की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांव में दौड़ प्रतियोगिता के आयोजन से जहां युवाओं में देश प्रेम की भावना उत्पन्न होगी। वहीं गांव के प्रतिभावान युवकों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना की तथा मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा उपलब्ध कराये गये 21 हजार रुपये सहयोग के रूप में प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सचिव विपीन कुमार साव, कोषाध्यक्ष लवकुश कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मौके पर चंदेश्वर कुमार, शिवपूजन कुमार, सूरज गुप्ता, राजू कुमार रंजन, विकास कुमार गुप्ता, धीरज सिंह, वशिष्ठ विश्वकर्मा, शंभू प्रसाद, वीरेंद्र साह, लक्ष्मण प्रसाद, रमेश बैठा, सुनील सिंह, अरुण कुमार रवि, ऋषिकेश विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 12 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# कलीम रिजवी ने मुख्यमंत्री से मिलकर खलारी की समस्याओं से अवगत कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष कलीम रिजवी ने झारखंड के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर खलारी कोयलांचल की समस्याओं से उन्हे अवगत कराया है। इस दौरान कलीम रिजवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि खलारी कोयलांचल कोयला खनिज संपदा से परिपूर्ण है इसके बावजूद क्षेत्र में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। साथ ही उन्होने खलारी कोयलांचल में स्वास्थ्य और शिक्षा संस्थानों पर भी चर्चा करते हुए बताया कि खलारी कोयलांचल में महिला डिग्री कॉलेज नही है। जिसके कारण क्षेत्र से बच्चियां डिग्री कॉलेज में पढ़ने के लिए मांडर या रांची जाती है। उन्होने मुख्यमंत्री से खलारी कोयलांचल में एक महिला डिग्री कॉलेज खोलने पर पहल करने का आग्रह किया। वहीं सभी समस्याओं से अवगत होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्याओं के निदान के लिए सकारात्मक पहल करने का आष्वासन दिया।

# नीलकंठ सिंह मुंडा के आवास पर जुटे भाजपा विधायक, हिमंता विश्व सरमा भी रहे मौजूद

आजाद सिपाही संवाददता



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के रांची स्थित आवास में रविवार को भाजपा विधायकों की बैठक में आसन्न विधानसभा चुनाव और पार्टी संगठन को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में झारखंड के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा, विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, सदन में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाऊरी, विधायक रणधीर सिंह, विधायक भानू प्रताप शाही, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक अमित कुमार मंडल, विधायक आलोक

चौरसिया, पूर्व विधायक सीता सोरेन आदि उपस्थित थे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में लोकसभा में भाजपा के प्रदर्शन, बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती सहित कई मुद्दों पर पार्टी नेताओं ने मंथन किया। बैठक के पूर्व चुनाव सह प्रभारी हिमंत विश्व सरमा ने विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा से अकेले में भी मंत्रणा की।

इसके पूर्व विधायक आवास पहुंचने पर नीलकंठ सिंह मुंडा और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

# परमेश्वरी सांडिल शोकाकुल दोनों परिवार के घर सांत्वना देने पहुंचीं

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ क्षेत्र के पुंडिदीरी गांव शिवटोली निवासी रीना कुमारी 16 वर्षीय और अड़की क्षेत्र के सोनपुर निवासी नवमी कुमारी 16 वर्षीय धान रोपनी दौरान वज्रपात से मौत हो गयी थी। रविवार को जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल शोकाकुल दोनों परिवार के घर सांत्वना देने पहुंचीं। सरकार की ओर से जो मुआवजा राशि मिलती है, यथाशीघ्र दिलाने की बात कही। मौके पर ताराचंद मुंडा जिला सचिव आजसू पार्टी, दुती कृष्ण मुंडा प्रखंड अध्यक्ष अड़की आजसू पार्टी, फलिंद्र अहिर, धनु नाग आदि उपस्थित रहे।

# पांच परगना सूंडी समाज की बैठक



तमाड़ (आजाद सिपाही)। पांच परगना सूंडी समाज की बैठक अनुप साहु के आवास गागरसतिया में अनुप साहु की अध्यक्षता में रविवार को की गयी। इसमें बुंडू, तमाड़, सिंदरी, अड़की, पुरनानगर आदि जगहों से समाज के लोग एकत्रित हुए। इसमें सूंडी समाज के उत्थान एवं प्रगति के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इसमें अनुप साहु को नया पांच परगना सूंड़ी समाज का अध्यक्ष चुना गया। समाज द्वारा जल्द कमेटी गठन करने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर राजन साहू, बलराम साहू, किस्टो साहू, मनोज साहू, ओम प्रकाश गुप्ता, प्रमोद साहु, नंद किशोर साहू, दिवाकर साहू, गौतम साहू, अभय कुमार साहू, शुशील साहु, सिद्धार्थ साहू, ब्रजेश साहू आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कुड़मी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने थाना में शिकायत दर्ज करायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** थाना में रविवार को आदिवासी कुड़मी समाज ने ईचागढ़ दक्षिणी भाग 2 के जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी द्वारा संपूर्ण कुड़मी समाज को वेश्या और नाचनी कहकर गाली देने के मामले में शिकायत दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया है कि बीते 9 अगस्त 2024 शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर एक सम्मेलन गांगुडीह फुटबाल मैदान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में हजारों लोग उपस्थित थे। उक्त मंच में भाषण देते हुए ज्योतिलाल मांझी ने उन्होंने पूरे कुड़मी (महतो) समाज को वेश्या तथा नाचनी कह कर गाली दिया है। इससे पूरा कुड़मी (महतो) समाज अत्यंत दुखी तथा मर्माहत है। इस तरह का अपमानजनक गाली शब्द का प्रयोग लोकशांति भंग करने को प्रकोपित करने के आशय से साशय अपमान किया है। इस अपमानजनक भाषण को लाखों लोगों ने सोशल मीडिया में देखा है। जिसका फोटोकॉपी तथा वीडियो का प्रमाण भी थाना प्रभारी को सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि अब तक प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण इतने बड़े समुदाय के ऊपर इस तरह से लांछन लगाकर अपमानजनक गाली देने से राज्य में जातीय दंगा होने की भी संभावना व्यक्त की है। ज्ञापन का प्रतिलिपि एसडीओ चांडिल, एसपी सरायकेला और डीजीपी झारखंड को भी भेजा गया। मौके पर आदिवासी कुड़मी समाज के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, अशोक पुनअरिआर, गोपेश महतो, वशिष्ठ नारायण महतो, कृष्ण चंद्र महतो, अधिवक्ता जवाहरलाल महतो, सुकदेव काड़ुआर, फूलचांद काड़ुआर, गुणधाम मुतरुआर, जितेंद्र महतो, पर्वत महतो, कमल महतो, हेमंत महतो, निरंजन महतो, आकलु महतो, गौर महतो आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज और जोराकाठ विद्यालय में हुई पहल

# बाउंड्री और कमरों के निर्माण का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** कांके विधायक समरीलाल और मैकलुस्कीगंज के समाजसेवी सह मैकलुस्कीगंज डेवलपमेंट फोरम के महासचिव सुरेंद्रनाथ पांडेय ने रविवार को मैकलुस्कीगंज स्थित आदर्श उच्च विद्यालय और जोराकाठ स्थित विद्यालय में दो अतिरिक्त कमरों और चाहरदीवारी निर्माण के लिए नारियल फोड़कर व शिलापट्ट हटाकर शिलान्यास किया। इसका निर्माण डीएमएफटी मद से होगा। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुरेंद्रनाथ पांडेय ने आदर्श उच्च विद्यालय के प्रांगण में कहा कि आदर्श उच्च विद्यालय की स्थापना जिस उद्देश्य से किया गया है, वो अपनी भूमिका बखुबी निभा रहा है, पढ़ने में बच्चों को किसी तरह की परेशानी न हो अतिरिक्त कमरों की आवश्यकता थी, उन्होंने इसके लिए विधायक समरीलाल का आभार भी प्रगट किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, महामंत्री अनिल गंझू, अरविंद सिंह, जितेंदनाथ पांडेय, शत्रुंजय सिंह, सुबोध रजक, सुनील गिरी, कुलदीप साहू, राधेश्याम प्रसाद, रविंद्र मुंडा, जितेंद्र भारती, हरी पाहन, सीताराम प्रजापति, लखन प्रसाद साहू, प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहू, गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, मनोहर महतो, मनोज दुबे, सुरेश प्रसाद, रविंद्र पासवान मौजूद थे।

# बालू बेचने का धंधा बे-रोक-टोक जारी

सोनाहातु (आजाद सिपाही)। सोनाहातु थाना क्षेत्र के राढु नदी से बालू उठाकर चोरी-छिपे बेचने का धंधा बे-रोक-टोक जारी है। दो से तीन साल पहले 14 हजार रुपये एक हाईवा बालू बिक रहा था। इसकी कीमत 54 हजार रुपये में बिक रहा है। सोनाहातु प्रखंड के राढु नदी से बालू निकालकर बुंडू और राहे मार्ग से रांची भेजा जा रहा है, जबकि इन दिनों एनजीटी की रोक के बावजूद चलाया जा रहा है। 54 हजार रुपये में बालू में 10 से 12 हजार रुपये देने पड़ते हैं। कमीशन पुलिस प्रशासन व सफेदपोश नेता के पीछे भी खर्च करना पड़ता है। यह काम रात के अंधेरे में चोरी-छिपे किया जाता है। बालू महंगा होने से गरीबों को अब अपना आवास बनाने में परेशानी हो रही है।

# रोहिणी परियोजना के कामगारों ने संडे और पीएचडी की मांग पर किया सामूहिक विश्राम



खलारी (आजाद सिपाही)। रोहिणी परियोजना के कामगारो ने पूर्व की भांति सभी मजदूरों को संडे और पीएचडी देने की मांग को लेकर लगातार दूसरे रविवार को भी सामूहिक अवकाश किया। परियोजना के कामगार सभी कामगारो को संडे और पीएचडी देने की मांग को लेकर पिछले रविवार को ही सामुहिक विश्राम कर आंदोलन कर रहे हैं। वहीं दूसरे रविवार को भी सभी कामगारो को संडे ड्यूटी नही मिलने पर परियोजना के सभी विभागों के कामगार हाजरी घर के पास एकत्रित हुए लेकिन किसी भी कामगार ने हाजरी नहीं बनाई और अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। कामगारो के सामुहिक अवकाश पर चले जाने से परियोजना का काम पूरी तरह बंद रहा। प्रथम और द्वितीय पाली में किसी भी कामगार ने हाजरी नहीं बनाई। वही प्रबंधन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गयी। इस दौरान विभिन्न श्रमिक संगठनों और कामगारो ने उपस्थित कामगारो को संबोधित करते हुए चट्टानी एकता को बनाये रखने और आंदोलन में पूरी सहभागिता निभाने के लिए सभी कामगारो का आभार व्यक्त किया गया। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि और कामगारो ने एक स्वर में कहा कि जब तक सभी कामगारों को संडे पीएचडी नही मिलता है तबतक सभी कामगार हर रविवार को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत मोटरसाइकिल रैली निकाली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा, रांची ग्रामीण जिला द्वारा जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल रैली निकाली गयी। यह रैली बुंडू राधारानी मंदिर, बुंडू नगर से राहे गोमदा चौक, राहे तक निकाली गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार महतो, लक्ष्मण सिंह मुंडा, रंजित लाहिरी, भास्कर मुखर्जी, आलोक दास, धीरेन महतो, दिलेश्वर कोईरी, चितरंजन महतो, सृष्टिधार प्रजापति, मनोज महतो, कैलाश हलवाई, युवा मोर्चा अध्यक्ष अपुल राज, विवेक गुप्ता, जीतू महतो, मनोज महतो, पवन जायसवाल, परिक्षित महतो, बिपुल बासव, सोमनाथ पाल, गौरव बीद, अर्घ्य बीद, गुरुदेव, अरुण पाल आदि मौजूद थे।

# अफीम की खेती के कुछ पैसों के लालच में भावी पीढ़ी को बर्बाद न करें : पीआर पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा थाना की पुलिस कें सौजन्य से रविवार को तोरपा प्रखंड के ग्राम सुंदारी के उरलुटोली, नंदा टोली में ग्रामीणों को अफीम की अवैध खेती से होने वाले दुष्परिणाम, डायन बिसाही कुप्रथा, नशे के दुष्परिणाम और सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने कहा कि अफीम की खेती की खेती है। इसके लिए कानून में कड़े दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती से कुछ पैसों के लालच में भावी पीढ़ी को आप बर्बाद न करें। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलायें और यातायात नियमों का पालन करें।

उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील की कि वे नशापान का हर हाल में त्याग करें। नशाापान से किसी का भला नहीं हो सकता।

# नावाडीह में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, कोनका की टीम बनी विजेता



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। नावाडीह में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। आयोजित मैच में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा खलारी के मनरेगा और पंचायती राज विभाग के सांसद प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद उपस्थित थे। फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनेश प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में कई जगहों से आयी टीमों ने भाग लिया। जिनमें बिरसानगर, करकट्टा, बड़की टॉड, हेसालोंग, नावाडीह, कोनका, मोना टोला, टिकेतरी की टीमें शामिल थी। वहीं प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कोनका की टीम ने हेसालोंग की टीम को पैनाल्टी शूट आउट में एक गोल से हराकर विजेता बना। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को बीस किलो मुर्गा, मेडल और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को पंद्रह किलो मुर्गा, मेडल और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अजय गंझू, बिष्णु गंझू, शिवा गंझू, राजन गंझू, दीपक गोसाई, जितेंद्र गंझू, रवि मुंडा सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में कुसुमटोला और धमधमियां की टीम विजयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** केडीएच मैदान में चल रहे 40वां चैलेंजर फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन रविवार को तीन मैच खेला गया। पहला मैच बरटोला बनाम बचरा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें बरटोला की टीम ने 2-0 गोल के अंतर से मैच को जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच संजय गंझू रहे। दुसरा मैच कुसूमटोला और उमेडंडा की टीम के बीच खेला गया। मैच में कुसूमटोला की टीम ने 2-0 गोल के अंतर से जीत हासिल किया। जिसमें मैन ऑफ द मैच अजीत महतो रहे। वहीं तीसरा मैच धमधमियां बनाम महावीरनगर की टीम के बीच हुआ। जिसमें पैनल्टी षुट आउट में 4-2 गोल के अंतर से धमधमियां की टीम विजयी रही है। मैन ऑफ द मैच आयुश मुंडा रहे। सभी मैच में मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को रैम्बो क्लब के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मैच के सफल आयोजन में क्लब के प्रकाष महतो, रामजतन गंझू, महेंद्र गंझू, राजकुमार मुंडा, इंद्रदेव ठाकुर, राजू सिंह, रवि बेदिया, छोटू, अशोक, लालेश्वर गंझू, जितवाहन गंझू, अजय का योगदान दिया जा रहा है।

# भाजपा महिला मोर्चा की आक्रोश रैली कल

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा 13 अगसत को अहूत आक्रोश रैली की समीक्षा बैठक रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की। भाजपा की विज्ञप्ति में बताया गया कि बैठक का मुख्य विषय प्रदेश सरकार की महिलाओं के साथ की गयी वादा खिलाफी के विरोध में 13 अगस्त को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा रैली जिला समाहरनालय के समक्ष आक्रोश रैली निकाली जायेगी। बैठक में जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र का एक भी वादा सरकार ने पूरा नहीं करके महिलाओं के साथ छल किया है। महिलाओं के साथ अत्याचार, अनाचार, हत्या, लूट अन्य प्रकार के जघन्य अपराध की घटनाएं घटित हो रही हैं। जिला प्रभारी ने आक्रोश प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कार्य योजना की समीक्षा की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा, जगन्नाथ मुंडा, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, जिला मंत्री गोपाल स्वर्णकार, सुधीर सिंह, कार्यालय मंत्री राजेश कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप, राम ध्यान सिंह, अर्जुन पाहन, सीताराम नाग, कलिंदर राम, परशुराम दास, जिला मोर्चा अध्यक्ष रंदाय नाग, संजय मुण्डा, रोहित साहू, आइटी संयोजक आदर्श अंशुल, महामंत्री सीमा देवी, सुलोचना देवी, सुदर्शन भोगता, बासमती देवी, सुदन मुंडा आदि उपस्थित थे।

# आम्रेश्वर धाम में दिन भर उमड़ती रही बाबा के भक्तों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पवित्र सावन महीने में क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में जलाभिषेक के लिए दूर दराज क्षेत्रों से भक्तों का पहुंचना लगातार जारी है। इसी क्रम में रविवार को अवकाश के दिन अहले सुबह से ही बाबा आम्रेश्वर धाम में जलार्पण के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। रविवार को पूरे दिन यहां जलार्पण और पूजा-अर्चना करनेवाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरे दिन यहां हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया। वहीं देर शाम बाबा आम्रेश्वर धाम के पवित्र स्वयंभू शिवलिंग का श्रृंगार पूजन विधिवत संपन्न हुआ। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति द्वारा आयोजित परंपरागत श्रृंगार पूजन कार्यक्रम में प्रबंध समिति के लोग शामिल हुए। विधि विधान से संपन्न श्रृंगार पूजन के दौरान पवित्र शिवलिंग सहित बाबा के दरबार को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। ज्ञातव्य है कि एक महीने तक चलने वाले श्रावणी महोत्सव को लेकर उपायुक्त और एसपी के निर्देश पर मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए समुचित संख्या में पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही डंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल, स्नानागार, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का उचित प्रबंधन किया गया है। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि दूरदराज से आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित तैयारियां की गई है। भक्तों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ ही प्रबंध समिति के सदस्य पूरी तरह से तत्पर हैं।

## हाइकोर्ट के जज न्यायमूर्ति डॉ शिवानंद पाठक ने की पूजा-अर्चना

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और खूंटी न्याय मंडल के जोनल न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ शिवानंद पाठक रविवार को अपने पूरे परिवार के साथ आम्रेश्वर धाम पहुंचे और विधि विधान से रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना की। इस दौरान न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक ने आम्रेश्वर धाम परिसर में रुद्राक्ष का एक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मौके पर बाबा आम्रेश्वर धाम की ओर से प्रबंध कमेटी के महामंत्री मनोज कुमार सहित अन्य सदस्यों ने न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक को प्रतीक स्वरूप आम्रेश्वर बाबा की फोटो भेंट की।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए राहे में निकाली गयी तिरंगा यात्रा

राहे (आजाद सिपाही)। भाजपा युवा मोर्चा रांची के तत्वाधान में रविवार से हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत राहे मंडल से किया गया। बुंडू से आयी तिरंगा यात्रा को राहे प्रखंड के चंदनडीह चौक से भगत सिंह चौक तक लाया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाना है। लोगों में देशभक्ति की भावना और जोश भरने के लिए यह यात्रा निकाली गयी। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय का उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। भाजपा नेता और कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए बाइक से चल रहे थे। भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेकानंद जायसवाल, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज मंडल अध्यक्ष चित्तरंजन महतो, लक्ष्मण सिंह मुंडा, रंजीत लाहेरी, दिलेश्वर कोईरी, सृष्टिधर प्रजापति, मनोज महतो, भगीरथ महतो, धीरेन महतो, आलोक दास, गंगाधर साव, जीतू महतो, मनोज महतो, परिक्षित मंडल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीपल्स पार्टी की बैठक कर कमेटी का गठन

नामकुम (आजाद सिपाही)। पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया की बैठक रविवार को बुरुडिह के राहे प्रखंड में आयोजित की गयी। इस दौरान रांची जिला प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अनिल महतो, जिला उपाध्यक्ष राजन नायक, उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र महतो, महासचिव दिवा शंकर पासवान, संगठन सचिव अशोक कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। इसमें हंसराज महतो को अध्यक्ष, संजय महतो उपाध्यक्ष, विक्रम मुंडा महासचिव, कैलास महतो, महेंद्र प्रसाद महतो, प्रभात महतो, जितेंद्र महतो, विक्रम मुंडा, पवन कुमार महतो, जितेंद्र सिंह के साथ दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया। अंत में रांची जिला अध्यक्ष राजन नायक ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारतीय संविधान को पूर्ण रुप से लागू करना ही पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया का पहला और अंतिम लक्ष्य है।

# टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू दस्ते के 3 सदस्य गिरफ्तार

**गिरफ्तार उग्रवादी बड़कागांव, केरेडरी और बुढ़मू थाना क्षेत्रों में सक्रिय थे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुढ़मू।** पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप दस्ते के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार उग्रवादी बड़कागांव, केरेडरी और बुढ़मू थाना क्षेत्रों में सक्रिय थे और दामोदर नदी के किनारे स्थित छापर बालू घाट में पैसा उगाही के लिए मारपीट की घटना में शामिल थे। एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा को सूचना मिली थी कि दामोदर नदी के किनारे बड़कागांव, केरेडरी और बुढ़मू थाना की सीमा पर स्थित छापर बालू घाट में पैसा उगाही को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना में शामिल टीएसपीसी कमांडर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप के दस्ता के 3-4 सक्रिय सदस्य छापर गांव में आये हुये है, जो किसी घटना को अंजाम देने का योजना बना रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने 10 अगस्त 2024 को छापर गांव में छापामारी की और अजीत सोरेन, आकाश लोहरा और सुमित लहरी को गिरफ्तार किया। उनके पास से लेवी वसूली में इस्तेमाल किये गये कई मोबाइल फोन भी बरामद किये गये हैं।

**लेवी के लिए कर चुके है फायरिंग :** गिरफ्तार उग्रवादियों ने पुलिस को बताया कि मार्च 2024 में बड़कागांव थाना क्षेत्र के कायलंग पतरा बालू यार्ड में उन्होंने दिवाकर गंझू के साथ मिलकर फायरिंग की थी और लेवी वसूली के लिए काम बंद करवाया था। इसी दौरान पुलिस बल पर भी फायरिंग की गयी और कुछ हथियार छोड़कर भागने में सफल रहे। जुलाई 2024 में भी बड़कागांव थाना क्षेत्र के उरीमारी से तरसवार के बीच सड़क निर्माण कार्य में लगे कंपनी से लेवी वसूली के लिए फायरिंग की थी। पुलिस गिरफ्तार उग्रवादियों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि गिरफ्तार किये गये उग्रवादियों का अपराधिक इतिहास रहा है।

# सिमलिया में रोड नहीं तो वोट नहीं को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**स्थानीय विधायक, सासंद के प्रति जतायी नाराजगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



जर्जर सड़क पर खड़े होकर विरोध जताते लोग।

**रातू।** रोड नहीं तो वोट नहीं को लेकर रविवार को थाना क्षेत्र के रातू सिमलिया के ग्रामीणों ने रोड पर उतरकर प्रदर्शन किया है। प्रखंड के सिमलिया में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने रोड नहीं बनाये जाने पर एक बार फिर नाराजगी का इजहार किया है और रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए वोट बहिष्कार का एलान किया। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक, सांसद और प्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश जताया है। सिमलिया अंजुमन इस्लामिया के सदर जावेद मंसुरी ने बताया कि कई वर्ष बीत जाने के बाद भी जर्जर सड़क को बनाने की किसी ने जरूरत नहीं समझी। वर्षा के दिन वाहनों के आवागमन से सड़क जर्जर हो गयी है। जिसके कारण काम मे आने जाने वाले लोगों के अलावा बच्चे बच्चियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण को लेकर स्थानीय विधायक, सांसद व स्थानीय प्रशासन को कई बार आवेदन दिया गया है। पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, इसलिए सभी ग्रामीणों द्वारा रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद करते हुये वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर जावेद मंसूरी, सचिव इमरान अंसारी, कोषाध्यक्ष इमरान अंसारी, सरफराज उर्फ सोनु, वसीम मंसूरी, जुमारुद्दीन के अलावा बरकत अंसारी, ग्यासुद्दीन अंसारी , इमरान अंसारी पूर्व मुखिया मुकेश भगत, महावीर उरांव, रंजित उरांव, अबिस मंसुरी, परवेज, वसीम, आकिब के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# नशा अपराध की जननी: मुस्तफा



**समाज के लोगों को एकजुट होकर नशा को करना होगा खत्म: रणवीर सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा ।** नशामुक्ति को लेकर प्रखंड के हेसल पंचायत सचिवालय में रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक मुखिया कविता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएसपी सिल्ली, थाना प्रभारी चमरा मिंज सहित पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, पंसस मदरा मुंडा, शीला देवी, ग्रामप्रधान रामनाथ करमाली, देवराज पहान, विष्णु महतो, जलनाथ चैधरी आदि उपस्थित हुए। संचालन आतिश महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ रही नशाखोरी, अपराध और मादक पदार्थों के हो रहे कारोबार पर चिंता प्रकट की गयी। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने कहा कि नशा अपराध की जननी है। नशा पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है वहीं नशा से हीं अपराध जन्म लेता है। उन्होंने पुलिस को ताकिद करते हुए कहा कि क्षेत्र में इन दिनों अपराधिक गतिविधियां बढ़ गयी हैं। नक्सली गतिविधि में वांछित एक अपराधी द्धारा शहर बदर किए जाने के बावजूद यहां लोगों को डरा धमका कर लेवी वसुला जा रहा है। लेवी देने से इंकार करने पर मारपीट की जाती है। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि सभी को मिलजुलकर नशाखोरी और मादक पदार्थों का कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाना होगा। जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने कहा कि नशा समाज के लिए दीमक की तरह है, जो परिवार को बर्बाद कर रहा है। इसे हर हालत में रोकना होगा। डीएसपी सिल्ली रणवीर सिंह नें कहा कि समाज के लोगों को एकजुट होकर नशा को खत्म करना होगा। बैठक में उमेश बड़ाईक, रामपोदो महतो, जगरनाथ महतो, रामसाय मुंडा, सुनील कु महतो, इब्राहिम अंसारी, कृष्णा भगत, रामेश्वर महतो, सुनील महतो, बृजलाल महतो, कारीनाथ महतो, अजीज अंसारी आदि मौजूद थे।

# अल्पसंख्यकों के लिए सरकार समर्पित : नेहा तिर्की

**बेडो प्रखंड के बिशु भगत मेमोरियल महिला महाविद्यालय में अल्पसंख्यक सम्मेलन का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



सम्मेलन में ग्रामीणों को सम्मानित करतीं विधायक

**बेड़ो।** अल्पसंख्यकों के लिए सरकार पूरी तरह से समर्पित है। यह बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं। वे बेड़ो प्रखंड के बिशु भगत मेमोरियल महिला महाविद्यालय में रविवार को आयोजित अल्पसंख्यक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने ने कहा कि भारत सभी धर्म और विविध संस्कृतियों का देश है। हमारे संविधान की मूल भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। सम्मेलन में पूर्व मंत्री और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि फिरकापरस्त ताकतों से हमेशा सावधान रहने की जरूरत है। वहीं मौके पर उप प्रमुख मुदस्सीर हक, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, मजकूर सिद्दीकी, मंजूर अंसारी, मुन्ना मलिक, साबिर मीर, सरवन खान, मुस्ताक मलिक, हाजी इस्लाम, हाजी मनीर, तंजीर हुसैन, अब्दुल अंसारी, जमील, मुस्तफा, रबुल अंसारी, काबुल, करीम, हाजी कलीम और तबारक राय समेत दर्जनों लोग लोग मौजूद थे।

## हर परिवार तक विकास की योजनाएं पहुंचाना ही आजसू पार्टी का लक्ष्य : राजेंद्र शाही मुंडा



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली विधानसभा के प्रस्तावित प्रखण्ड जोन्हा अंतर्गत टाटी पंचायत के अरवाबेड़ा में विधायक निधि से बनने वाले 500 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेंद्र शाही मुंडा ने नारियल फोड़ कर किया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य ने कहा कि आजसू पार्टी लगातार गांव के समस्याओं को लेकर गम्भीर है ग्रामीण के हितों को ध्यान में रहकर हर छोटे बड़े योजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। सिल्ली के साथ पूरे झारखंड का विकास अगर कोई कर सकता है, तो वो आजसू पार्टी ही है। सुदेश महतो ही झारखंड की दशा और दिशा बदल सकती हैं। कार्यक्रम में उनके साथ जिला सचिव शंकर बेदिया, अमर सिंह मुंडा, संजय महतो पंचायत प्रभारी छुटूलाल बेदिया, पंकज कुमार गुप्ता, सहजू बेदिया, सत्यनारायण मुंडा, संजय मुंडा, सज्जाद आलम, उर्मिला देवी, राजेंद्र बेदिया सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# ओरमांझी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाना है : डीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई ओरमांझी की ओर से प्रखंड के नये डीडीओ नसीम अहमद और मध्य विद्यालय चकला के प्रधानाध्यापक बिमलेश कुमार मिश्रा का पार्क पैलेस बैंक्वेट हॉल ओरमांझी में स्वागत समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। संघ के द्वारा उपस्थित अतिथियों को बुके और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीडीओ नसीम अहमद ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ओरमांझी प्रखंड मेरे लिए नया प्रखंड नहीं है, मैं पूर्व में भी कई सालों तक यहां सेवा दे चुका हूं। आप सभी के सहयोग से ओरमांझी प्रखंड को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाना है। कार्यक्रम को संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, चकला के प्रधानाध्यापक बिमलेश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार, अवधेश प्रसाद सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक कंवर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, डीडीओ नसीम अहमद, प्रधानाध्यापक बिमलेश कुमार मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक कोषाध्यक्ष सहदेव कुमार वरिष्ठ शिक्षक अरविंद कुमार जयप्रकाश कुमार, अब्दुल रहमान अंसारी पवन प्रकाश पुष्पा लुगून राजकुमार सिंह रेखा साहू सविता प्रसाद, मंजुला कच्छप, सविता पन्ना अर्चना कुमारी बृजेश कुमार मिश्रा विनोद कुमार मो जमाल अंसारी जीतमोहन पाल देवेंद्र लाल अमूल्या कुमार उमेश चंद्र वर्मा अब्दुल रउफ अंसारी जनार्दन कुमार नीता टोप्पो सहित काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## महिलाओं ने मनाया सावन मिलन समारोह



नामकुम (आजाद सिपाही)। टाटीसिलवे के सूर्य नगर कॉलोनी लालगंज में रविवार को महिलाओं ने सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में नृत्य, संगीत व झूला का आनंद महिलाओं ने लिया। सावन मिलन समारोह में शामिल सभी महिलाओं ने हरे रंग की साड़ी पहनी थी। इस दौरान महिलाओं ने मेंहदी भी लगाया और सावन के गीत पर नृत्य की। लालगंज की रहने वाली आशा सिंह ने सावन के महत्व के बारे में बताया। मौके पर डेजी सिंह, मंजू पांडे, सीता देवी, गायत्री देवी, रेणु सिंह, रिंकू शर्मा, चंचला शर्मा, दुर्गा यादव, प्रतिभा मिश्रा, बेबी सिंह आदि मौजूद थी।

## एसजीआरएस सभागार टाटीसिलवे में सावन मिलन समारोह का आयोजन



नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत टाटी पश्चिमी पंचायत के एसजीआरएस सभागार टाटीसिलवे में रविवार को उपप्रमुख वीणा कुमारी और संध्या वांडो की अगुवाई में सावन महोत्सव सह महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में टाटीसिलवे थाना महिला सहायक पदाधिकारी स्वेता सिंह ने अपने संबोधन में सभी महिलाओं को अपने हक अधिकार 50 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ जानकारी साझा की। कहा कि किन्ही बहनों के साथ घरेलू या समाजिक प्रताड़ना व अप्रिय घटना घटती है, तो मैं टाटीसिलवे थाना में कार्यरत हूं। आप लोगों को हर संभव सहयोग करुंगी। मौके पर सभी महिलाओं के सम्मान के लिए वीणा कुमारी और संध्या वांडो के द्वारा महिलाओं को चूडियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य फुलकुमारी देवी, अनगड़ा पूर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, पूर्व मुखिया टाटीपूर्वी किरण पहान, टाटीपश्चिमी मुखिया सुनीता देवी, टाटी पश्चिमी पंसस इंदु देवी, जयंती देवी, किरण देवी, निर्मला देवी, वीणा देवी, सरस्वती देवी, सावित्री देवी, कमला कुमारी, सरिता देवी, पिंकी देवी, मंजू देवी, लिना रानी आदि महिलाएं उपस्थित थी।

# उर्दू विद्यार्थियों का सम्मान समारोह संपन्न

**अंजुमन फरोग ए उर्दू चान्हो इकाई ने उर्दू के छात्रों को सम्मानित किया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चान्हो/रांची।** अंजुमन फरोग ए उर्दू झारखंड ने 11 अगस्त 2024 को हजरत मौलाना अब्दुल गनी मजाहिरी की याद में उर्दू छात्रों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका शीर्षक था 'मौलाना अब्दुल गनी मजाहिरी की याद में उर्दू छात्रों के लिए वर्णनात्मक समारोह'। जिसकी अध्यक्षता हजरत मौलाना अब्दुल कय्यूम साहब कासमी ने की, जिसमें अंजमन फोरफ उर्दू के अध्यक्ष मुहम्मद इकबाल साहब और सचिव डॉ. मुहम्मद गालिब नश्तर साहब और रांची से आये मास्टर मनूर साहब, सरफराज अहमद कादरी साहब, हाफिज मोहम्मद दानिश अयाज साहब, शामिल थे। अंजुमन फोरो उर्दू के अध्यक्ष मुहम्मद इकबाल ने छात्रों को उर्दू के माध्यम से आईएस, आईपीएस और यूपीएससी जैसी प्रमुख परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभिन्न क्षेत्रों से आये 350 छात्र-छात्राओं में से 200 को प्रशस्ति पत्र और मेडल दिये गये, जबकि चान्हो और कोरो प्रखंड से आये सभी छात्र-छात्राओं में से 50 से अधिक उर्दू छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इंटरमीडिएट और मैट्रिक में अंक प्रतिशत के अनुसार डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्माननीय मोमेंटो भी प्रदान किया गया। सदस्यों में डॉ. जाहिद इकबाल कासमी, मास्टर सिकंदर साहब, मास्टर इंतियाज साहब, मास्टर अबरार साहब, शमसुल हक साहब, मास्टर मुजीबुल्लाह साहब, मौलाना शाहजहां साहब, मास्टर अल्हाज मुर्तजा साहब, शबनम मैडम और शमा मैडम शामिल थे।

## रिमझिम वाटर किंगडम में चल रहा स्पेशल मॉनसून ऑफर



मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ब्रांबे में स्थित रिमझिम वाटर किंगडम में इन दिनों स्पेशल मॉनसून ऑफर चल रहा है। जिसका का लाभ क्षेत्र के लोग, स्कूल, कॉलेज के विधार्थी उठा कर दुगुना एंजॉय कर सकते हैं। वाटर पार्क के संचालक पवन ने बतलाया कि मानसून के समय वाटर पार्क में भीड़ दूसरे महीना की अपेक्षा कम होती है। जिससे फैमिली वाले भी आकर आनंद उठा सकते हैं। इंट्री टिकट के साथ ही सारे राइड्स में भी एंजॉय कर सकते हैं। प्रकृति के बीच में स्थित यह पार्क काफी सुकून देता है। इसमें खाने के लिए अच्छा रेस्त्रां भी है।

## अखिल भारतीय दुसाध परिषद की बैठक आयोजित



नामकुम (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय दुसाध परिषद की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को नामकुम में प्रदेश अध्यक्ष शम्भू प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में परिषद के संगठन को मजबूती एवं विस्तार, हर जिला प्रमंडल में बैठक करने, समाज के लोगों की समस्या का सामाधान एवं कमजोर लोगों का सहयोग करने, रांची में जल्द से जल्द पासवान भवन निर्माण करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष शम्भू प्रसाद ने बताया कि पिठोरिया रिंगरोड में जल्द पासवान भवन का निर्माण शुरू किया जाएगा। जिसका शिलान्यास राष्ट्रीय अध्यक्ष राम स्वरुप सिंह दुसाध के हाथों होगा। बैठक में विजय कुमार, नवल किशोर पासवान, प्रदीप पासवान, उषा देवी, कौशल कुमार पासवान, पिंकी कुमारी पासवान, सत्येन्द्र हाजरा, डॉ शिवानंद प्रसाद, अर्जुन मांझी, नंद कुमार पासवान, गिरजा राम, नवल किशोर राय आदि उपस्थित थे।

## रातू हुरहुरी जामा मस्जिद कमेटी का चुनाव संपन्न, सिंकदर सदर व असफाक बने सेकेट्री



रातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हुरहुरी जामा मस्जिद कमिटी का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। प्रखंड अंजुमन कमेटी की देख रेख व चुनाव कमेटी की निगरानी में बैलेट पेपर के जरिये मतदान कराया गया। 245 मतदाताओं में 141 वोटरों ने अपने प्रत्याशियों को वोट किया। उम्मीदवार में सदर पद के लिए 2, सेकेट्री 2, खजांची के लिए 2, उप सदर 2 ,उप सेकेट्री के लिए 1 कुल 9 प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव संपन्न होने के बाद मतों की गिनती के उपरांत विजय प्रत्याशियों की घोषणा की गयी। जिसमें सदर पद के उम्मीदवार सिंकदर अंसारी 141 वोट लाकर कलामुद्दीन अंसारी को 52 वोटो से मात देकर सदर बने। कलामुद्दीन को कुल 89 वोट मिले थे। वहीं 138 वोट लाकर अशफाक सेकेट्री,118 वोट लाकर जबीर उप सदर व 126 वोट लाकर हकीम अंसारी खजांची बने। उप सेकेट्री पद के लिए सिर्फ एक प्रत्याशी इस्तियाक अंसारी ने अपना पर्चा दाखिल किया था। इसलिए वे निर्विरोध उप सेक्रेट्री बने।

# फर्जी कागजात से जमीन बिक्री को लेकर डीसी को दिया आवेदन, कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाह संवाददाता

**पिठोरिया।** राजधानी रांची के काँके प्रखंड सह अंचल के अन्तर्गत मौजा सुकुरहुटू के सोनी देवी पति स्व. दशरथ पहान खाता न. 432, प्लॉट न. 8034 कूल रकबा 16 डी., जमीन जो कि खतियान में सुखनाथ पहान वगैरह के नाम से दर्ज है। सोनी देवी की खतियानी जमीन है। उपरोक्त जमीन को जयनाथ पहान पिता स्व. लहरू पहान ने डीड न. 1935, 30 जुलाई 2022 को अवैध रूप से जमीन का मालिक बनकर के फर्जी तरीके से जमीन की बिक्री अनिमा किंडो को कर दिया है। अनिमा किंडो कांके प्रखंड के अनीता गर्ल हाई-स्कूल कांके में कार्यरत है और पति सुधीर लकड़ा बिरसा कृषि विवि के प्रसार निदेशालय में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर कार्यरत हैं। इतना ही नहीं अनिमा किंडो ने अवैध रूप से 9/03/2018 को कांके अंचल से फर्जी जाति प्रमाण पत्र निगर्त करवाकर उक्त जमीन की खरीदी है।

कांके अंचल के तात्कालीन अंचल अधिकारी प्रभात भूषण सिंह और अनील कुमार रुपये लेकर फर्जी जाति प्रमाण प्रत्र और न्यायालय लगानवाद उप समाहर्ता सदर, रांची परमीशन वाद संख्या-4161 आर 8 II/2020-2021 में फर्जी जांच प्रतिवेदन के आधार पर सोनी देवी की पुस्तैनी जमीन को बिक्री किया गया है। सोनी देवी ने यह आरोप भी लगायी है कि अनिमा किंडो पति सुधीर लकड़ा द्वारा जमीन खरिदने में जाति प्रमाण और स्थनीय निवास प्रमाण पत्र बनवाने में जिस खतियान के आधार पर वंशज बनी है, वह फर्जी है। फ्रानसीस लकडा मौजा कांके खाता न0-111 के वंशजों ने साफ तौर पर कहा कि अनिमा किंडो मेरे घर की नहीं है और हमलोग नहीं जानते है। इस खतियान से अनिमा किंडो या उसके पति सुधीर लकडा का हमलोगों के वंशज से कोई संबंध नहीं है। वहीं अनिमा किंडो रेंट में सुधीर एक्का पता सुकुरहुटू सुंदर नगर के मकान में रहती है। सुधीर लकड़ा पिता जेंस लकडा के द्वारा जमीन के एकरारनामा में पता भलमंडा नवागढ, जिला गुमला झारखंड दर्ज है। जबकि इनकी पत्नी अनिमा किंडो ने जो जमीन ली है। उसके डीड में पता ग्राम सेमरटोली, थाना कांके, जिला रांची, झारखंड दर्ज है। दोनों का पता अलग-अलग है। जिससे स्पष्ट होता है कि सुधीर लकडा की पत्नी अनिमा किंडो फर्जी कागजात तैयार कर और फर्जी पते पर जमीन ली है। सोनी देवी का कहना है कि अनिमा किंडो और इसके पति सुधीर लकडा का सही निवास स्थान का पता दोनों के सर्विस बुक में दर्ज निवास स्थान के जांच कराने से स्पष्ट होगा।

## महावीर मंदिर नवनिर्माण समिति की बैठक

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। शास्त्री चौक महावीर मंदिर नव निर्माण समिति की बैठक अशोक कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में हुई। शास्त्री चौक दडदाग में फ्लाईओवर निर्माण होना है। निमार्णाधीन फ्लाईओवर के रास्ते मंदिर आ रहा है। एनएचएआई के द्वारा नये मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। बैठक में मुख्य रुप से अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, लक्ष्मण साहु, बालक पाहन, महेंद्र मंडल, बिनोद कुमार सिंह, राजीव रंजन उर्फ राजू, विक्की वर्मा, अरविंद कुमार उर्फ बब्लू, विजय श्रीवास्तव आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की पार्टी, नहीं चलेगा परिवारवाद : अरविंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांडू प्रखंड के वृद्धखैरा के वेणुगोपाल मंदिर प्रांगण में भाजपा कार्यक्रताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह उंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह ने किया। संचालन सुरेंद्र सिंह ने किया। बैठक में कार्यक्रताओं ने अपने पार्टी के ही स्थानीय विधायक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके परिवारवाद और वंसावाद नीति का विरोध किया। कार्यक्रताओं का आरोप था कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पार्टी में परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। अपने पुत्र को राजनीत में स्थापित करने हेतु कार्यक्रताओं की उपेक्षा कर रहे हैं। पार्टी कार्यक्रताओं को अपमानित कर रहे हैं। वरीय भाजपा नेता अरविंद सिंह ने कहा कि भाजपा ऊजार्वान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। भाजपा परिवारवाद और वंशवाद का हमेशा विरोध करती है। इसलिए किसी भी परिस्थिति में प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व विधायक पुत्र को पार्टी का टिकट नहीं देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के आदर्श और देश के महान विभूति पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि अगर कोई अच्छी भी पार्टी किसी गलत व्यक्ति को अपना प्रत्यासी बनाती है तो कार्यकर्ता और जनता को उसका विरोध करना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडेय ने कहा कि पार्टी के प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व को कार्यक्रताओं की भावनाओं से अवगत कराया जायेगा। किसी भी हाल में कार्यकर्ताओं की भावनाओं को आहत नहीं होने दिया जायेगा। सीएस दुबे ने कहा कि हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति के खिअफ में नही है। हमारी लड़ाई नीति, नियत और न्याय पाने के लिए है। बिजेंद्र पाठक ने कहा कि पार्टी किसी भी समर्पित कार्यक्रता को टिकट दे, उसे जिताने का जिम्मा हम सब का है। रामाशीष यादव ने कहा कि हमारी किसी से कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। हमारी लड़ाई विचारधारा की है। भाजपा की विचारधारा परिवारवाद और वंशवाद की नही है। विश्रामपुर विस क्षेत्र में भी पार्टी की इस विचारधारा की जीवित रखना है। पुष्प रंजन ने कहा कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी राजद से भाजपा में आए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपमानित होकर भी इन्हे दो बार विधायक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बावजूद भी वे भाजपा की विचारधारा को अपना नही सके। विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि कार्यक्रताओं को उपेक्षित करके श्री चंद्रवंशी ने परिवारवाद को बढ़ावा दिया है,जिसे बर्दास्त नही किया जाना चाहिए। पार्टी के हर फोरम पर इसे उठाया जायेगा। बैठक के अंत में सभी नेताओं-कार्यकर्ताओं ने वंशवाद के खिलाफ अंतिम लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। बैठक में विनोद तिवारी, मुंशी प्रसाद गुप्ता, रवींद्र नाथ उपाध्याय, सुनील पांडेय, सीताराम आर्य,कृष्ण मुरारी सिंह, विनय चंद्रवंशी, कुश कुमार ओझा, पंकज कुमार लाल, डीएन सिंह, राम विलास सिंह, बैद्यनाथ सिंह, डबलू यादव, प्रेम सागर सिंह, दीपक गुप्ता, सच्चितानंद सिंह, प्रेमानन्द त्रिपाठी, नवीन पांडेय, रामबली राम, प्रभु विश्वकर्मा सहित विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नावा बाजार प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ता संख्या में मौजूद थे।

# ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षा बंधन का त्योहार

**पवित्रता का बंधन ही सच्चा रक्षाबंधन : ब्रम्हाकुमारी कंचन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** शहर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भवाना भवन में रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजय सिंह यादव नगर अध्यक्ष शशि कुमार एनसीपी प्रवक्ता गुड्डू सिंह सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता संजय सिंह, प्रोफेसर अजय सिंह, डॉक्टर दयानंद ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके नीरज तथा मंच के संचालन बीके अरविंद ने किया। मुख्य वक्ता बीके कंचन बहन ने राखी के आध्यात्मिक रहस्य को बहुत ही सरलता से कहा की यह रक्षा बंधन एक विशाल ह्दय व विशुद्ध भावनाओं के धागों से जुड़ा त्योहार है, परंतु आज छोटी सी सीमा में बंधकर रह गया है केवल बहन अपने सगे भाई और भाई अपनी सगी बहन के लिए ही सोचता है। रक्षा बंधन हम सदियों से मनाते आ रहे है फिर भी यह रक्षा बंधन सुरक्षा नहीं कर पा रहा है। मुख मीठा करना अर्थात हमे सदैव मधुर बोल बोलना है। तिलक लगाना अर्थात हमे सदैव आत्म स्मृति का तिलक लगाना है इस प्रकार रक्षा बंधन का आध्यात्मिक रहस्य समझते हुए सभी को अपने जीवन में धारण करने का संकल्प कराया। बीके बहनों ने पूर्व विधायक एवं व्यापारियों, समाजसेवियों व अनेक गणमान्य लोगों के कलाई पर राखी बांधी। इस मौके सेवा केंद्र संचालिका प्रियंका, नम्रता, वंदना, धीरज, संतोष सोनी, धर्मेंद्र, राकेश विश्वकर्मा, डॉ. गया प्रसाद , डॉ. मल्ल्ये, मनोज भगत, आनंद किशोर, शिव नारायण, विनय पासवान, सत्यवान, रामनरेश यादव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# एसटीडी कॉलेज में मनायी गयी संत तुलसीदास की 527 वीं जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/ पलामू।** रेहला एसटीडी कॉलेज में संत गोस्वामी तुलसीदास की 527 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संत गोस्वामी तुलसीदास व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ विभाशंकर, विशिष्ट अतिथि जीएलए कॉलेज के हिंदी विभाग प्रमुख डॉ मंजू सिंह और एसटीडी कॉलेज के सचिव डॉ शशिनाथ चौबे मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा और संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष राकेश शुक्ला ने किया। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने अवधि के साथ-साथ ब्रजभाषा में भी कई रचनाएं लिखी। डॉ विभाशंकर ने कहा कि तुलसीदास एक बहुत बड़े महान संत थे। डॉ मंजू सिंह ने कहा कि मानस में विराट को देखा है, शक्ति का आकलन किया है और यह कल की भाषा रूपक योजना है। शशिनाथ चौबे ने कहा कि रामचरितमानस आज सभी लोगों को पढ़ने की जरूरत है.उसमें ज्ञान का भंडार है। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विजय कांत शुक्ला, अजय शुक्ला,डॉ विजय प्रसाद शुक्ला, डॉ श्याम मिश्रा, शशि रंजन सिंह, रंजन दुबे, कृष्ण कुमार चौबे, संतोष शुक्ला, टीपी तिवारी, अजय ओझा,ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, शबनम निशा, बिंदा कुमारी, अमीना खातून, अस्मिता पांडेय, अमित कुमार, देव प्रकाश पांडेय, जितेंद्र पाठक, सुनील कुमार, संजय पांडेय, संत मिश्रा, दिलीप चौबे, फूल कुमारी, अर्चना कुमारी, संगीता कुमारी, आशीष कुमार पांडेय, गुंजन पासवान, सुधीर चौबे, सुधीर यादव, विनय कुमार, दिनेश कुमार शाह सहित कई लोग मौजूद थे।

# हर दुख-सुख में सदैव साथ खड़ी है परशुराम युवा वाहिनी : अर्जुन पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेवा युवा वाहिनी के संरक्षक वरिष्ठ समाज सेवी अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय ने पांकी विधान सभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला के दादी के निधन होने पर उनके घर पांकी विधान सभा के नीलांबर पितांबरपुर प्रखण्ड के ग्राम कमलकेडिया पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मुलाकात किया। अर्जुन पांडेय ने रुद्र शुक्ला के दादा राधा शुक्ला से मुलाकात कर इस दुःख की घड़ी में उनको ढाढस बांधने को कहा और दिवंगत आत्मा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।

साथ में कार्यक्रम में राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश पांडेय, जिला अध्यक्ष विकास दुबे, लल्लू पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप दूबे, प्रदेश सचिव आशुतोष पांडे उर्फ लक्की पांडेय सहित भारी संख्या में राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के वरिष्ठ पदाधिकारी और पूरे परिवार के लोग उपस्थित हो दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना किया। युवा नेता रूद्र शुक्ला ने राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पांडेय एवं तमाम राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के पदाधिकारी गार्जियन और युवा वाहक को इस दुःख की घड़ी में शामिल होने के लिए तमाम लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया।

# हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष ने फसल बीमा योजना की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं पैक्स संघ के पलामू जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने एक प्रेस बयान में पलामू जिला के किसानों की समस्याओं को उठाते हुए सरकार से महत्वपूर्ण मांग की है। उन्होंने बताया कि पलामू जिला के किसान पिछले तीन वर्षों से लगातार सुखाड़ की मार झेल रहे हैं, जिससे उनकी आजीविका पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। हालांकि, पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही वर्षा से किसानों को थोड़ी राहत मिली है और लगभग 50 प्रतिशत धान की रोपाई पूरी हो चुकी है। उम्मीद है कि आने वाले एक सप्ताह के भीतर सभी किसानों की रोपाई का कार्य पूरा हो जाएगा। श्री बैठा ने इस बात पर भी जोर दिया कि वर्तमान में बढ़ती महंगाई के कारण खेती करना किसानों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। किसान कर्ज लेकर खेती करने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट का खतरा बढ़ गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में, कृष्णा बैठा ने सरकार से अनुरोध किया है कि किसानों के हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने मांग की है कि किसानों द्वारा लगाई गई सभी खरीफ फसलें फसल बीमा योजना के तहत आनी चाहिए, ताकि किसान सुखाड़ जैसी आपदाओं से भयभीत न हों। फसल बीमा योजना से यह भरोसा होगा कि अगर उनकी फसल को कोई नुकसान होता है, तो उन्हें क्षतिपूर्ति मिलेगी, जिससे उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

# यौन हिंसा पीड़ित बच्चों की मदद के लिए 'सपोर्ट पर्सन' नियुक्त हो : अग्रगति

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** 'सपोर्ट पर्सन' की अनिवार्य रूप से नियुक्ति का सुप्रीम कोर्ट का आदेश राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से प्रस्तावित दिशानिर्देशों के आधार पर शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों/ केंद्रशासित क्षेत्रों से चार हफ्ते में अनुपालन रिपोर्ट सौंपने को कहा। 'एक्सेस टू जस्टिस' कार्यक्रम के सहयोगी संगठन अग्रगति ने राज्य में तत्काल इस आदेश पर अमल की मांग की। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से प्रस्तावित दिशानिर्देशों पर मुहर लगाते हुए सभी राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों को यौन शोषण के पीड़ित बच्चों के लिए अनिवार्य रूप से 'सपोर्ट पर्सन' की नियुक्ति का आदेश देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले का झारखंड के पलामू में बाल अधिकारों के लिए काम कर गैरसरकारी संगठन अग्रगति ने इस आदेश पर तत्काल प्रभाव से अमल की अपील की है। अग्रगति ने पलामू जिला में 'एक्सेस टू जस्टिस' कार्यक्रम का सहयोगी है जो दुनिया के सबसे बड़े कानूनी हस्तक्षेप कार्यक्रमों में शुमार है और इसके साथ 200 से भी ज्यादा संगठन बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 400 से ज्यादा जिलों में जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने सभी राज्य सरकारों/ केंद्रशासित क्षेत्रों को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत लंबित मामलों में पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए एनसीपीसीआर के दिशानिर्देशों के मुताबिक 'सपोर्ट पर्सन' की नियुक्ति, उनकी योग्यता और जिम्मेदारियां तय करने के आदेश पर अमल के बाबत चार हफ्ते में अनुपालन रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

बताते चलें कि सपोर्ट पर्सन वह व्यक्ति होता है जो यौन शोषण व उत्पीड़न के शिकार बच्चों की भावनात्मक व कानूनी रूप से मदद करते हुए उन्हें पीड़ा से उबरने व समाज की मुख्य धारा में वापस लाने में सहयोग करता है।

बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की ओर से दायर याचिका में उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में दलित नाबालिग बच्ची के साथ पांच महीने तक सामूहिक बलात्कार और शिकायत करने के लिए थाने जाने पर वहां एक पुलिस अधिकारी द्वारा उससे बलात्कार का मामला उठाते हुए बच्चों के प्रति मित्रवत नीतियों और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े दिशानिर्देशों पर अमल का आदेश देने की मांग उठाई गयी थी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए झारखंड के पलामू जिला में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम कर रहे गैरसरकारी संगठन अग्रगति के निदेशक किरण शंकर दत्त ने कहा, यह एक ऐतिहासिक फैसला है जो यौन शोषण के पीड़ित बच्चों की कई तरह से मदद करेगा। जमीन पर काम करने वाला संगठन होने के नाते हम कानूनी लड़ाई के दौरान बच्चों के संघर्षों और उनकी परेशानियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम का सहयोगी होने के तौर पर हम चाहते हैं कि यौन शोषण के पीड़ित असंख्य बच्चों और उनके परिवारों की तकलीफ को कम करने के लिए राज्य सरकार तत्काल सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर अमल करे।

# झारखंड क्षत्रिय महिला संघ का सावन महोत्सव



**रैंप वॉक, रूप सज्जा और सोलह श्रृंगार पर आधारित क्विज का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ आदित्यपुर इकाई के द्वारा सावन महीने के अंतिम पड़ाव पर भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। झारखंड क्षत्रिय महिला संघ के सावन महोत्सव में क्षत्रिय समाज की सैकड़ो महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर सभी महिलाएं उत्सव की तरह अपने भाव प्रदर्शित करते नजर आई।मौके पर सभी महिलाएं सावन की गीतों पर जमकर मौज मस्ती की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संघ की केंद्रीय अध्यक्ष कविता परमार व विशिष्ट अतिथि देविका सिंह व आशा सिंह शामिल रही। सावन महोत्सव में क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने रैंप वॉक, रूप सज्जा,सोलह श्रृंगार पर आधारित क्विज प्रतियोगिता में एक से बढ़ कर एक महिलाओं ने हिस्सा लिया।

इस दौरान जजेज को भी अव्वल यानी सावन क्वीन चुनने में दिक्कतों का सामना करनी पड़ी। सभी प्रतिभागियों ने हर क्षेत्र में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर जजों को सोचने पर मजबूर कर दी। अंततः सर्वसम्मति से मीरा सिंह को सावन क्वीन चुना गया।वही बेस्ट डांसर के रूप में मीरा सिंह और संजीता सिंह को चुना गया, जबकि 16 श्रृंगार प्रतियोगिता में निशा सिंह पहले स्थान,अंजू सिंह दूसरे और कोमल सिंह को तीसरे स्थान पर चुना गया। जिसका फाइनल राउंड जमशेदपुर में होना है। मौके पर आदित्यपुर इकाई की अध्यक्ष सुजाता सिंह ने बताया इस तरह के आयोजनों से महिलाओं में एक नई ऊर्जा और कुछ अलग हटकर करने की सोच विकसित होती है। समाज की महिलाएं ऐसे आयोजनों के जरिये अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को साझा करती हैं ।यहां से बेहतर परफॉर्मेंस के आधार पर उन्हें बड़ा मंच मुहैया कराया जाता है। अक्सर देखा जाता है प्रतिभा रहते हुए भी महिलाएं उसे प्रदर्शित नहीं कर पाती। इस तरह के आयोजन में जब उन्हें मौका मिलता है तो वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जजों को भी परेशानी में डाल देते हैं। संघ लगातर समाज के महिलाओं के उत्थान की दिशा में कार्य करती है। यह आयोजन उसी कड़ी का एक हिस्सा है। मौके पर महिलाओं ने अपने नृत्य- संगीत और कैटवॉक से समा बांधते दिखे। देर रात तक पूरा वातावरण सावन की मस्ती में सराबोर रही।इस अवसर पर संध्या सिंह, डॉक्टर मधु सिंह, उर्मिला सिंह, डॉक्टर रीना सिंह, आरती सिंह, प्रतिभा सिंह, संगीता सिंह, विद्या सिंह, सुषमा सिंह सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्पोर्ट्स



**भारत के टोक्यो के मुकाबले पेरिस ओलिंपिक की मेडल टैली में नीचे खिसकने की बड़ी वजह गोल्ड मेडल ना जीत पाना रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने 3 ब्रॉन्ज मेडल शूटिंग में जीते। एक ब्रॉन्ज मेडल हॉकी और एक कुश्ती में मिला।**

# भारत मेडल टैली में 71वें स्थान पर रहा, 13 को विनेश के मेडल का फैसला

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारतीय रेसलर रीतिका हुड्डा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही शनिवार रात पेरिस ओलिंपिक 2024 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। रेसलिंग की विमेंस 76 केजी कैटेगरी में उन्हें किर्गिस्तान की आईपेरी मेडेट कायजी ने 1-1 से हराया।

रेसलिंग के अलावा, भारतीय गोल्फर अदिति अशोक 29वें स्थान पर रहीं। भारत के लिए विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर, 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड में मनु भाकर और सरबजोत सिंह, मेंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्वप्निल कुसाले, रेसलिंग में अमन सहरावत और हॉकी को मिलाकर भारत ने 5 ब्रॉन्ज जीता।

वहीं स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने सिल्वर दिलवाया। भारत ने कुल 6 मेडल जीते। भारत को अब भी सातवां मेडल मिल सकता है। अनुभवी रेसलर विनेश फोगाट भी 50 किलोग्राम केटेगरी में कुश्ती के फाइनल में पहुंच गयी थीं। उन्होंने भारत के लिए मेडल पक्का कर लिया था, लेकिन फाइनल वाले दिन वह 100 ग्राम ओवरवेट आयी, जिसके चलते उन्हें डिसक्वालिफाइ कर दिया गया। अब 13 अगस्त को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स विनेश के मेडल का फैसला करेगी।

### 71वें नंबर पर रहा भारत

भारत ने टोक्यो ओलिंपिक में 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। तब भारतीय दल मेडल टैली में 48 वें नंबर पर था। इस बार भारतीय टीम 71वें नंबर पर खिसक गयी है। यह नंबर और नीचे जा सकता है। भारत के टोक्यो के मुकाबले पेरिस ओलिंपिक की मेडल टैली में नीचे खिसकने की बड़ी वजह गोल्ड मेडल ना जीत पाना रहा। भारत को सिल्वर मेडल भी एक ही मिला, जो टोक्यो ओलिंपिक के चैंपियन नीरज चोपड़ा ने जीता। भारत के पांचों मेडल ब्रॉन्ज हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने 3 ब्रॉन्ज मेडल शूटिंग में जीते। एक ब्रॉन्ज मेडल हॉकी और एक कुश्ती में मिला।

### अब भी मिल सकता है 7वां मेडल

पेरिस ओलिंपिक गेम्स खत्म हो रहे हैं, लेकिन पेरिस गेम्स के बाद भी भारत की मेडल टैली बढ़ सकती है। भारत की रेसलर विनेश फोगाट ने सीएएस में सिल्वर मेडल दिये जाने की अपील की है। इस पर मंगलवार को फैसला आयेगा। अगर विनेश यह अपील जीतती हैं तो वे सिल्वर मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला रेसलर बन जायेगी। साथ ही भारत के मेडल की संख्या 7 पहुंच जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो भारत मेडल टैली में 68 वें स्थान पर रह सकता है।

# कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट की बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक रविवार को आगामी कार्यक्रम की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रेम किशोर प्रजापति ने किया । बैठक में इस वर्ष शिक्षक दिवस पर 25 अगस्त रविवार को वर्तमान शिक्षक, अवकाश प्राप्त शिक्षक ,वर्तमान कर्मचारी, अवकाश प्राप्त कर्मचारी एवं बीआरपी, सीआरपी, सरकार से अनुबंध प्राप्त कर्मचारी एवं केंद्रीय कर्मचारी साथ ही साथ प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफ को 25 अगस्त को आनंद सरस्वती बाल निकेतन में सम्मानित किया जायेगा।

## सरकार आपके द्वार अभियान में दिये गये मामलों के निष्पादन की मांग करने पर होगी पुलिसिया कार्रवाई

# धरनार्थियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बाघमारा अंचलाधिकारी के रूप में प्रमोटेड रवि भूषण प्रसाद को संबिधान के मौलिक अधिकारों के बारे में कम और कानून के बारे में कुछ अधिक ज्ञान है। इसी लिए तो सूचना देकर धरना प्रदर्शन करने वालो के खिलाफ कानून का डंडा चलवाने से पीछे नहीं रहते क्या यही प्रजातंत्र है। सचमुच अंग्रेज तो चले गए लेकिन कुछ लोगो को अपनी सोच दे गए। अधिकार मांगने पर दंड के भागीदार बनोगे बताते चले कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाया गया सरकार आपके द्वार में दिए गए आवेदनों में जमीन संबंधित निष्पादन मामले और आरटीआई एक्ट के तहत सूचना उपलब्ध नहीं कराने को लेकर ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो व ग्रामीणों द्वारा प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्सन करने के मामले में बाघमारा अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने बाघमारा थाना में लिखित शिकायत देकर धरनार्थियों पर करवाई का मांग किया है। वही थाना प्रभारी चिरंजीत प्रसाद ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कही मामले को लेकर ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक सह आरटीआई कार्यकर्ता जगत महतो ने बताया कि ग्रामीणों के म्यूटेशन, ऑनलाइन रशीद काटने, ऑनलाइन सुधार, जमीन संबंधी ऑनलाइन प्रविष्टीकरण, जमीन विवाद में मापी आदि के लंबित मामलों को लेकर अंचल कार्यालय में आरटीआई आवेदन दिया गया था। आरटीआई एक्ट के तहत निर्धारित समय पर अंचल कार्यालय द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराने पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समीप धरना दिया जा रहा है। जब तक सूचना नहीं मिलेगा तब तक धरना अनिश्चितकालीन जारी रहेगा।




### जमीन की ऑनलाइन प्रविष्टि के लिए आवेदन दिया था पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी : शिवकुमार

धरने में बैठे लौहपिट्टी के शिवकुमार महतो ने बताया कि उन्होंने डेढ़ वर्ष पहले आपकी सरकार आपके द्वार योजना में जमीन का ऑनलाइन प्रविष्टीकरण के लिए आवेदन दिया था लेकिन अब तक उनका आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

### जमीन की ऑनलाइन रसीद कटवाने के लिए आवेदन दिये थे जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है : विकास

हरिना बस्ती निवासी विकास रजवार ने कहा कि वर्ष 2022 में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में अपने जमीन का ऑनलाइन रसीद कटवाने के लिए आवेदन दिए थे जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। जमीन का नया पुराना खतियान भी है। इन्फॉर्मेशन भी है। पंजी-2 में भी चढ़ा हुआ है। 2012-13 तक ऑफलाइन रसीद भी कटा हुआ है। उसके बावजूद भी मेरा जमीन का ऑनलाइन रशीद निर्गत नही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीओ से कई बार मिलने का कोशिश किये लेकिन सीओ का सुरक्षाकर्मी (सिक्योरिटी गार्ड) सीओ से मिलने नहीं देता है। इसके अलावा अन्य कई पंचायत के दर्जनों महिला पुरुष भी अपनी अलग-अलग शिकायतों को लेकर धरने में पहुंचे थे।

# बच्चा सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति : पूर्णिमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को झरिया के पूर्व विधायक और झारखंड सरकार में पूर्व नगर विकास मंत्री बच्चा सिंह के देहावसन पर श्रद्धांजलि-सभा आयोजित की गयी। इस अवसर पर जननेता व समाजसेवक बच्चा सिंह को याद करते हुए वर्तमान विधायक झरिया ने कहा कि जिन्होंने झरिया ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के मजदूर, किसान, आदिवासी व गरीब बहनों और भाइयों की सेवा में स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा उनका निधन मेरे लिए एक व्यक्तिगत क्षति है, क्योंकि उन्होंने ही राजनीति में मेरा मार्गदर्शन किया। उनका प्यार, अभिभावकत्व और स्नेह ने ही मेरे लिए प्रेरणा पुंज की तरह काम किया है। उनकी कार्य-शैली ने मुझे जनता की आवाज बुलंद करने को प्रेरित किया। उन्होंने मुझे यह सिखाया कि कैसे गरीबों और कमजोरों की आवाज उठाकर उनके अधिकारों के लिए लड़ना है और उन्हें न्याय दिलाना है। झारखंड राज्य की स्थापना और विकास के लिए बच्चा सिंह के समर्पण और उनकी विरासत पर उन्होंने कहा कि बच्चा सिंह का जीवन एक मिसाल था। मैं उनकी परंपरा को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उनकी अनुपस्थिति को किसी और माध्यम से नहीं बल्कि जनसेवा और जन-अधिकार की बात करके ही की जा सकती है। बच्चा सिंह जनता की समस्या को अपनी समस्या समझकर उसका निवारण करते थे।

उन्होंने कहा मैंने हमेशा से बच्चा सिंह के दिखाए हुए रास्ते पर चलने का प्रयास किया है और आगे भी उन्हीं रास्तों पर चलकर झरिया के लोगों की सेवा करती रहूंगी। मौके पर पूर्व उपमहापौर एकलव्य सिंह और अभिषेक सिंह के साथ समस्त सिंह परिवार मौजूद थे।



# प्रेस क्लब की कार्यकारिणी ने ली शपथ

आजाद सिपाही सवांददाता

**धनबाद।** धनबाद प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आइआइटी आइएसएस के गोल्डन जुबली हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर धनबाद के प्रभारी जिला और सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन राकेश रोशन, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 शंकर कांति ने नई कार्यकारिणी को पत्रकारिता के उच्चतम मानकों और पत्रकारिता की अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान धनबाद के वरिष्ठ पत्रकार बनखंडी मिश्रा, सत्यभूषण सिंह, रंजन झा, अरुण तिवारी, जयदेव गुप्ता, सुबोध बिहारी कर्ण, अशोक वर्मा, सुभाष मिश्रा, संजय मिश्रा, अजय सिन्हा, बिनय शंकर झा, पंकज सिन्हा, अशोक झा, उमेश तिवारी, ब्रह्मा चौधरी तथा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए चुनाव पदाधिकारी बिजय पाठक एवं अभय कुमार भट्ट को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पत्रकार दीपक अंबष्ट, पत्रकार ज्ञान वर्धन मिश्रा, पत्रकार जीवेश रंजन सिंह, पत्रकार डॉ चंदन शर्मा, अशोक कुमार, अमित सिन्हा, गणेश मिश्रा, राकेश पाठक, राकेश सिन्हा तथा प्रभाकर को भी सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव झा ने पत्रकार कल्याण कोष का गठन करने की घोषणा की। घोषणा होते ही ज्ञान वर्धन मिश्रा ने अपनी एक महीने की पेंशन राशि, गणेश मिश्रा ने एक महीने की सैलरी, राकेश पाठक ने 99 फाउंडेशन की ओर से 51000 रूपये, बिनय शंकर झा ने सिटी लाइफ की ओर से 21000 रुपये तथा धीरेंद्र राय ने 25000 रुपये कोष में देने की घोषणा की। समारोह में उपस्थित रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने नयी कमेटी को शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि झारखंड के सभी जिलों के पत्रकारों को एकजुट होना होगा। इसके लिए एक बड़ा प्लेटफार्म तैयार किया जायेगा। कहा कि कोई पत्रकार छोटा या बड़ा नहीं होता। सभी पत्रकारों को समान दृष्टि से देखना चाहिए और उन्हें सम्मान देना चाहिए। उन्होंने नये पत्रकारों को अनुभवी पत्रकारों से कुछ सीखने की सलाह दी। समारोह में रांची प्लेस क्लब के महासचिव अमर कांत, धनबाद प्रेस क्लब के वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, महासचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, अमर प्रसाद, बलवंत कुमार, सुरेंद्र यादव, शरद चंद्र पांडेय, सचिव मोहन कुमार गोप, संजय चौरसिया, नवीन राय, राममूर्ति पाठक, चंदन पाल, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा के अलावा कार्यकारिणी के सदस्य विक्की प्रसाद, शांभवी सिंह, रोशन कुमार सिन्हा, विपिन कुमार रजक, गोपाल प्रसाद, शिल्पा सिंह व कन्हैया कुमार पांडेय के अलावा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार मौजूद थे।



# जल जमाव की स्थिति देखने पहुंचे विधायक राज सिन्हा



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धैया स्थित रानी बांध तालाब के सामने से मंडल बस्ती की ओर जाने वाले रोड पर जल जमाव की बदतर स्थिति से परेशान मंडल बस्ती के लोगों के साथ प्रभावित स्थल पर पहुंच कर विधायक राज सिन्हा ने स्थिति का जायजा लिया। मौके पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, उप नगर आयुक्त प्रकाश कुमार और आरसीडी के कार्यपालक अभियंता को प्रभावित क्षेत्र पर एकत्रित कर समस्या को परमानेंट खत्म करने पर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई और समस्या को पूर्णतः समाप्त करने पर पक्की योजना बनाने को कहा। समस्या को जल्द दूर करने के लिए सुबह से लगातार संबंधित विभागों से बातचीत का दौर जारी हैं। इसी क्रम में आइएसएम के डिप्टी डायरेक्टर से बात कर सरायढेला स्थित आइएसएम के मुख्य द्वार से मंडल बस्ती होते हुए रानी बांध धैया की ओर जाने वाले रास्ते का जीर्णोद्धार, स्ट्रीट लाइट व रास्ते में बढ़ गये झाड़-झंखाड़ को जल्द से जल्द साफ करवाने को कहा। कुछ ही घंटों में आइएसएम द्वारा साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया। नगर निगम के उप नगर आयुक्त से बात कर तत्काल पंप लगाकर जमे हुए बरसात के पानी को बाहर निकलने की लिए कहा, कुछ ही देर बाद नगर निगम के द्वारा भी 2 पम्प लगाकर पानी निकलने का मौके पर सैकड़ो ग्रामीण भी उपस्थितथे।

# निरसा में नहीं थम रहा अवैध कोयले का काला कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** निरसा अनुमंडल में कोयले का अवैध साम्राज्य कायम हो गया है। निरसा, मुगमा, पंचैत, कालूबथान, चिरकुंडा में लगातार कोयले का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है, इसका मास्टरमाइंड यादव सारे काम को मैनेज कर अंजाम देने में लगा है। पुलिस, टास्कफोर्स, सीआइएसएफ का नहीं रह गया है कोई खोफ, जानकारों की माने तो तेतुलियां स्थित भठ्ठो में ट्रकों द्वारा अवैध कोयले को पहुंचाया जा रहा है। तथा बॉर्डर से बंगाल रातों-रात गाड़ियों को भेजा जा रहा है। आपको बताते चलें कि निरसा में पिछले साल भी कई जगह अवैध माइंस धड़ल्ले से चलाई जा रहे थे, जिसमें एक बड़ा हादसा भी घटित हुआ था, जिसमें कई लोग मारे गये थे। इस पर रांची की टीम भी घटनास्थल पर जांच करने के लिए पहुंची थी, उस समय मुख्यमंत्री का भी सख्त आदेश था कि अवैध माइंस को जल्द से जल्द बंद किया जाए। लेकिन उन सभी को दरकिनार करते हुए इस वर्ष भी बिना रोक-टोक निरसा में धड़ल्ले से जारी है अवैध कोयले का कारोबार। चिरकुंडा थाना क्षेत्र बना कोयला चोरी का सेफ जोन, थाना क्षेत्र के डुमरकुंडा, डुमरीजोड़, बूटबाड़ी मे कोयला चोरो ने एक रिफैक्ट्री मे कोयला भंडारण कर सेफ गेम खेल रहे हैं। वहीं इस सिंडीकेट को एस ओसाल, अमन, धीरज, सन्नी, शाहरुख, पश्चिम बंगाल का बंटी, आदिल सहित बंगाल और झारखंड की नामचीन कोयला चोर संयुक्त रूप से चला रहे हैं। और पुलिस प्रशासन इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुये है।



## राजकमल स्कूल में लगी पुलिस की पाठशाला

# बच्चों को पढ़ाया गया सफलता का पाठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जन जागरुकता अभियान के तहत धनबाद पुलिस की अनोखी मुहिम पुलिस की पाठशाला लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत बैंक मोड़ थाना अनंगर्त राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में धनबाद पुलिस विभाग की तरफ से जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के तहत राजकमल स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, महिला और बाल सुरक्षा, नशे से बचाव और घरेलु हिंसा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन मौजूद रहे। अभियान के तहत पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों ने राजकमल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें कानून के विभिन्न पहलुओं से जागरुक कराया। एसएसपी महोदय हृदीप पी जनार्दनन ने शिविर को संबोधित करते हुए समाज को सुरक्षित बनाने के लिए छात्रों से जागरुक रहने की अपील की और देश में लागू हुए तीन नये कानूनों की जानकारी भी दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि धनबाद पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर हमेशा ही गंभीर रही है। यही वजह है कि पुलिस की हर मुहिम को समाज के हर वर्ग का निरंतर सहयोग मिलता रहा है और ऐसे में अगर विद्यार्थी अपने अधिकार और कर्तव्यों को लेकर सजग रहेंगे तो काफी हद तक समाज से बुराईयों को खत्म किया जा सकता है। एसएसपी महोदय ने कहा कि सफलता की शुरूआत अनुशासन से ही होती है लिहाजा छात्रों को एक बेहतर नागरिक की मिसाल पेश करनी होगी तभी जीवन के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अपने संबोधन में वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि पुलिस के द्वारा किए जा रहे सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों से छात्र- छात्राओं को जोड़ दिया जाए तो इसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। छात्र-छात्राओं को जिस तरह की शिक्षा दी जायेगी उनका भविष्य निर्माण भी उसी प्रकार होगा। यही वजह है कि साइबर अपराध के शिकार होने से बचाव, नशे से दूरी, यातायात नियमों की जानकारी समेत आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए धनबाद पुलिस ने विशेष पहल करते हुए पुलिस की पाठशाला अभियान के लिए स्कूलों और कॉलेजों को चुना है। एसएसपी महोदय ने बच्चों से पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद व सेहत की तंदरुस्ती पर भी ध्यान देने को कहा' अपने छात्र जीवन के निजी अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने असफलताओं से डटकर मुकाबला करने की सलाह दी। एसएसपी महोदय ने वहां मौजूद छात्र-छात्राओं को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि कभी भी किसी तरह की समस्या पर वे सीधे पुलिस से डायल 112 के जरिए संपर्क कर सकते हैं, पुलिस की टीम ससमय मदद को पहुंचेगी। साइबर अपराध के शिकार होने पर उन्होंने 1930 डायल कर शिकायत दर्ज कराने को कहा कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संदीप गुप्ता ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे को देखते हुए अपने संबोधन में कहा कि इंटरनेट व मोबाइल द्वारा दिए हुए किसी भी लालच में न आएं और कोई भी अनजान वेबसाइट व अन्य लिंक पर क्लिक न करें। उन्होंने मोबाइल व इंटरनेट के अनावश्यक इस्तेमाल से बचने की अपील करते हुए बच्चों को यथासंभव मोबाइल के कम उपयोग की बात कही' उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि सभी बच्चे अपने सोशल मीडिया ऐप को सुरक्षित रखें और पासवर्ड समय समय पर बदलते रहें। पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, डीएसपी मुख्यालय संदीप गुप्ता, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद सिंह, बैंक मोड़ थाना प्रभारी लव कुमार, राजकमल के प्रिंसिपल एस के मिश्रा समेत कई शिक्षक और सैकड़ो की संख्या में स्कूल के बच्चे मौजूद थे।






# ग्रामीणों ने दिया धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोयाबाद रेलवे साइडिंग में हो रही समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। वहां रह रहे ग्रामीणों द्वारा बार-बार प्रबंधन के खिलाफ शिकायत के बावजूद ध्यान नहीं देने पर ग्रामीणों ने नारेबाजी कर अपना रोष जाहिर किया। इस मोर्चे के अध्यक्ष और संयोजक ने बताया कि 10 दिन पूर्व रेलवे प्रबंधक को पत्र दिया गया था, और इसके पूर्व भी हमारे द्वारा नियंत्रित पत्र के माध्यम से डीआरएम आगरा से यहां की समस्याओं से अवगत कराया गया परंतु प्रबंधक ग्रामीणों को नजर अंदाज करते हुए, अपने कार्य को प्राइवेट ठेकेदारों के द्वारा मनमाने तरीके से करने का जो षड्यंत्र रच रही है, इसके खिलाफ ग्रामीणों में काफी रोष दिख रहा है। अगर प्रबंधन जल्द से जल्द ग्रामीणों की मांगों पर अमल नहीं करती है तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जवाब देही प्रबंधन की होगी। इस मौके पर पूनम प्रसाद, गायत्री देवी, जोशना देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी, उषा देवी, गीत देवी, किरण खातून, मुन्नी देवी, प्रीति देवी, विजय यादव, विशाल चौधरी, अविनाश कुमार, सुबोध यादव, जितन बाउरी, आकाश बाउरी, महताब कुरेशी, राजा खान, मनोज प्रजापति मौजूद थे।

# मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड का रक्तदान शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड के तत्वाधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन कैलाश हॉस्पिटल, बरटांड में किया गया। जिसमें कुल 36 यूनिट रक्तसंग्रह एसएनएमसीएच की टीम द्वारा किया गया और उसे हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में दिया गया। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, सचिव अरविंद सतनालिका, पूर्व अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक कुलदीप अग्रवाल, डॉ आशीष बजाज, डॉ नेहा बजाज और हॉस्पिटल प्रबंधन का अहम योगदान रहा। मौके पर महेंद्र अग्रवाल, दीपक रुइया, उत्तम बुकानिया, दीपक गुप्ता, रोहित गुप्ता, विनय अग्रवाल, राजेश रिटोलिया, प्रवीण अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, शेखर शर्मा, अमन बुकानिया, विवेक रूंगटा, मोहन अग्रवाल, अजय गर्ग, ललित झुनझुनवाला, आरबी गोयल, संजय मोर, अमित अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जोराफाटक रोड स्थित छोटा गुरुद्वारा में समाजसेवी हरेंद्र सिंह ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉक्टरों की एक टीम ने समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट फॉर्म भर कर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच की। दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया। समाजसेवी हरेंद्र सिंह ने इस शिविर के सफल आयोजन के लिए गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, डॉक्टरों की टीम और वहां उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त कर भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर समुदाय की सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया।

# आयुष फाउंडेशन धनबाद का ड्राइंग कांपीटिशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सरायढेला स्थित श्री जगन्नाथ हॉस्पिटल में आयुष फाउंडेशन धनबाद द्वारा भव्य ड्राइंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के लगभग 120 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनको उनकी उम्र के अनुसार अलग-अलग वर्गों में विभाजित किया गया था, जिससे सभी को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सका। प्रतियोगिता के निर्णायक अनन्या दत्ता और मुकेश कुमार ने बच्चों की कला का मूल्यांकन किया। सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सृजन अकादमी की ओर से प्रमाण पत्र और आयुष फाउंडेशन की ओर से ट्रॉफी प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त, सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी वितरित किए गये। श्री जगन्नाथ हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर एनएम दास ने आयुष फाउंडेशन धनबाद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हॉस्पिटल भविष्य में भी संस्था का सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित उपाध्यक्ष गणेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में सचिव अर्पिता अग्रवाल, उपाध्यक्ष गणेश शर्मा, उपसचिव कुमार प्रशांत, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, हीना दास, ममता सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा और हॉस्पिटल के स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित थे।



# मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से फोन पर बात की

- ओडिशा को आलू की आपूर्ति सामान्य करने का किया अनुरोध
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कार्रवाई करने का वादा किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से टेलीफोन पर बात की और आलू आपूर्ति की समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में आपसे चर्चा के बाद ओडिशा को आलू की आपूर्ति सामान्य हो गयी, लेकिन कुछ दिनों बाद आलू की सप्लाई में दिक्कत आने लगती है। इसलिए मुख्यमंत्री माझी ने इस पर ध्यान देने और समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस दिशा में उचित कदम उठाने का वादा किया।

# बांग्लादेश संकट के बाद ओड़िशा सरकार की नजर फेरीवालों पर



कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन।



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य में घुसपैठियों की पहचान की जायेगी। बांग्लादेश संकट के बाद राज्य सरकार फेरीवालों की निगरानी कर रही है। ओडिशा में विभिन्न कार्यों में लगे मजदूरों और फेरीवालों की जल्द ही पहचान की जायेगी। जिनके पास पहचान पत्र नहीं हैं, उन्हें घर वापस भेज दिया जायेगा। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने यह जानकारी दी। उनमें से कुछ जो अलग-अलग समय पर उनका अनुसरण करने के एकमात्र इरादे से आये हैं, वे फेरीवालों के रूप में कार्य कर रहे हैं। इन अवैध अप्रवासियों की पहचान कर उन्हें उनके देश वापस भेजा जायेगा।

# लक्ष्मण सिंह ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनवार, गिरिडीह।** पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह रविवार को धनवार प्रखंड गादी पंचायत के कई गांवों का दौरा कर लोगों से मिले। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। आदर्श ग्राम गादी टोला पहाड़िया पड में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का लोकार्पण कर अंधेरे में जी रहे लोगों के बीच समर्पित किया। बता दें कि यहां पिछले कई सप्ताह पूर्व लगा हुआ ट्रांसफार्मर जल गया था, जिससे यहां के लोग अंधेरे में जीने को विवश थे। बच्चों को पढ़ाई और किसानों को सिंचाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने लक्ष्मण प्रसाद सिंह को दी। उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से बात कर वहां जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदलने का आग्रह किया। इसके बाद रविवार को ही वहां नया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया।

मौके पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि धनवार विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जलने पर अक्सर लोग उनसे संपर्क करते हैं और वे तत्काल पहल करते हुए विभागीय पदाधिकारियों से बात कर उनकी समस्या का समाधान भी करवाते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई भी समस्या हो तो मुझे बेझिझक फोन कर सकते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान के लिए वे सदैव तत्पर खड़े हैं।

मौके पर नकुल राय, अजीत भोक्ता, परमानंद राय, उपेंद्र राय, श्रीकांत पांडे, लालजीत राय, प्रवीण राय, महेश राय, संतोष पंडित, नारायण साव, तुलसी पंडित, प्रसादी तुर्री समेत दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

# पांडियन हेलीकॉप्टर की जांच की जायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** पांडियन हेलीकॉप्टर की जांच की जायेगी। एक सचिव को हेलीकॉप्टर में घूमने की इजाजत किसने दी? हेलीपैड के निर्माण का आदेश किसने दिया? यह खर्च कैसे किया गया, यह जांच का विषय होगा। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि जांच की जायेगी और सजा दी जायेगी। उनके हेलीपैड का ऑर्डर सरकार ने दिया था और हेलीपैड सरकारी खर्चे पर बनाया गया था। पांडियन ने लगभग 400 से 450 स्थानों की यात्रा की है। हेलीपैड के निर्माण में सरकारी खजाने से हुए खर्च की जांच करायी जायेगी। निर्देश किसने और कैसे दिये? विभागीय सचिव जिनके पास हेलीकाप्टर व्यवहार करना प्रावधान नहीं है, सरकार ने अनुमति कैसे दे दी, हेलीकॉप्टर को उतारने की प्रक्रियायें पूरी की गयी, इन सभी की जांच की जायेगी। मंत्री ने कहा कि इसकी जांच की जायेगी और कार्रवाई की जायेगी।

# कमिश्नरेट पुलिस ने 'सुरक्षित शहर अभियान' तेज किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** कमिश्नरेट पुलिस ने नशे में गाड़ी चलाने पर नजर रखने और दुर्घटनाओं के साथ-साथ मौतों पर अंकुश लगाने के लिए ओडिशा की राजधानी में 'सुरक्षित शहर अभियान' तेज कर दिया है।

पुलिस आयुक्त संजीव पांडा और डीसीपी प्रतीक सिंह की प्रत्यक्ष निगरानी में, भुवनेश्वर के पुलिस स्टेशनों, अर्थात नयापल्ली, इंफोसिटी, मैत्रीबिहार, सीएस पुर, नांदनकना ट्रैफिक पीएस के द्वारा प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

इस अभियान की योजना पुलिस उपायुक्त प्रतीक सिंह डीसीपी के नेतृत्व में सावधानीपूर्वक बनायी गयी और उसे क्रियांवित किया गया। बीबीएसआर यूपीडी ने बल की 5 प्लाटून का उपयोग करके भुवनेश्वर में दर्जनों संवेदनशील बिंदुओं को निशाना बनाया।

अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में कुल 86 वाहन जब्त किये गये। बीबीएसआर-ट्रैफिक पुलिस स्टेशन-क और ट्रैफिक पुलिस स्टेशन-क्क ने 53 वाहन जब्त किये, जिनमें 13 दोपहिया और 40 चार पहिया वाहन शामिल हैं।

इस अभियान में टाटा हैरियर, हुंडई वरना, किआ सेल्टोस, टाटा नेक्सन, किआ सोनेट, हुंडई ऑरा, हुंडई क्रेटा, मारुति ग्रैंड विटारा, स्कॉर्पियो, ब्रीजा आदि वाहन जब्त किये गये हैं। कमिश्नरेट पुलिस यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और उल्लंघनकर्ताओं को रोकने के लिए इस तरह के अभियान जारी रखेगी।

# ढेंकनाल हाइवे पर केमिकल से लदे ट्रक में लगी आग



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ढेंकनाल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-55 पर आनंद नगर के पास रविवार सुबह केमिकल ले जा रहे एक ट्रक में आग लग गयी। आशंका जतायी जा रही है कि आग लगने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट है। ट्रक ओडिशा के पारादीप से मुंबई आ रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई जा रहे केमिकल से भरे ट्रक में डीजल टैंक के पास अचानक आग लग गयी। स्थानीय लोगों और दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझायी। ट्रक का चालक भागने में सफल रहा।




# मवेशी माफिया ने पुलिस पर चलायी गोलियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** क्योंझर पुलिस पर मवेशी माफियाओं ने की फायरिंग। क्योंझर पंडापड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस और मवेशी माफियाओं के बीच झड़प हो गयी। बदमाशों ने मवेशी गाड़ी रोकने के दौरान फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक मवेशी माफिया गंभीर रूप से घायल हो गया है। मवेशियों से लदे 3 पिकअप ट्रक को जब्त कर लिया गया। वहीं बताया गया है कि घटना में शामिल दो आरोपी फरार हो गयी। पुलिस घटना की जांच जारी रखे हुए है।

# बलांगीर में महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पंचायत कार्यकारी अधिकारी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** बलांगीर जिले के सैंतला ब्लॉक में पंचायत कार्यालय के अंदर एक महिला के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पंचायत कार्यकारी अधिकारी (पीईओ) को शनिवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पीईओ की पहचान अक्षय कुमार मोहंती के रूप में हुई है। वह सैंतला ब्लॉक के डेंगा पंचायत में तैनात हैं। पीड़िता के पति ने पंचायत कार्यालय में हुई घटना के संबंध में पीईओ के खिलाफ सैंतला थाने में शिकायत दर्ज करायी है।

बाद में पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद आरोपी पीईओ को गिरफ्तार कर लिया। सीसीटीवी फुटेज में व्यक्ति महिला के साथ दुर्व्यवहार करता नजर आ रहा है और पूरी घटना कैमरे में कैद हो गयी है।

टिटलागढ़ एसडीपीओ अंकिता कुंभार ने बताया कि पीईओ के खिलाफ उनके चैंबर में एक महिला के साथ बदसलूकी करने की शिकायत दर्ज करायी गयी थी। इसके आधार पर हमने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।







# गंजम के जंगल से मानव खोपड़ी और हड्डियां बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** गंजम जिले के पद्मपुर पंचायत के अंतर्गत निकटवर्ती जंगल में रविवार सुबह ब्रुंदबनपुर गांव के निवासियों ने एक मानव खोपड़ी और कुछ हड्डियां देखीं।

ग्रामीण किसी काम से जंगल में गए थे, तभी उन्होंने जंगल में मानव खोपड़ी और हड्डियां देखीं और तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस वैज्ञानिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आगे की तलाशी में मानव खोपड़ी और हड्डियों के साथ-साथ उन्हें एक साइकिल भी मिली और बाद में सभी वस्तुओं को जब्त कर लिया और जांच के लिए फोरेंसिक विभाग भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि वैज्ञानिक टीम और एफएमटी जांच के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि यह हत्या है या आत्महत्या।




# ओडिशा के बासुदेवपुर से 6 संदिग्ध बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** संदिग्ध अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये बासुदेवपुर के ग्रामीणों ने रविवार को हाई स्कूल छक के निकट छह व्यक्तियों को बांग्लादेशी नागरिक के रूप में पकड़ लिया।

रिपोर्ट के अनुसार, कुछ स्थानीय लोगों ने बासुदेवपुर बाजार क्षेत्र में एक ऑटो में छह लोगों को देखा और संदेह होने पर उनसे पूछताछ की। वे लोग अपनी पहचान और पते के बारे में संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बासुदेवपुर पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस बाजार क्षेत्र में पहुंची और आगे की पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में ले लिया। ओडिशा पुलिस ने बताया कि भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल और ओडिशा मरीन पुलिस द्वारा तटीय क्षेत्र में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य की 480 किलोमीटर लंबी तटीय रेखा तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में है।

ओडिशा के सात जिलों में कुल 3,740 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान की गई है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि इनमें से 1,649 केंद्रपाड़ा में 1,112 जगतसिंहपुर में और 655 मलकानगिरी में हैं।







| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**